आइए गर्व के साथ मतदान करें
मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




वैशाख कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 03 मई 2024, वर्ष-25, अंक-90, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 74,611.11 ▲ +128.33
डॉलर 83.385 ▼ -0.027

**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 67,150
चांदी (1 किलो) 86,500

**आज के मैच**



समय : 03 मई, 7:30 बजे से
स्थान : मुंबई

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# आज पीएम की चाईबासा में सभा, रांची में रोड शो

## दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शनिवार को पलामू और लोहरदगा में करेंगे जनसभा

## रोड शो को लेकर प्रशासन की व्यापक तैयारी, सुरक्षा में 1500 जवान तैनात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन मई (शुक्रवार) को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री तीन मई को चाईबासा में सिंहभूम से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा, केंद्रीय मंत्री व खूंटी से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और जमशेदपुर से भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद शाम चार बजे रांची में उनका भव्य रोड शो होगा। मालूम हो कि चाईबासा सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में ही है वहीं यह जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से बिलकुल सटा हुआ है। वहीं खूंटी लोकसभा क्षेत्र का सरायकेला-खरसावां भी चाईबासा के निकट है। प्रधानमंत्री शुक्रवार की शाम चाईबासा से रांची आएंगे। बिरसा मुंडा हवाई अड्डा से राजभवन जाने के दौरान प्रधानमंत्री का रोड शो होगा। दूसरे दिन 4 मई (शनिवार) को प्रधानमंत्री पलामू और लोहरदगा जाएंगे। सबसे पहले पलामू में वह भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे वहां से लौटते हुए 12:45 बजे लोहरदगा लोस क्षेत्र के सिसई में में समीर उरांव के समर्थन में भी जनसभा में भाग लेंगे।



### भारत माता चौक से रातू रोड तक रोड शो

पीएम के रोड शो को लेकर जिला प्रशासन पूरी तैयारी में जुटा है। इस दौरान सुरक्षा में किसी तरह की कोई चूक ना हो, इसके लिए रांची पुलिस ने सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया है। पीएम का रोड शो जिस रास्ते से गुजरेगा वहां सड़क के दोनों ओर पांच से छह फुट का स्थान छोड़ बैरिकेडिंग की जा रही है ताकि उस स्थान में पीएम को देखने वाले खड़ा हो सकें। इस दौरान सड़क पर लगने वाले ठेला-खोमचे वालों को गुरुवार से ही गलियों में भेज दिया गया है। रोड शो के दौरान पीएम की सुरक्षा में जिला पुलिस और केंद्रीय बल के करीब 1500 जवान तैनात रहेंगे। बताया गया कि बिरसा मुंडा राजपथ पर हिनू चौक, बिरसा चौक, डीपीएस चौक, अरगोड़ा चौक, भाजपा प्रदेश कार्यालय, हरमू चौक, सहजानंद चौक, कार्तिक उरांव चौक पर लोग पीएम का स्वागत हजारों की संख्या में कतारबद्ध होकर करेंगे। वहीं भारत माता चौक से बाल्मिकी नगर, किशोरगंज चौक, गाड़ी खाना चौक, मारवाड़ी भवन गौशाला, गिरधर प्लाजा, रातू रोड चौक तक पीएम जी रोड शो करेंगे।

### पुलिस अधिकारियों ने की बैठक

प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर गुरुवार को जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने विस्थापित भवन धुर्वा में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में रांची आईजी अखिलेश झा, आईजी पंकज कंबोज, डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन सिन्हा, एसटीएफ एसपी प्रियदर्शी आलोक और एटीएस ऋषभ झा समेत कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शहजादे को पीएम बनाने के लिए पाक उतावला

## यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है

## पाकिस्तान-कांग्रेस पार्टनरशिप पूरी तरह एक्सपोज हो गई है

**एजेंसी। आणंद**

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण से पहले गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर आक्रमक दिखे। उन्होंने पाकिस्तान का जिक्र करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तंज कसा। कहा, पाकिस्तानी नेता कांग्रेस के लिए दुआ कर रहे हैं और शहजादे को भारत का प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। दरअसल, पीटीआई प्रमुख इमरान खान के करीबी और पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने एक्स पर राहुल गांधी का समर्थन करते हुए एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें राहुल गांधी अयोध्या में हुए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का जिक्र कर मोदी और भाजपा पर निशाना साध रहे हैं। फवाद चौधरी ने इस वीडियो को एक्स पर रिपोस्ट करते हुए लिखा, 'राहुल ऑन फायर'। पाकिस्तानी नेता फवाद चौधरी के इसी पोस्ट को लेकर पीएम मोदी ने गुजरात के आणंद में राहुल गांधी को निशाने पर लिया। कहा, संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। सूक्ष्मदर्शी यंत्र लेकर भी कांग्रेस को ढूढंना मुश्किल हो रहा है। लेकिन मजे की बात ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। वहां के नेता कांग्रेस के लिए दुआ कर रहे हैं।



शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है, कांग्रेस तो पहले से पाकिस्तान की मुरीद है ही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और कांग्रेस की ये पार्टनरशिप अब पूरी तरह एक्सपोज हो गई है। देश के दुश्मनों को आज भारत में मजबूत सरकार नहीं, कमजोर सरकार चाहिए। देश के दुश्मनों को 2014 से पहले की सरकार चाहिए। पीएम मोदी ने आगे कहा, जितने साल हमारे देश में कांग्रेस सरकार रही, बड़ा हउआ था पाकिस्तान का। पाकिस्तान के आतंक का टायर पंचर हो गया है। जो देश कभी आतंकी एक्सपोर्ट करता था वो आटे के इम्पोर्ट के लिए दर-दर भटक रहा है। जिसके हाथ में कभी बम गोला था उसके हाथ में आज भीख का कटोरा है। कांग्रेस की कमजोर सरकार आतंक के आकाओं को डोजियर देती थी। हम डोजियर पर अपना टाइम खराब नहीं करते, आतंकियों को घर में घुसकर मारते हैं।

**हेलीकॉप्टर पार्किंग मामला**

## तीसरी बार भाजपा प्रतिनिधिमंडल पहुंचा चुनाव आयोग

**रांची।** सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल आज तीसरी बार हेलिकॉप्टर पार्किंग मामले में चुनाव आयोग पहुंचकर झामुमो के खेलगांव में हेलीकॉप्टर की पार्किंग को लेकर जांच रिपोर्ट की मांग की। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की झामुमो ने जिस तरह खेलगाव को हेलीकॉप्टर को पार्किंग बनाया है उसको लेकर 26 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद फिर 30 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई। इसके बावजूद आयोग से जब कोई रिपोर्ट या करवाई नहीं की गयी तो आज भाजपा फिर तीसरी बार चुनाव आयोग पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई। ज्ञापन सौंपने पर मुख्य चुनाव पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा की मामले की जांच करके दिल्ली मुख्य चुनाव आयोग को भेजी गयी है दिशा निर्देश के लिए। यह भारत वर्ष में पहला मामला है और इस बारे में चुनाव पुस्तिका में स्पष्ट प्रावधान भी नहीं है।

# तीर-धनुष का बटन दबा तानशाही ताकतों को दें जवाब : कल्पना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गांडेय से झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन लगातार क्षेत्र का दौरा कर जनसंपर्क अभियान में जुटी हैं। गुरुवार को उन्होंने कहा कि झारखंड के वीर पुरखों और वीरांगनाओं के संघर्ष और शहादत से हमारे जल, जंगल, जमीन और अधिकारों की रक्षा हुई है। अपना हक-अधिकार लड़कर कैसा लेना है, यह हमारे पूर्वजों ने हमें सिखाया है। गांडेय विधानसभा की जनता से आग्रह है कि 20 मई को होने वाले उपचुनाव में तीर-धनुष पर बटन दबाकर तानशाही ताकतों को मुंह तोड़ जवाब देना है। हर जगह कल्पना सोरेन ने कार्यकर्ताओं के बीच झारखण्ड झुकेगा नहीं, इंडिया रुकेगा नहीं का नारा भी दे रही है।

## सनातन धर्म के सम्मान के लिए भाजपा को चुनें : पुष्कर धामी



रांची मोरहाबादी मैदान में संजय सेठ के नामांकन में शामिल होने आने वाले कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विकसित भारत के लिए, मजबूत नेतृत्व के लिए, भ्रष्टाचार के अंत के लिए और सनातन धर्म के सम्मान के लिए भाजपा को चुनें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का गैंग तुष्टीकरण का जहर घोल रही है। यह आपका अधिकार छीनकर एक विशेष समुदाय को देना चाहती है। हमें भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद की सोच को सत्ता में आने से रोकना है। धामी ने कहा कि केन्द्र में 10 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का गौरव पूरे विश्व में बढ़ाया है। मोदी की कई योजनाएं गारंटी के रूप में जनता तक पहुंच रही हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने का सौभाग्य भी नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में हुआ। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा विकास के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ ने किया नामांकन



कोडरमा लोकसभा सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गुरुवार को कोडरमा के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के समक्ष तीन सेट में नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, कोडरमा विधायक डॉक्टर नीरा यादव, जमुआ विधायक केदार हाजरा, पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, भाजपा नेता मुकेश जालान, संदीप डंगाईच समेत कई भाजपा नेता दोनों प्रत्याशियों के साथ मौजूद थे। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**गांडेय से भाजपा के दिलीप वर्मा ने भी पर्चा दाखिल किया**

# बाइक पर सवार थे 5, कार से टकराए, 4 की मौके पर ही मौत



## होमगार्ड, उनकी पत्नी और दो बच्चों की मौत एक की हालत नाजुक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की राजधानी रांची में कार-बाइक की टक्कर में होमगार्ड जवान पंकज कुमार, उसकी पत्नी और दो बच्चों की मौत हो गई। हादसे में घायल इस परिवार के आखिरी चिराग की हालत नाजुक है। यह हादसा बुधवार रात खलारी थानान्तर्गत भेलवाटांड़ में हुआ है। सड़क हादसे में हताहत इस परिवार के पांचों सदस्य बाइक पर थे। खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने इसकी पुष्टि की है। डीएसपी चौधरी ने बताया कि पंकज चतरा जिले में तैनात थे। हादसे में पंकज, उसकी पत्नी गुड़िया देवी, पुत्र राजदीप और बेटी सलोनी की मौत हो गई। इस हादसे में उनके पुत्र दीपराज का इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में चल रहा है। जवान के घायल बेटे की स्थिति भी बेहद खराब है। पंकज कुमार चतरा के टंडवा सीडीपीओ के यहां ड्यूटी पर तैनात थे। बुधवार देरात टंडवा से ही रांची लौट रहे थे।

# हाईकोर्ट हेमंत सोरेन की क्रिमिनल रिट पर आज सुनाएगा फैसला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाएगा। हाई कोर्ट ने 28 फरवरी को सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। हेमंत सोरेन का कहना था कि उनके खिलाफ जो मामला दर्ज किया गया है, वह मनी लॉन्ड्रिंग का नहीं है, जिस जमीन की बात ईडी कह रहा है वह जमीन उनके नाम कभी रहा ही नहीं। आदेश सुरक्षित रखने के बाद फैसला नहीं सुनाए जाने के खिलाफ हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की है। एससी ने इस पर ईडी से जवाब मांगा है।

### पीएमएलए कोर्ट ने पूर्व सीएम हेमंत की न्यायिक हिरासत और 14 दिनों के लिए बढ़ाई



बड़गाई अंचल की जमीन घोटाले मामले के आरोपित जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, निलंबित उप राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हुई। गुरुवार को कोर्ट ने तीनों की न्यायिक हिरासत की अवधि 16 मई तक के लिए बढ़ा दी है। इस प्रकार उन्हें कम से कम 14 दिनों तक और जेल में रहना होगा। मामले में अगली पेशी 16 मई को होगी। मामले को लेकर ईडी ने ईसीआईआर 6/2023 दर्ज किया है।

**आजकल**




## झारखंड की सलीमा टेटे भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बनीं



**नई दिल्ली।** 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा गुरुवार को कर दी गई। टीम की कमान झारखंड की सलीमा टेटे को सौंपी गई है। मिडफील्डर नवनीत कौर को उनका डिप्टी बनाया गया है। यह टीम एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में भाग लेगी। बेल्जियम चरण 22 मई से शुरू होकर 26 मई को समाप्त होगा, जबकि इंग्लैंड चरण 1 जून से शुरू होकर 9 जून को समाप्त होगा।

# अमित शाह फेक वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस के सामने पेश नहीं हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

## 'एक्स' ने झारखंड कांग्रेस के अकाउंट पर लगाई रोक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस लगातार एक्शन मोड में है। इसी कड़ी में दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को दिल्ली तलब किया था जिस पर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी है। राजेश ठाकुर ने कहा कि वह अभी दिल्ली नहीं जा रहे हैं। उन्होंने दिल्ली पुलिस से पूछा है कि आखिर 16 लोगों को नोटिस क्यों भेजा गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि चुनाव में व्यस्त हूं, इसलिए फिलहाल नहीं आ सकता, दिल्ली पुलिस को पत्र के माध्यम से जवाब भेजा जाएगा। दरअसल, कहा जा रहा है कि झारखंड कांग्रेस के सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' स



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण का एडिटेड फर्जी वीडियो अपलोड किया गया है। इस मामले के बाद 'एक्स' ने झारखंड कांग्रेस के अकाउंट पर रोक लगा दी है। दिल्ली पुलिस ने झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को सीआरपीसी की धारा 160/91 के तहत समन भेजकर 2 मई को दिल्ली पुलिस के समक्ष पेश होने को कहा था। इस दौरान उन्हें अपना मोबाइल, लैपटॉप, टैबलेट या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को साथ लाने को कहा गया था, जिसका इस्तेमाल फर्जी वीडियो शेयर करने में किया गया हो सकता है।

**इंडिया**

# भारी कुव्यवस्था को तकनीक से दूर कर सकते हैं सरकारी अस्पताल



सुनील बादल

**सबसे** बड़े सरकारी और निजी अस्पतालों में अंतर सिर्फ चमक दमक का नहीं होता। अधिकांश सरकारी अस्पताल अनपढ़ से लेकर ऐसे लोगों तक का इलाज करते हैं जो पहली बार शहर आते हैं और डॉक्टर भी निजी अस्पतालों से कम जानकार नहीं होते पर दोनों के कामकाज में स्पष्ट अंतर होता है-कुव्यवस्था, कुप्रबंधन और अनुशासनहीनता का। बड़े सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा कर्मी से लेकर व्यवस्था संभालने और सफाई व्यवस्था तक को भ्रष्टाचार और अहंकार मुक्त करने के लिए निजी पेशेवर लोगों को संचालन दिया जाए तो सही अर्थों में जनता जनार्दन की सेवा होगी और करदाताओं के पैसों का सदुपयोग भी। राजधानी रांची के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स से लेकर लगभग सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भारी भीड़ और गंदगी के बीच कुप्रबंधन से जूझते हुए ग्रामीण और जनजातीय समुदाय के असहाय लोग मिल जाते हैं जो महंगे निजी अस्पतालों में अपना इलाज नहीं करा सकते। आयुष्मान कार्ड पर पांच लाख तक के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था है पर ज्यादातर लोग वहां डर से नहीं जाते। जबकि सरकारी अस्पतालों में फर्श पर लेटे हुए मरीज या परिजन और निःशुल्क उपलब्ध दवाओं या सुविधाओं के लिए कर्मचारियों या नर्सों के आगे रिरियाते लोगों का मानना होता है कि इस बार जान बच जाए तो दुबारा यहां न आएं। जबकि दूसरी ओर इन अस्पतालों में सबसे अच्छा इलाज होता है क्योंकि डॉक्टर जानकार और अनुभवी होते हैं। रांची के आरएमसीएच के नाम से जाने जाने वाले मेडिकल कॉलेज को उत्क्रमित कर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में विकसित किया गया और इसे एम्स दिल्ली की तरह बताया गया। आज



हजारों लाखों लोगों का इलाज रिम्स में होता है और बहुत से लाचार गरीब और असहाय लोगों की जान की रक्षा रिम्स में होती है लेकिन दूसरी तरफ जो मध्यम वर्गीय या निम्न मध्यम वर्गीय मरीज वहां पर इलाज के लिए जाते हैं वहां की भारी अव्यवस्था, कुप्रबंधन और पुराने तौर तरीकों से इतने परेशान होते हैं कि कई बार घर जमीन बंधक रखकर निजी अस्पताल चले जाते हैं। इस समस्या के मूल कारण पर अगर विचार करें तो हम पाएंगे की रांची के जो बड़े निजी अस्पताल है या देश के निजी अस्पताल है उन्होंने उन कमियों को दूर किया जिससे गंदगी अव्यवस्था और कुप्रबंधन होता है उन्होंने पारंपरिक सरकारी कर्मियों के स्थान पर युवाओं को और महिलाओं को नियुक्त किया जो उसे सुप्रशिक्षित और सहनशील होते हैं। उनकी सुविधा के लिए बड़े पैमाने पर प्रशिक्षित निजी सुरक्षा गार्ड्स की बहाली प्रायः सभी निजी अस्पतालों में होती है जो अस्पताल पहुंचने वाले मरीज से लेकर उनके परिजन को न सिर्फ गाइड करते हैं बल्कि उनकी सुख सुविधाओं का भी ध्यान रखते हैं। यह संख्या हजारों में नहीं गिनती को होती है जो अस्पताल में रजिस्ट्रेशन से लेकर रिपोर्ट तक या इलाज से संबंधित सारी जानकारी तत्परता से देते हैं जिससे भीड़ भी नहीं लगती और इलाज में परेशानी कम होती है। रांची में एक सरकारी क्षेत्र का ही बड़ा अस्पताल एचइसी था जिसे पीपीपी मोड में पारस के साथ समझौते के आधार पर एक बहुत ही सुव्यवस्थित निजी अस्पताल की तरह विकसित किया गया जिसमें लगभग विश्व स्तरीय व्यवस्था प्रबंधन और इलाज हो रहा है रिम्स जैसे सरकारी अस्पतालों को सुधारने में इसी तरह की की बहाली और प्रबंधन की आवश्यकता आज के दिन जान पड़ती है जो कम पढ़े-लिखे या अशिक्षित गरीब ग्रामीण या जनजातीय समुदाय के लोगों को न सिर्फ गाइड करेंगे बल्कि उनकी परेशानियों को लगभग लगभग दूर कर पाएंगे जबकि रिम्स में इसके ठीक उल्टा होता है। सुरक्षाकर्मी बाहरी दलालों के साथ मिलकर उन्हें उल्टा सीधा समझा कर जांच के नाम पर ठगी या आर्थिक शोषण करते हैं। ट्रॉली तक उन्हें उपलब्ध कराने में पैसे देने पड़ते हैं कई बार मरीज खुद ट्रॉली धकेल कर ले जाते हैं। कई लिफ्ट खराब है सफाई व्यवस्था बिल्कुल चौपट स्थिति में है इन सारी समस्याओं का समाधान रिम्स जैसे सभी बड़े सरकारी अस्पतालों को भी पीपीपी मोड में निजी हाथों को देना उचित जान पड़ता है। रही बात सरकारी चिकित्सकों की निश्चित रूप से उनकी सेवाएं बची रहे और अनेक जो डॉक्टर है वह बहुत ही सेवा भाव से काम करते हैं उनकी जानकारी पर भी संदेह नहीं किया जा सकता लेकिन उन्हें एक अच्छा माहौल देने के लिए गैर चिकित्सीय और सहयोगी स्टाफ को निजी क्षेत्र से ही लिया जाना चाहिए ना की नौकरी देने के नाम पर जनता की गाड़ी कमाई के पैसे बर्बाद कर गंदगी को व्यवस्था और परेशानी खड़ी करनी चाहिए सरकार को इस दिशा में कड़ी पहल करनी चाहिए अन्यथा एक दिन ऐसा होगा जब मामला न्यायालय तक जाएगा और वहां से कड़े निर्देश देने के बाद यही कार्य किया जाएगा। जनता की गाढ़ी कमाई से चलने वाले ये मेडिकल अस्पताल बहाली से लेकर संचालन में भ्रष्टाचार और गैर पेशेवर रवैए के कारण भी इस दुर्दशा के शिकार हैं।

# सीबीआई पर केंद्र का कोई नियंत्रण नहीं है : केंद्र

### केंद्र कर रहा सीबीआई, ईडी का दुरुपयोग : विपक्ष

**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस बीआर गवई व जस्टिस संदीप मेहता की बेंच में प.बंगाल सरकार की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार वकील तुषार मेहता ने कहा कि सीबीआई पर केंद्र का कोई नियंत्रण नहीं है। बंगाल सरकार की तरफ से कई मामलों में जांच सीबीआई को दिये जाने के विरूद्ध दायर याचिका को लेकर केंद्र सरकार ने यह बात कही है। पश्चिम बंगाल सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की है कि सीबीआई ने कई मामलों में जांच के लिए राज्य सरकार से इजाजत नहीं ली है। बंगाल सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर किया। इसमें आरोप लगाया गया है कि सीबीआई एफआईआर दर्ज कर रही है और अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है। ऐसा उस समय हो रहा है, जब राज्य ने अपने अधिकार क्षेत्र में संघीय एजेंसी को मामले की जांच के लिए दी गई आम सहमति वापस ले ली है। अनुच्छेद 131 केंद्र और एक या ज्यादा राज्यों के बीच विवाद में सर्वोच्च न्यायालय के मूल अधिकार क्षेत्र से जुड़ा है। केंद्र सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच को बताया कि संविधान का अनुच्छेद 131 संविधान के सबसे पवित्र क्षेत्राधिकार में से एक है और इसके प्रावधानों का गलत इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। मेहता ने कहा कि राज्य सरकार के मुकदमे में जिस मामले के बारे में बताया गया है, वह भारत सरकार ने दायर नहीं किया है। तुषार मेहता ने आगे कहा कि केंद्र ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### रेलवे मेंस यूनियन कार्यालय मुरी में मजदूर दिवस मनाया गया

**सिल्ली/ मुरी।** रेलवे बाजार स्थित रेलवे मेंस यूनियन कार्यालय शाखा मुरी में बुधवार के दिन सुबह 8 बजे मई दिवस के उपलक्ष में हर्षो उल्लास के साथ मजदूर दिवस मनाया गया। इसी क्रम में शाखा कार्यालय के प्रांगण में लाल झंडा का झंडों तोलन किया गया साथ ही साथ शहीद बेदी पर शाखा सचिव गुरुपद महतो ने माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया एवं लेनिन के चित्र पर भी उपस्थित रेलकर्मियों ने पुष्पांजलि अर्पित किया। मौजूद रेल कर्मियों ने लाल झंडे को सलामी देते हुए नारे लगाए की दुनिया के मजदूर एक हो, लाल झंडा करे पुकार, इंकलाब जिंदाबाद, शिकागो के मजदूर के वीर शहीदों को लाल सलाम, मजदूर एकता जिंदाबाद। इस मौके पर कांता राव, ए के नाथ, अजय साहू, अरुण कुमार महतो, सुभाष महतो, हेमंत मुंडा, वीरेंद्र नाथ महतो, विनोद महतो, आर पी श्रीवास्तव, रसराज महतो, खुर्शीद आलम, नवीन कुमार, विश्वनाथ सिंह समेत दर्जनों रेलकर्मी मौजूद रहे।

### मजदूर दिवस पर चतुर्थवर्गीय कर्मियों के सम्मान के लिए कार्यक्रम का आयोजन

**मांडर।** विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर होटल प्रबंधन संस्थान रांची में कार्यरत हाउसकीपिंग कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी एवं सभी चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के संस्थान के प्रति अथक एवम उत्कृष्ट कार्यसमर्पण के लिए सम्मान का आयोजन किया गया। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य वर्षभर संस्थान के कार्यों में चतुर्थवर्गिय कर्मियों के कार्यों को सम्मान देने के लिए था। इस समरोह की शुरूवात पासिंग द पार्सल तथा रन विद ग्लास प्रतियोगिता से की गयी तथा विजेता कर्मियों को पुरष्कृत भी किया गया। तत्पश्चात संस्थान में बनाए गए केक काटा गया तथा संस्थान के शेफ तथा छात्रों द्वारा पकाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों को संस्थान के रेस्टोरेंट पाही मोखना में सभी कर्मियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। संस्थान द्वारा आयोजित इस भावपूर्ण आयोजन के दौरान सभी कर्मी भावुक हो गए। संस्थान के प्राचार्य डॉ. भुपेश कुमार ने विश्व श्रमिक दिवस की बधाई देते हुए बताया कि किसी भी संस्था के विकास में चतुर्थवर्गीय कर्मचारीयों का अहम भूमिका होती है।

### भारती ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूचन में मजदूर दिवस मनाया गया

**मांडर।** प्रखंड स्थित भारती ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूचन में कार्यरत सभी श्रमिको को महाविद्यालय परिवार की ओर से महाविद्यालय के सचिव नितिन पराशर तथा दीपाली पराशर के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। दीपाली पराशर ने कहा कि श्रमिक ही अर्थ व्यवस्था की रीढ़ है। इसके बिना विकास की बात नहीं कर सकते। महाविद्यालय के डीन उपेन्द्र उपराप्याय ने कहा कि मजदूर दिवस एक विशेष अवसर है जब दुनिया भर में लोग मजदूर वर्ग की सच्ची भावना और मजदूर आन्दोलन को मनाते है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने श्रमिको के ऐतिहासिक आन्दोलन की चर्चा करते हुए कहा कि मजदूरो के कार्य को सम्मान से देखने की जरूरत है।

### रिक्शा चालक मजदूर की लाठी डंडे से पीटकर हत्या

**बेड़ो।** नरकोपी थाना क्षेत्र के बेयासी जंगल में एक रिक्शा चालक मजदूर की लाठी डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई थी। नरकोपी पुलिस ने मृतक का शव एक मई को बरामद किया था। लेकिन शव की पहचान नहीं हुई थी। शव का पंचनामा कर लापुंग के थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। बाद में मृतक की विवाहिता बेटी मखमंदरो निवासी सुनीता उराईन ने उसकी पहचान अपने पिता 65 वर्षीय सोमरा उरांव पिता स्वर्गीय लोथे उरांव ग्राम कठचांचों थाना मांडर जिला रांची के रुप में की। नरकोपी पुलिस ने सुनीता के फर्दबयान के आधार पर नरकोपी थाना में मामला दर्ज किया। सुनीता ने बताया कि उसके पिता अपने घर पर अकेले रहते थे। उनकी मां नहीं है और भाई मजदूरी करने बाहर चला गया है। सुनीता को यह समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर उसके पिता को किसने मार डाला। उसकी कैसे हत्या हुई किस हथियार का उपयोग किया गया। संभावना जताया जा रहा है कि लाठी डंडे से मारकर ही उसकी हत्या कर दी गई है।

**सुरक्षा को लेकर आठ आईपीएस, 30 डीएसपी, इंस्पेक्टर- सब-इंस्पेक्टर रैंक के 200 अधिकारी तैनात**

# प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर हुआ फुल कारकेड रिहर्सल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** प्रधानमंत्री के झारखंड के दो दिवसीय आगमन को लेकर राजधानी रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। प्रधानमंत्री एयरपोर्ट से राजभवन जाने के दौरान रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान की तैनाती रहेगी। सुरक्षा को लेकर आठ आईपीएस, 30 डीएसपी, इंस्पेक्टर- सब-इंस्पेक्टर रैंक के 200 अधिकारी और 1500 जवान तैनात किये गये है। जवानों में राज्य पुलिस और केंद्रीय रिर्जव पुलिस बल की भी तैनाती की गयी है। पूरी सुरक्षा के वरीय प्रभार में पुलिस मुख्यालय की ओर से आईजी पंकज कंबोज को जिम्मेदारी दी गयी है। सुरक्षा को लेकर गुरुवार को एयरपोर्ट से लेकर राजभवन और राजभवन से लेकर एयरपोर्ट तक का फुल कारकेड रिहर्सल किया गया। इसके अलावा धुर्वा स्थित विस्थापित भवन में विधि-व्यवस्था की ड्यूटी के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों को वरिय अधिकारियों ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में रांची आईजी अखिलेश झा, आईजी पंकज कंबोज, डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन सिन्हा, एसटीएफ एसपी प्रियदर्शी आलोक और एटीएस ऋषभ झा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता सहित कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर एसपीजी की टीम भी रांची पहुंची है। एसपीजी टीम प्रधानमंत्री के निर्धारित मार्ग और सुरक्षा की पूरी जानकारी तैनात अधिकारियों से ली।

### पीएम के दौरे को लेकर शहर में नो ड्रोन जोन घोषित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय झारखंड दौरे पर शुक्रवार को रांची आ रहे हैं। इसी कड़ी में तीन और चार मई को रांची में प्रस्तावित कार्यक्रम में झारखंड आगमन एवं भ्रमण तथा राजभवन ने रात्रि विश्राम शामिल है। जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा को लेकर रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन क्षेत्र में नो ड्रोन जोन घोषित किया गया है। सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने गुरुवार को जारी आदेश में ड्रोन रूल 2021 और डिजिटल स्काई पोर्टल केडी के तहत रांची में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया है। इसके तहत बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हिनू चौक से बिरसा चौक से अरगोड़ा चौक से हरमू चौक से सहजानंद चौक से किशोरगंज चौक से न्यू मार्केट चौक से एलपीएन-शाहदेव चौक (हॉट लिप्स चौक) से राजभवन के 500 मीटर की परिधि को ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और गर्म हवा के गुब्बारे को उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### एक भाई भाजपा तो एक भाई कांग्रेस में हैं, दोनों जनता को बेवकूफ बना रहे : एनोस

**खूंटी।** झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि आप कांग्रेस के हाथ छाप या भाजपा के कमल फूल छाप किसी को भी वोट दीजिएगा, वह भाजपा और आरएसएस को ही जाएगा। एक्का गुरुवार को तोरपा में अपने चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद उपस्थित कार्यकताओं और समर्थकों को संबोधित कर रहे थे। भाजपा और कांग्रेस भाई-भाई हैं, एक भाई भाजपा तो एक भाई कांग्रेस में है । दोनों खूंटी की जनता को बेवकूफ बना रहे हैं।
उन्होंने कहा खूंटी में विगत 45 साल तक भाजपा का शासन रहा, लेकिन कुछ विकास नहीं हुआ। बेरोजगारी, महगाई, भ्रष्टाचार बढ़ गया। उन्होंने कहा कि कॉग्रेस पार्टी ने अल्पसंख्यक की भावनाओं से खिलवाड़ किया। यहां से मिशनरी उम्मीदवार नहीं दिया। उन्होंने कहा की झारखंड पार्टी चुनाव जीतेगी, तो महागठबंधन को समर्थन देगी, लेकिन कालीचरण चुनाव जीतेंगे, तो भाजपा में चले जायेंगे।

### विपक्ष के पास विकास की कोई योजना नहीं, उनका लक्ष्य सिर्फ मोदी को हटाना : अर्जुन मुंडा

**नवीन मेल खूंटी**

खूंटी सीट से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को खूंटी विधानसभा के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की पिछले 10 साल की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल बाद लोगों के घरों में हमारी सरकार की योजना के माध्यम से पानी पहुंच रहा है। ये पहली बार हुआ है कि लोगों के घरों तक स्वच्छ जल पहुंच रहा है। किसानों को सम्मान निधि राशि दी जा रही है। मुंडा ने कहा कि हमारी सरकार ने युवाओं और महिलाओं को मजबूत बनाने का काम किया है। आज स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाएं सशक्त हो रही हैं। पिछलें 10 वर्षों में हमारे प्रयासों से एक करोड़ बहनें लखपति दीदी बनी हैं। अब मोदी ने गारंटी दी है कि अगले पांच वर्षों में तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया




जाएगा। अर्जुन मुंडा ने कहा कि हर गरीब की चिंता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को है। कोरोना काल में प्रारंभ हुई गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत आज भी लोगों को मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि विपक्षी यह नहीं बता पा रहे हैं कि वो लोग देश के लोगों का भला कैसे करेंगे, लेकिन उन्हें हमारे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी को सिर्फ सत्ता से हटाना है। वे 60 वर्षों तक शासन में रहे, लेकिन देश का भला नहीं हो पाया और अब वे देश की भलाई की बात करते हैं। हमारी सरकार ने स्वास्थ्य को लेकर, रोजगार को लेकर, महिला सशक्ततीरण को लेकर काम किया है, लेकिन ये लोग बोलते हैं कि भाजपा वाले संविधान बदल देंगे।

### गरीबों की मदद करने से मन को शांति और आत्मसंतुष्टि मिलती है : राजकमल गोप

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के घघारी बाबा धाम में रामकृष्ण मिशन आश्रम दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र मोरहाबादी के तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकमल गोप ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गरीबों पिछड़ों तथा दलितों जैसे नर की सेवा ही नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि गरीबों की मदद करने से मन को शांति और आत्मसंतुष्टि मिलती है। इस मौके पर रामकृष्ण मिशन के ब्रह्मचारी राजू जी महाराज ने कहा कि नेत्र चिकित्सा जांच शिविर में मोतियाबिंद पाए गए लोगों का ऑपरेशन निरामया हॉस्पिटल कोकर रांची में निःशुल्क किया जाएगा। शिविर के दौरान नेत्र चिकित्सक ने 34 रोगियों की जांच की और दवाईयां दी। इस दौरान मोतियाबिंद के चार मरीजों की पहचान की गई। सभी का निःशुल्क आपरेशन 29 मई को निरामया हॉस्पिटल कोकर में किया जाएगा।

## इंटर में डॉ राम मनोहर लोहिया प्लस टू उच्च विद्यालय उमेडंडा का रहा शानदार रिजल्ट



◆ **33 छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, जबकि विज्ञान संख्या में तीन छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे**

**नवीन मेल संवाददाता। पिठोरिया**
डॉ राम मनोहर लोहिया प्लस टू उच्च विद्यालय उमेडंडा का इंटर की परीक्षा में रिजल्ट शानदार रहा। कला संकाय में हरप्रीत कुमार नायक ने कुल 405 अंक (81%) लाकर लड़कों तथा विज्ञान संकाय में राखी कुमारी कुल 370 अंक (74%) लाकर लड़कियों में विद्यालय की टॉपर बनी। कला संकाय में 83 छात्र प्रथम श्रेणी और 33 छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, जबकि विज्ञान संख्या में तीन छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे और तीनों प्रथम श्रेणी से रहे। गौरतलब है कि यहां सुदूर क्षेत्र के वैसे छात्र पढ़ाई करने आते हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है। ये छात्र साधन-सुविधा से वंचित हैं। वहीं, अभिभावकों का कहना है कि इस विद्यालय के नहीं रहने से उनके बच्चे पढ़ाई से वंचित रह जाते। रिजल्ट से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ अमरेंद्र कुमार ने सभी सफल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों की इस सफलता पर अभिभावकों, छात्रों और शिक्षकों के प्रति अपना आभार प्रकट किया है।

### जिला के कामगार देश के सभी राज्यों के विकास में निभा रहे अहम भूमिका : विधायक

**कुरडेग।** प्रखंड के डुमरडीह एवं केरसई प्रखंड के बाघडेगा में मजदूर दिवस सह संत जोसेफ का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कुरडेग के डुमरडीह चर्च में आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी सांस्कृतिक नाच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सभी लोगों मजदूर दिवस एवं संत जोसेफ पर्व की बधाई दी। विधायक ने कहा कि हमारे जिले के कामगारों ने देश के सभी राज्यों के विकास में अहम योगदान निभा रहे हैं और यही इस देश के लोकतंत्र की खूबसूरती है। मजदूरों का शोषण बंद होना चाहिए। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि मजदूरों को उनका हक और अधिकार मिलना चाहिए।

## राज्यपाल से डीएसपीएमयू वीसी और सहायक प्राध्यापक ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राज्यपाल-सह-कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने राज भवन में मुलाकात की। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर राज्यपाल को डॉ. शांडिल्य ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आमंत्रित किया। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल से झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक शशांक डी. कुलकर्णी ने राज भवन में भेंट की और कृषि शोध पर आधारित स्वलिखित पुस्तक राज्यपाल को भेंट की।

### तोरपा में दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति संगठन का विस्तार

खूंटी। महावीर मंदिर तोरपा प्रांगण में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद द्वारा दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति संगठन का विस्तार किया गया। इसमें सर्वसम्मति से सीमा देवी को मातृ शक्ति प्रमुख और भानुमति देवी को दुर्गा वाहिनी संयोजिका बनाया गया। मातृशक्ति सह प्रमुख देवंती देवी, रूपा देवी, सत्संग प्रमुख रिंकी देवी, सेवा प्रमुख मंजू देवी, संपर्क प्रमुख संगीता ठाकुर, कार्यक्रम प्रमुख पल्वी किरण और सह संयोजिका आरती देवी, शक्ति प्रमुख रानी देवी, विधि प्रमुख प्रीति कुमारी, संपर्क प्रमुख चांदनी कुमारी के अलावा 23 महिला सदस्यों को चुनाव किया गया। बैठक में विहिप के जिलाध्यक्ष विनोद जयसवाल, उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, प्रखंड अध्यक्ष एमपी सिंह, बजरंग दल संयोजक मोहित जयसवाल सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में इंडिया गठबंधन की बैठक का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में आयोजित इंडिया गठबंधन के संयुक्त ₹समन्वय स्थापित₹ बैठक में तमाम इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों ने एक स्वर में कहा कि इंडिया गठबंधन के रांची लोकसभा क्षेत्र के शिक्षित, युवा महिला उम्मीदवार यशस्विनी सहाय को भारी से भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया। मौके पर झामुमो सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया, झामुमो रांची जिला महिला उपाध्यक्ष मंजू देवी,कांग्रेस रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, कांग्रेस रांची जिला ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, गुहीराम महतो, प्रकाश मुंडा, श्रीप्रसाद बड़ाईक, सदानंद सोनार, रवींद्र प्रमाणिक, इत्यादि झामुमो सिल्ली प्रखंड पदाधिकारी अजीत कुमार महतो, अनिल बेदिया, संतोष साहू,दुलाल मोदक आदि मौजूद रहे।

### हमें राष्ट्रीय पार्टियों का खिलौना नहीं बनना है : बसंत लोंगा

**खूंटी।** झारखंड उलगुलान संघ के बैनर तले गुरुवार को मुंडा कुंजला गांव में पारंपरिक अगुवों तथा महिला प्रतिनिधियों की बैठक समाजसेवी रतन मुंडा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित खूंटी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी और झामुमो के पूर्व विधायक बसंत कुमार लोंगा ने कहा कि एक उंगुली की ताकत को हम झारखण्डी लोग नहीं समझ पा रहे हैं। इसी एक उंगली से दबाया हुआ बटन हम झारखंडियों की तकदीर और तस्वीर बदल सकती है। चुनाव के दौरान राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों का खिलौना नहीं बनना है, बल्कि हमें अपने हक अधिकार का खेला करना होगा। यही समय वोट के द्वारा अपनी ताकत दिखाने का सही समय है। झारखण्ड उलगुलान संघ के संयोजक अलेस्टेयर बोदरा ने कहा कि राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों के साथ-साथ कुछ धर्म अगुवा लोग आदिवासियों को भयभीत कर जमीन और जंगल के मालिकाना हक तथा अस्तित्व एवं अस्मिता के सवाल से भटकाने का प्रयास कर रहे हैं।

## मजदूर दिवस पर ग्रामीणों, महिलाओं, मजदूरों व मनरेगा मजदूरों से मिले डॉ. परमेश्वर भगत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** बुधवार को मजदूर दिवस के अवसर पर पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत मांडर और बेडो के कई गांव टंगरा टोली, कुंबा टोली, हरिल, खटंगा, जोलहा टोली, गोरखो में भ्रमण कर ग्रामीणों एवं मजदूरों से मिले साथ ही उनके समस्याओं से अवगत हुए। डॉ. परमेश्वर भगत को ग्रामीणों ने कई तरह के समस्याओं से अवगत कराया जिसमे मुख्य समस्या पेयजल, बिजली और मनरेगा के भुगतान से संबधित है। लोगो ने बताया की इस भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है और इस ओर किसी भी आधिकारी एवं जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं है। बिजली की कटौती एवं लॉ वोल्टेज से रोजमर्रा की जिन्दगी अस्त व्यस्त हो रही है साथ ही कुआ में काम करने वाले मजदूरों का मनरेगा का भुगतान नही आने से मजदूरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। डॉ परमेश्वर भगत ने लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए विभिन्न तकनीकी और प्रावधानिक पहलूओं पर विचार किया एवं डॉ. भगत ने समस्या को संज्ञान में लेकर उचित समाधान निकालने का आश्वासन दिया। डॉ परमेश्वर भगत के इस पहल से ग्रामीणों, मजदूरों और महिलाओं में आत्मविश्वास और उम्मीद बढ़ा। मौके पर डॉ. नाफर अली, मुन्ना उरांव, बंदे टोप्पो, कर्मा उरांव, जकारिस्य बड़ा, उत्तम मिंज, रितेस खलखो, प्रकाश मिंज, रोलैंड इक्का, राजेश सिंह, देवनिस इक्का, पवन सिंह, पंकज सिंह, फ्रांसिस टोप्पो, आशु देवी, नईमा खातून, सुखमणि टोप्पो एवं अन्य लोग उपस्थित हुए।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
सूचना
Heat Wave से बचाव के लिए औद्योगिक क्षेत्रों/प्रतिष्ठानों/खनन क्षेत्रों/शहरी क्षेत्रों/पुल निर्माण/सड़क निर्माण/भवन निर्माण/नहर निर्माण/ईंट भट्टा/क्रसर एवं मनरेगा अन्तर्गत कार्यरत श्रमिकों का कार्य स्थलों पर नियोजकों द्वारा निम्न सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना है:–
1. कार्य स्थल पर शीतल पेयजल के लिए प्याऊ की सुविधा उपलब्ध कराना।
2. औद्योगिक क्षेत्र/खनन क्षेत्र/नगरीय क्षेत्र के श्रमिकों के लिए आश्रय स्थलों पर शुद्ध पेयजल, छांछ First Aid Kit with Ice Pack के साथ पर्याप्त मात्रा में ORS की व्यवस्था कराना।
3. Peak Hour में कठिन कार्य के समय को सुविधानुसार परिवर्तित कराने के संबंध में दिशा–निर्देश निर्गत करना।
4. बाहरी गतिविधियों में आराम के समय एवं उनकी आवृत्ति में अभिवृद्धि कराना।
5. उच्च ताप वाले क्षेत्रों में हल्के कार्यों को कम समय के लिए दिया जाना।
6. गर्भवती महिलाओं एवं Medical Condition वाले श्रमिकों को अत्यधिक ध्यान दिये जाने के संबंध में दिश–निर्देश निर्गत करना।
7. श्रमिकों को Heat Wave Alert की सूचना समय–समय पर मुहैया कराना।
8. उद्योग/वाणिज्यिक संस्थानों में Heat Wave से संबंधित बीमारियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना।
9. स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य कैंप लगवाना।
साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार के Do's & Don'ts for Heat wave का भी अनुपालन किया जाना है।
PR No. 324325 (Labour Employment and Traning) 2024-25

### एफजेसीसीआई की कैपिटल मार्केट फाइनेंस उप समिति की हुई बैठक

# रांची में पुनः कार्यालय खोलने के लिए सेबी को भेजा जाएगा पत्र

*रांची में सेबी कार्यालय के बंद होने से हो रही कठिनाईयों पर हुई चर्चा*

*कैपिटल मार्केट से जुड़े विषय पर टॉक-शो का किया जाएगा आयोजन*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की कैपिटल मार्केट फाइनेंस उप समिति की बैठक गुरुवार को चैंबर भवन में हुई। बैठक के दौरान इस व्यापार में संलग्न डिस्ट्रीब्यूटर्स को सशक्त बनाने की आवश्यकता महसूस की गई। कहा गया कि म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, इंश्योरेंस एजेंट्स, कैपिटल मार्केट के ब्रोकर या सब ब्रोकर के लोगों का एक संगठित एसोसिएशन बनना चाहिए। कैपिटल मार्केट फाइनेंस उप समिति के चेयरमैन विकास सहाय ने कहा कि इस कार्य में लगभग 4000 से अधिक लोग जुड़े हुए हैं। उन सभी के एक प्लेटफॉर्म पर संगठित होने से व्यापार को मजबूती मिलेगी और निवेशकों को भी लाभ होगा। रांची में सेबी कार्यालय के बंद होने से हो रही कठिनाइयों पर भी चर्चा की गई। कहा गया कि पूर्व में रांची के कलेक्ट्रिएट में सेबी कार्यालय खोला गया था, जो अब बंद है। रांची में पुनः सेबी कार्यालय खोलने के कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया के प्रस्ताव पर सेबी और वित्त मंत्रालय को पत्राचार करने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में कैपिटल मार्केट में कमीशन का स्ट्रक्चर यूनिफॉर्म नहीं होने के कारण होने वाली परेशानियों पर भी चर्चा की गई और इसे व्यावहारिक बनाने की आवश्यकता महसूस की गई। चर्चा के क्रम में उप समिति द्वारा बीएसई, एनएसई और एनएसडीएल के चेयरमैन को चैंबर भवन में आमंत्रित कर, सम्मानित करने पर भी सहमति बनाई गई। एफजेसीसीआई के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि वर्तमान में बीएसई के चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल रामगढ़ के निवासी हैं तथा वे हमारे बीच के हैं। बैठक में यह भी कहा गया कि व्यापारियों के बीच कैपिटल मार्केट की समझ और जागरूकता होनी जरूरी है। कैपिटल मार्केट की पूरी जानकारी होने पर व्यापार में ग्रोथ भी संभव है। यह निर्णय लिया गया कि विशेषकर चैंबर सदस्यों के लिए उप समिति द्वारा एक नियमित अंतराल पर कैपिटल मार्केट से जुड़े विषय पर टॉक-शो का आयोजन किया जाएगा। बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, प्रवीण लोहिया, कैपिटल मार्केट फाइनेंस उप समिति के चेयरमैन विकास सहाय, सदस्य कुमार प्रशांत गुप्ता और आरएन द्विवेदी उपस्थित थे।

## संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन का रक्तदान शिविर 5 मई को

**रांची।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन आगामी 5 मई को सुबह 8:30 बजे से दिन में 2:00 बजे तक अरगोड़ा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन मे रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा। साथ ही, संत निरंकारी सत्संग भवन, बुद्ध विहार अरगोड़ा में सत्संग सभा का भी आयोजन किया गया है। ज्ञात हो प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को पूरे विश्व में संत निरंकारी फाउंडेशन रक्तदान शिविर का आयोजन करता है। इस बार रांची में रक्तदान शिविर 5 मई को लगेगा। संत निरंकारी मिशन ने लोगों से अपील की है कि इस कार्य में सभी बढ़-चढ़कर अपना योगदान दें, क्योंकि रक्तदान महादान है और इससे बड़ा कोई दान नहीं।

## झारखंड ऑफ्थल्मोलॉजिकल सोसायटी का 21वां वार्षिक सम्मेलन आज

**रांची।** कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल, पुरुलिया रोड, रांची में झारखंड ऑफ्थैल्मोलॉजिकल सोसाइटी के 21वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान डेफर्ड लाइव सर्जरी सत्र का आयोजन शुक्रवार को होगा। ऑल इंडिया ऑफ्थैल्मोलॉजिकल सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ समर बसाक भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे और वह इस अवसर के मुख्य अतिथि होंगे। इस सम्मेलन में देश भर से प्रतिष्ठित नेत्र रोग विशेषज्ञ शामिल होंगे।

बताया गया कि डेफर्ड (स्थगित) लाइव सर्जरी शुक्रवार (03 मई) को सुबह 11:00 बजे कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल, पुरुलिया रोड, रांची में निर्धारित है। झारखंड ऑफ्थल्मोलॉजिकल सोसायटी के 21वें वार्षिक सम्मेलन का आयोजन कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल में शुक्रवार को शाम 04:00 बजे से होगा। कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के प्रबंधन ने बताया कि यह वार्षिक सम्मेलन झारखंड के दूर-दराज के इलाकों में काम करने वाले नेत्र रोग विशेषज्ञों के लिए अपने ज्ञान को बढ़ाने एवं नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में आई नवीनतम तकनीकों के बारे में ज्ञानवर्धन के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### गंभीर स्थिति के मरीजों के परिजनों को कहते हैं रिम्स के कुछ डॉक्टर, बाहर इलाज कराना बेहतर होगा

# रिम्स से पहुंचे निजी अस्पताल, बेचनी पड़ी जमीन

*आठ लाख से ज्यादा खर्च के बाद भी मरीज उदय रजक की स्थिति गंभीर*

*अधीक्षक ने कहा, रिम्स छोड़ने से पहले प्रबंधन से चर्चा करनी चाहिए*

**अमित कुमार। रांची**

जब निजी अस्पतालों में मरीज की जान बचानी मुश्किल हो जाती है, तो डॉक्टर मरीज को राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स ले जाने की सलाह देते है। रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) इसी के लिए जाना जाता रहा है कि गंभीर स्थिति में भी मरीज की जान वहां के डॉक्टरों ने बचाई है। लेकिन, अब हालात बदले-बदले से लगते हैं। रिम्स में अब देखा जाता है कि मरीज की स्थिति गंभीर है, तो डॉक्टर बाहर के निजी अस्पताल में इलाज कराने की सलाह देते हैं। ऐसा मरीज के परिजन बताते हैं। जब रिम्स के चिकित्सकों द्वारा मरीज के परिजन को बाहर इलाज कराने की सलाह दी जाती है, तो वे घबरा कर मरीज को लेकर निजी अस्पताल में चले जाते हैं। और, वहां जाने के बाद महंगे इलाज के चक्कर में फंस जाते है। रिम्स में सबसे अधिक मामले दुर्घटना के आते हैं। न्यूरो विभाग में ऐसे मरीजों की भीड़ है।

### इलाज के लिए बेची जमीन, अब आठ लाख भी कम पड़ गए






चरही से इलाज के लिए रिम्स आए उदय रजक महंगे इलाज के चक्कर में फंस गए हैं। एक माह पूर्व सड़क हादसे में उनके माथे पर गंभीर चोटे आई थीं। माथे का आधा हिस्सा सूज कर फुल गया था। रिम्स में इलाज कराने पहुंचे, तो वहां के जूनियर डॉक्टर ने उनके परिजनों को बेहतर इलाज की सलाह देते हुए बाहर के निजी अस्पताल में जाने को कहा। डॉक्टर की बात से भयभीत हो कर परिजनों ने मरीज को हेल्थ प्वाइंट में भर्ती करा दिया। वहां पर मरीज के सिर का सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन में मरीज के माथे का दाहिने हिस्से की सर्जरी की गई, जिसमें एक हिस्से को निकाल कर पेट पर रख दिया गया है। अब तक इलाज में आठ लाख रुपये से अधिक खर्च हो चुका है। आगे के इलाज में पेट में रखे गए सिर के हिस्से को माथे में फिर से लगाना है। इसके लिए अतिरिक्त चार लाख रुपये खर्च होंगे।

#### बताते हैं मरीज उदय रजक के परिजन

जमीन बेच कर इलाज कराने के बाद भी पैसे कम पड़ गए हैं। परिवार और समाज के लोगों से पैसे मांग कर किसी तरह अस्पताल को पैसे चुका रहे हैं। अब कोई पैसे देने वाला भी नहीं रहा। मरीज को अस्पताल से छुट्टी कराने के लिए बकाया राशि देने के भी पैसे नहीं बचे हैं। हेल्थ प्वाइंट अस्पताल में आयुष्मान के तहत दुर्घटना वाले मरीज का इलाज नहीं होता है।

#### सड़क दुर्घटना में 1.5 लाख का मिलता है सहयोग

आयुष्मान योजना के तहत सड़क दुर्घटना से पीड़ितों को देश भर के सूचीबद्ध अस्पतालों में चिकित्सा देखभाल की बात कही गई है। उपचार की ऊपरी सीमा 1.5 लाख रुपये है, जिसमें अस्पताल में भर्ती होने के 10 दिन तक का समय निर्धारित है।

> रिम्स में हर तरह के गंभीर मामलों का सफल इलाज किया जाता है। यदि विभाग में कोई भी डॉक्टर किसी मरीज के परिजन को बाहर में इलाज कराने की सलाह देते हैं, तो इससे पूर्व परिजन को रिम्स प्रबंधन से मिल कर चर्चा करनी चाहिए। अगर मरीज उदय रजक के परिजन हम लोगों से मिले होते, तो आज उन्हें जमीन बेच कर इलाज करानी की नौबत नही आती।
>
> हिरेंद्र बिरुआ, सुप्रिटेंडेंट, रिम्स।

# एक्सआईएसएस के रिमोट सेंसिंग कोर्स में 11 तक कर सकतें हैं ऑनलाइन आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



आज के समय के नए जॉब ट्रेंड्स को ध्यान में रखकर एक्सआईएसएस, रांची ने एक वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट मैनेजमेंट (पीजीसीएम) कोर्स जियो-स्पेशियल टेक्नोलॉजी/एप्लीकेशन इन रूरल डेवलपमेंट शुरू किया है। एक्सआईएसएस प्रबंधन ने बताया कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित जिओइंफार्मेटिक्स तथा रिमोट सेंसिंग कोर्स (जीआईएस) के नामांकन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक विद्यार्थी 11 मई, 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस कोर्स को दो सेमेस्टर में बांटा गया है। इसमें 30 सीटें उपलब्ध हैं। पिछले कुछ वर्षों में जीआईएस तथा रिमोट सेंसिंग के विषय में पढ़ाई और नौकरी की मांग में बेहतरीन बढ़ोतरी हुई है। कई छात्र जीआईएस प्रशिक्षित होने के लिए काफी इच्छुक हैं, क्योंकि इस कोर्स को करने के बाद विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में नौकरी के विकल्प खुल जाते हैं। बताया गया कि जीआईएस और रिमोट सेंसिंग के छात्रों के लिए कोर्स का फीस 67,000 रुपये और कार्यरत लोगों यानि वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए फीस 80,000 रुपये निर्धारित किया गया है। जीआईएस और रिमोट सेंसिंग कोर्स में नामांकन लेने के लिए उम्मीदवार का किसी भी विषय में स्नातक के साथ 45 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। इस कोर्स में 30 सीटें उपलब्ध हैं। बैच दिन में 2:30 बजे से शाम 5.30 बजे तक संचालित होगा। इस कोर्स के माध्यम से थ्योरी तथा हर विद्यार्थी को सभी लेटेस्ट सॉफ्टवेयर और सर्वे उपकरणों का उपयोग करना सिखाया जाता है। छात्रों के लिए अलग -अलग कंप्यूटर के प्रावधान के साथ पर्याप्त लैब प्रैक्टिकल द्वारा विस्तृत जानकारी दी जाती है, ताकि कोर्स करने बाद विद्यार्थी रोजगार के उचित अवसर प्राप्त कर सकें। भारत सरकार तथा राज्य की योजनाओं के अलग-अलग क्षेत्रों में इस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।

# डब्ल्यूजेएसए पुनर्गठित, राष्ट्रीय अध्यक्ष बने आनंद कौशल

*प्रो संजय द्विवेदी को बनाया गया चेयरमैन, उदय चंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार मानद सदस्य*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची / पटना**



देश की सबसे बड़ी वेब पत्रकारों के संगठन वेब जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय से निबंधित स्वनियामक इकाई वेब जर्नलिस्ट्स स्टैंडर्ड अथॉरिटी (डब्ल्यूजेएसए) का पुनर्गठन करते हुए प्रो संजय द्विवेदी पूर्व महानिदेशक भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली और पूर्व कुलपति माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल को चेयरमैन मनोनीत किया गया है। बिहार के सेवानिवृत्त आईपीएस कथाकार, कवि एवं लेखक ध्रुव नारायण गुप्त को सेवानिवृत्त पुलिस उच्चाधिकारी मानद सदस्य और सेवानिवृत्त आईएएस ओम प्रकाश यादव को सेवानिवृत्त प्रशासनिक उच्चाधिकारी मानद सदस्य मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कौशल ने पटना में स्वनियामक इकाई डब्ल्यूजेएसए के पुनर्गठन की घोषणा की। देश के वरिष्ठ पत्रकार उदय चंद्र सिंह को वरिष्ठ पत्रकार मानद सदस्य बनाया गया है। उदय चंद्र सिंह मूलतः रांची के रहने वाले हैं। उन्होंने अपना करियर रांची से ही शुरू किया। राष्ट्रीय नवीन मेल को भी लंबे समय तक दिल्ली ब्यूरो के रूप में सेवा दे चुके हैं। पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता किंकर कुमार को मानद विधिक सदस्य की जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व की भांति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार आनंद कौशल और राष्ट्रीय महासचिव पत्रकार अधिवक्ता रंगकर्मी डॉ अमित रंजन को कार्यालयी सदस्य मनोनीत किया गया है। यह पुनर्गठन संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ माधो सिंह, डॉलीना, संजीव आहूजा, राष्ट्रीय महासचिव अमिताभ ओझा, राष्ट्रीय सचिव मधूप मणि पिक्कू, चंदन कुमार, विवेक कुमार, सूरज कुमार, संयुक्त सचिव मिथिलेश मिश्रा, शैलेंद्र झा, नलिनी भारद्वाज, चंदन राज, कोषाध्यक्ष मंजेश कुमार, सह कोषाध्यक्ष मनोकामना सिंह, कार्यालय सचिव अकबर इमाम, सह कार्यालय सचिव राम बालक राय, सह सचिव संगठन अभिषेक कुमार सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता मुरली मनोहर श्रीवास्तव, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य, बिहार प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण, उपाध्यक्ष केशव सिंह, आलोक कुमार डब्ल्यू, महासचिव अनूप नारायण सिंह, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पंकज प्रसून सहित बिहार और दिल्ली चैप्टर के सभी पदधारक और संगठन के सभी सदस्यों ने नई स्वनियामक इकाई को बधाई प्रेषित करते हुए स्वागत किया है।

# इंडिगो एयरलाइंस के वरीय अधिकारियों संग चैंबर भवन में वार्ता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंडिगो एयरलाइंस की सेवाओं में विस्तार से जुड़े बिंदुओं पर चैंबर भवन में गुरुवार को बैठक हुई, जिसमें झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी और एयरलाइंस के वरीय पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने रांची से जयपुर, रांची से बगडोगरा टू गुवाहाटी, रांची से रायपुर, गुवाहाटी, सूरत, बनारस, अमृतसर के अलावा देवघर से बेंगलुरु, मुंबई इंडिगो की सीधी फ्लाइट चलाने को जरूरी बताया। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए उन्होंने रांची से दिल्ली के लिए अर्ली मॉर्निंग डिपार्चर तथा देर रात दिल्ली से रांची फ्लाइट सेवा की उपलब्धता की बात भी कही। कहा कि इससे यात्री एक ही दिन में रांची से दिल्ली आना-जाना कर सकेंगे।




सिविल एवीएशन उप समिति के चेयरमेन डॉ अभिषेक रामाधीन एवं श्रवण राजगढ़िया ने संयुक्त रूप से हवाई किराये को संतुलित रखने की बात कही। यह कहा कि किराये को लेकर यात्रियों में हमेशा असंमजसता की स्थिति बनी रहती है। यह भी सुझाया कि कॉरपोरेट पैसेंजर्स जो बिना लगेज के सफर करते हैं, उन्हें किराए में छूट देनी चाहिए। साथ ही, गंभीर बीमारियों से ग्रसित पैसेंजर एवं दिव्यांगजनों को भी किराए में रियायत देने की पहल होनी चाहिए।

सह सचिव शैलेष अग्रवाल ने इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइटों में हाईस्पीड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने तथा रांची से दुबई, सिंगापुर, बैंकॉक के लिए इंटरनेशनल फ्लाइट स्टॉर्ट करने की बात कही। रांची लखनऊ की इंडिगो सेवा के बंद होने से हो रही परेशानी, फेयर प्राइस को कंट्रोल रखने, सावन मेला के समय रांची से बड़ा एयरक्राफ्ट चलाने तथा रांची एयरपोर्ट पर बैगेज स्क्रीनिंग के लिए इंस्टॉल्ड सिस्टम को जल्द चालू करने की मांग की। इंडिगो एयरलाइंस के वरीय अधिकारियों ने चैंबर द्वारा दिए गए सभी सुझावों पर आश्वस्त किया। बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू, सह सचिव अमित शर्मा, शैलेष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी, कार्यकारिणी सदस्य डॉ अभिषेक रामाधीन, प्रवीण लोहिया, संजय अखौरी, नवजोत अलंग, सदस्य श्रवण राजगढिया, राजीव चौधरी, अमित अग्रवाल, प्रमोद चौधरी, जेडी लूईस, दिलीप कुमार, संजीव पोद्दार, अंकिता वर्मा, कौशल मित्तल सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गर्मी को देखते हुए चैंबर भवन के पास की गई है प्याऊ की व्यवस्था



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भीषण गर्मी को देखते हुए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने चैंबर भवन के प्रवेश द्वार पर प्याऊ की व्यवस्था की है। प्याऊ की शुरुआत के मौके पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया, सदस्य विकास सहाय, कुमार प्रशांत गुप्ता और आरएन द्विवेदी आदि मौजूद थे।

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि रांची में दिनों-दिन बढ़ती गर्मी को देखते हुए चैंबर भवन के प्रवेश द्वार पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है, ताकि आने-जाने वाले राहगीरों को ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके और उन्हें थोड़ी राहत मिल सके। साथ ही, उन्होंने प्रचंड गर्मी को देखते हुए मानवता के आधार पर अन्य सभी व्यापारिक संस्थाओं एवं संस्थानों से भी अपने प्रतिष्ठान के बाहर अस्थायी प्याऊ लगाने की अपील की।

## न्यूज बॉक्स

### रांची समर्पण शाखा ने श्रमिक दिवस पर श्रमिकों के बीच किया टीशर्ट का वितरण



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों के बीच टीशर्ट का वितरण किया। ज्ञात हो कि 1 मई को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में समर्पण शाखा ने मिठाई की फैक्ट्री गणगौर वर्कशॉप में श्रमिकों के बीच करीब 35 टीशर्ट का वितरण किया। इसमें निकिता जालान ने टीशर्ट का सहयोग किया है। जनसेवा प्रभारी दिपिका मोतिका एवं संयोजिका कविता सोमानी ने कार्यक्रम को लाइनअप किया। मौके पर शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने कहा, श्रमिक दिन-रात मेहनत करते हैं, तब जाकर कोई भी बिजनेस सफल हो पाता है। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, कविता सोमानी, दीपिका मोतिका और कविता जालान उपस्थित थीं।

### गरीबों को पढ़ाई से वंचित करना चाहते हैं रांची विवि के कुलपति : अभिषेक

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्यों ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति के तानाशाही रवैया के खिलाफ राजभवन में राज्यपाल के नाम, मुख्यमंत्री सचिवालय में मुख्यमंत्री के नाम एवं झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक के नाम से ज्ञापन सौंपा। मौके पर छात्र आजसू की रांची विवि इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय द्वारा विगत 20 अप्रैल को इंटर में नामांकन संबंधित अधिसूचना जारी की गई थी। इसके तीन दिन बाद इस सूचना को रद्द कर दिया गया। जबकि, इस राज्य के लगभग सभी अन्य विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति एवं विश्वविद्यालय प्रशासन का यह तानाशाही भरा फैसला पूरे राज्य के गरीब विद्यार्थियों, खासकर पांच जिलों के गरीब छात्र-छात्राओं को प्रभावित करेगा। कहा कि रांची विश्वविद्यालय में लगभग 80 से 90 प्रतिशत छात्र-छात्राएं गरीब तबके से आते हैं, ऐसे में इन छात्र-छात्राओं के भविष्य पर तलवार लटकता दिख रहा है। मौके पर मौजूद छात्र आजसू की रांची विवि इकाई के उपाध्यक्ष आकाश नयन ने कहा की रांची विश्वविद्यालय के कुलपति के इस निर्णय से रांची समेत अन्य चार जिलों के गरीब विद्यार्थी पढ़ाई से वंचित हो जाएंगे।

### मारवाड़ी ब्राह्मण सभा का पांच दिवसीय फिजियोथेरेपी कैंप संपन्न



**रांची।** मारवाड़ी ब्राह्मण सभा रांची के सौजन्य से चलाए जा रहे पांच दिवसीय फिजियोथेरेपी कैंप का समापन हो गया। इन पांच दिनों में इस कैंप में लगभग 500 विभिन्न वर्ग और समाज के लोगों ने अपना इलाज कराया। कैंप में उदयपुर से आए डॉ एमए चैनम एवं कैलाश कुमार ने बताया कि यह थेरेपी फ्रोजन शोल्डर, कमर दर्द, घुटने का दर्द, एवं विभिन्न प्रकार के दर्द में विशेष रूप से प्रभावी है। इस अवसर पर मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा, एवं मंत्री कृष्णा लाल शर्मा ने बताया कि मारवाड़ी ब्राह्मण सभा भविष्य में फिर से इस तरह का कैंप लगाएगी, जिससे समाज के सभी लोगों को उचित उपचार मिल सके। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अरुण जोशी एवं अशोक कुमार पुरोहित, उपमंत्री प्रदीप शर्मा एवं महेंद्र कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर गोवला, आंतरिक अंकेक्षक अमित सारस्वत (काली), कार्यक्रम संयोजक नथमल शर्मा एवं सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने अपना बहुमूल्य योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### टेंपो चालकों के साथ मनाया मजदूर दिवस

**रांची।** रांची। भारतीय जनता मजदूर संघ ने टेंपो चालकों के साथ रातू दुर्गा मंडप, टेंपो स्टैंड में श्रमिक दिवस मनाया। इसमें आए हुए सभी चालक एवं मजदूरों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्जुन चौधरी ने मजदूरों की हक मे हमेशा साथ खड़े होने की बात कही। उनके लिए स्टैंड में पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी बात कही। साथ ही, उन्होंने कहा कि ग्लोबल टेंडर के माध्यम से एकीकृत व्यवस्था हो, जिससे अवैध टोकन की वसूली बंद हो सके। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्षा (महिला) रेणुका सिंह, उपाध्यक्ष बीरेंद्र त्रिवेदी, महामंत्री पीके प्रधान के साथ रांची जिला टेंपो चालक अध्यक्ष अर्जुन यादव, सुरेंद्र पांडे सहित सुनील सिंह, विजय यादव, गोपाल सिंह, सोहन साहू, ललन कुमार, मो सरफराज, मो इकराम, जुगल महतो, देव पांडे, अजय साव, अमित लोहरा, मेघनाद यादव, सुरेश पासवान, नंदकिशोर साव आदि मौजूद थे।

### रांची जिला ओपन योग प्रतियोगिता कल से

**रांची।** यूनियन क्लब व लाइब्रेरी एवं स्पोर्ट्स योगा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में रांची जिला ओपन योग प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 4 और 5 मई को होगा। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रथम दिन शनिवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ दिन में 2:00 बजे से होगा। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ यूनियन क्लब के सचिव सेतांको सेन स्पोर्ट्स योगा एसोसिएशन के सचिव सुशांत भट्ट करेंगे। इस प्रतियोगिता में लगभग 300 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिसमें विभिन्न स्कूल कॉलेज योग संस्थान के छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इसमें 5 वर्ष से 60 वर्ष से अधिक उम्र तक के प्रतिभागी भाग लेंगे। जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता 5 मई को रखी गई है, जिसमें 8 वर्ष से 18 वर्ष तक की उम्र के प्रतिभागी भाग लेंगे।

### सट्टे में हार के बाद खुद का अपहरण कराया अभिभावक से मांगे दो लाख रुपये

**रांची।** पैसे नहीं होने पर ना जाने लोग क्या-क्या कर गुजरते है। कुछ ऐसा ही हुआ जब गिरिडीह का एक युवक सट्टे में सारा पैसा गवांने के बाद खुद को ही अपहरण करने की साजिश रच अपने अभिभावकों से ही दो लाख रुपये की मांग की। यह मामला सुखदेवनगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, राहुल रविदास नाम का युवक गिरिडीह से जेपीएससी की तैयारी करने रांची आया था। लेकिन, सट्टा और शेयर बाजार के चक्कर में पड़कर उसने घर से मिले सारे पैसे खर्च कर दिए। पैसे खत्म होने के बाद युवक को कुछ समझ में नहीं आया, तो उसने खुद के ही अपहरण की कहानी रच डाली। पुलिस की पूछताछ में उसने खुद के अपहरण की साजिश की बात कबूल की है। एसएसपी चंदन सिन्हा ने अपने कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा किया है। राहुल ने 28 अप्रैल की रात अपने अपहरण की प्लानिंग की। इसके बाद उसने अपने ही मोबाइल से अपने बड़े भाई टिंकू रविदास को अपने अपहरण की जानकारी दी। साथ ही, उससे फिरौती के रूप में दो लाख रुपये की मांग की।






## भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ ने रांची लोकसभा सीट से भरा पर्चा



# राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए चुनाव लड़ रही इंडी गठबंधन : धामी

**उपेंद्र गुप्ता। रांची**

**रांची लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार व सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। नामांकन से पहले मोरहाबादी मैदान में एनडीए नेताओं ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी के बावजूद मोरहाबादी मैदान में हजारों की संख्या में भाजपा और आजसू के समर्थक जुटे। जनसभा के बाद दोपहर लगभग ढ़ाई बजे एक रैली के साथ भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, आजसू नेता सुदेश महतो,जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो और प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी के साथ नामांकन करने समाहरणालय पहुंचे। रैली के दौरान एनडीए नेताओं और समर्थकों पर जगह-जगह जेसीबी से फूलों की बारिश की गई।**

### एसटी-एससी व ओबीसी का हक विशेष वर्ग को देना चाहती है इंडी गठबंधन

जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इंडी गठबंधन पर जोरदार हमला किया। सीएम धामी ने कहा कि पूरा देश जान रहा है कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। इंडी गठबंधन सरकार बनाने के लिए चुनाव नहीं लड़ रही है,बल्कि अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहा है। इंडी गठबंधन के नेताओं का उद्देश्य सिर्फ किसी तरह परिवार को बचाना और भ्रष्टाचार को छुपाना है, लेकिन इस बार देश की जनता उन्हें तरह से उखाड़ फेंकेगी। सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड और झारखंड के बारे में कहा कि दोनों राज्यों का जन्म एक ही समय में हुआ है, इस दृष्टि से भी खास है। उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जहां समान नागरिक संहिता लागू हुआ है। हम जिस भूमि से आए हैं वो देवभूमि है, जहां से गंगोत्री निकलती है निश्चित रूप से समान नागरिक संहिता की गंगोत्री देश के अन्य राज्यों तक पहुंचेगी। झारखंड जैसे राज्य के लिए तो यह आवश्यक है। सीएम धामी ने राजधानी की जनता से अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत के लिए, मजबूत नेतृत्व के लिए, भ्रष्टाचार के अंत के लिए और सनातन धर्म के सम्मान के लिए भाजपा को चुनें और 25 को संजय सेठ को प्रचंड मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का गैंग तुष्टिकरण का जहर घोल रही है। यह आपका अधिकार छीनकर एक विशेष समुदाय को देना चाहती है। हमें भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद की सोच को सत्ता में आने से रोकना है।

### इंडी गठबंधन का बारात तैयार, लेकिन दूल्हा ही गायब : सुदेश महतो

आजसू के सुप्रीमो सुदेश महतो ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि रांची लोकसभा सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव से बेहतर परिणाम आएगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इंडी गठबंधन में बाराती पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन दूल्हा ही नहीं मिल रहा। यह तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोग हैं। सुदेश ने कहा कि यह परिपाटी चली आ रही है कि गांधी परिवार में जन्म लेने वाला ही प्रधानमंत्री बनेगा। झारखंड प्रदेश में भी ऐसा ही चल रहा है।

### लोस चुनाव के बाद कभी भी राज्य में विस चुनाव संभव

भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि जिस तरह से देश और राज्य में सभी तरफ मोदी की गारंटी की गूंज है। उससे साफ है कि लोकसभा चुनाव में देश की जनता भारी बहुमत के साथ फिर से पीएम मोदी को चुनेंगी। वहीं राज्य सरकार ने जनता के साथ वादाखिलाफी किया है, जनता के साथ धोखा किया है, उससे राज्य की जनता में भारी नाराजगी है और लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में कभी भी विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकता है।

### देशभर में एनडीए की लहर चल रही है : खीरु महतो

राज्यसभा सांसद एवं जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने कहा कि झारखंड और उत्तराखंड का निर्माण एक ही साल हुआ था। यहां से संकल्प लेकर जाएं कि संजय सेठ को जिताना है और 400 के नारे को चरितार्थ करना है। देशभर में एनडीए गठबंधन की लहर चल रहा है। इस अवसर पर रांची विधायक सीपी सिंह, समरी लाल, बालमुकुंद सहाय, पूर्व विधायक मलखान सिंह, आरती कुजूर, आरती सिंह, सीमा शर्मा, महेश पोद्दार, जितेंद्र सिंह, संजय महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### यूसीसी कानून लागू करने की घोषणा से विरोधी पार्टियों में मची खलबली : अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ का निर्माण एक वक्त पर ही हुआ था और इसका पूरा श्रेय श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को जाता है जिन्होंने क्षेत्र, संस्कृत, भाषा आदि के आधार पर वर्षों से लंबित आम लोगों की अलग राज्य की मांग के सपने को पूर्ण किया। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा एक ऐसी पार्टी थी जिसने झारखंड को ही बेचने का काम किया था। वहीं कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है की 2024 में जब भाजपा की सरकार बनेगी तो पूरे देश में यूसीसी कानून लागू कर दिया जाएगा, तब से विरोधी पार्टियों में खलबली मच गई है। वही उत्तराखंड एकमात्र ऐसा राज्य है जो वर्तमान में यूसीसी कानून को अपने राज्य में लागू कर चुका है। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव के बाद तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली पार्टी समाप्त हो जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी में जब मजदूर सुरंग में फंसे थे तो उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी कैंप कर मजदूरों को बचाने का प्रयास कर रहे थे। जबकि झारखंड की सरकार उत्तरकाशी में फंसे झारखंड के मजदूरों के लिए राशन तक नहीं भेज पाए थे। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि इस बार सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए जीत का परचम लहराएगा। इसलिए सभी लोग अपना मत का उपयोग कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें।

## मोदी के कार्यकाल में दलित और आदिवासी को हुआ बड़ा नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव की समीक्षा के क्रम में कांग्रेस मुख्यालय में अग्रणी मोर्चा संगठन की बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठनवार चुनावी अभियान,बूथों की स्थिति, बीएलए की नियुक्ति की स्थिति,गारंटी कार्ड के वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई।



राजेश ठाकुर ने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि झारखंड के प्रथम चरण का चुनाव अत्यंत नजदीक है और हमें चुनावी अभियान को और गति देने की आवश्यकता है। झारखंड में चुनावी आगाज तीन अनुसूचित जनजाति और एक अनुसूचित जाति लोकसभा क्षेत्र में मतदान से होने जा रहा है और मोदी सरकार के 10 वर्षों के शासनकाल में समाज का यही तबका सबसे ज्यादा प्रभावित रहा है।इसके सामाजिक और आर्थिक उद्यान उत्थान के लिए मोदी सरकार द्वारा एक दशक के शासनकाल में कोई उल्लेखनीय प्रयास नहीं किया गया, हमें इनके बीच सारे तथ्यों को सामने रखकर मोदी की नीतियों की सच्चाई बतानी होगी,साथ यह भी बताना होगा कि उनके सामाजिक उत्थान के लिए हमारी महागठबंधन सरकार ने सरना धर्म कोड का बिल सदन से पारित कराकर केंद्र सरकार को भेजा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी उसे बिल को लंबे समय से लटकाये हुए हैं।केंद्र सरकार ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वन भूमि की जमीनों को पूंजीपति घरानों को देने का काम किया है जिस पर स्वाभाविक तौर पर पहला हक आदिवासी समुदाय का होता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी पूर्व की रघुवर सरकार ने विकास करने के नाम पर आदिवासी, पिछड़ों, किसानों के साथ छल ही किया है। रोजगार देने के नाम पर पूरी तरह से जीरो अंक पाने वाली केंद्र सरकार के नक्शे कदम पर चल कर पूर्व की झारखंड भाजपा सरकार ने अपने आका की वाहवाही लूटने का काम किया था। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, अग्रणी संगठन विभाग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष- नेली नाथन, गुंजन सिंह, अमीर हासमी, केदार पासवान, अभिलाभा साहु, जोसाई मार्डी, अमरेन्द्र सिंह, भानू प्रताप बड़ाई, सुनीत शर्मा, हृदयानंद यादव, कौशल किशोर आदि शामिल थे।

## दो चरणों के चुनाव के बाद पीएम व भाजपा नेता हताश : गुलाम मीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोहरदगा लोकसभा चुनाव के संदर्भ में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने लोहरदगा जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों, प्रखंड अध्यक्षों, वरीय नेताओं तथा प्रदेश पदाधिकारियों के साथ सांगठनिक बैठक कर चुनावी अभियान की समीक्षा की।



बैठक को संबोधित करते हुए गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पूरे देश भर में दो चरणों का चुनाव संपन्न हो गया है और इन चरणों में भाजपा के विपरीत जनता का जनादेश आने का शत- प्रतिशत अनुमान है, लेकिन हमें जनता को जागरूक रखना होगा, क्योंकि दो चरणों के संभावित परिणामों से प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा नेतागण पूरी तरह हताश हैं और जनता को बहकाने के लिए झूठे प्रचारों और बयानों का सहारा ले रहे हैं। वह इतनी बुरी तरह डरे हुए हैं कि 400 पार का नारा भूल कर अमर्यादित भाषाओं का उपयोग करने लगे हैं। उन्होंने उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं को निर्देश देते हुए कहा कि आपके पास समय कम है और जनता के बीच कांग्रेस के गारंटी कार्ड को लेकर जो विश्वास जगा है उसे बरकरार रखने के साथ-साथ हमें वर्तमान मोदी सरकार की कारगुजारियों से भी अवगत कराना है, ताकि लोगों को पता चल सके कि किस तरह से मोदी और उनके नुमाइंदों 10 वर्षों में जनता के साथ छल कपट करके अपने थैली शाह मित्रों की मदद की है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा इस देश में एक नकारात्मक विचारधारा को जन्म देने का प्रयास कर रही है और कांग्रेस के मेनिफेस्टो के बारे में हर दिन एक नया झूठ बोल रही है और अपने तंत्रो के माध्यम से उस झूठ को सच में बदलने का प्रयास कर रहे हैं। विपक्ष के नेताओं को चुनाव के दौरान परेशान कर रहे हैं ताकि जनता तक उनका झूठ और हमारा सच न पहुंच सके, लेकिन पूरी सतर्कता के साथ हम सभी को मिलकर कांग्रेस के पांच न्याय 25 गारंटी को जनता तक पहुंचना है और गारंटी फॉर्म को जनता से भरवाना है।

## न्यूज | बॉक्स

### इंडी गठबंधन के लोग गैरकानूनी काम करते हैं, इनसे सावधान रहें : बाबूलाल मरांडी



**रांची ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एक-एक वोट भारतीय जनता पार्टी को देना है। कमल छाप पर बटन दबाना है। पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास का बहुत काम किये हैं। इतने कम दिनों में किसी प्रधानमंत्री ने इतना काम नहीं किया। उन्होंने गरीबों का विकास किया। महिला और बहनों को मान सम्मान दिया। शौचालय देने का काम किया है। गरीबों को घर दिया। गैस कनेक्शन दिया। घर-घर तक बिजली पहुंचाई। घर-घर में नल से पानी देने की योजना शुरू की। इलाज के लिए गरीबों को आयुष्मान कार्ड दिया। गरीबों को कोरोना काल से अब तक मुक्त राशन देने का काम भी कर रहे हैं। अगले 5 साल तक गरीबों को मुफ्त अनाज मिलेगा, ताकि कोई भी गरीब भूखा नहीं सोए। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर देश और झारखंड में विकास के काम हुआ है।

### वंशवाद और परिवारवाद का अंतिम चुनाव : बाउरी



**रांची ।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल में कायाकल्प करके दिखाया है। कांग्रेस और उसके साथी दल 65 साल में भी नहीं कर पाए। प्रधानमंत्री मोदी ने गांव को सशक्त बनाया है। गरीबों का उत्थान किया है। झारखंड में कांग्रेस और गठबंधन की सरकार ने लोगों को लूटने का काम किया है। इंडी गठबंधन के लोग वंशवाद और परिवारवाद की राजनीति को मजबूत करने के लिए मैदान में खड़े हैं। 2024 का चुनाव वंशवाद और परिवारवाद का अंतिम चुनाव होने वाला है। देश के 140 करोड़ लोग प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के विकास और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए वोट देंगे। झारखंड की सरकार तुष्टिकरण भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दी है। झारखंड को खोखला बनाने का काम किया है। याद रखिएगा अंकित पांडे को कि सरकार ने इसके हत्यारे को बचाने के लिए कितनी ताकत लगा दी थी।

### रांची संसदीय क्षेत्र से 6 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन, 28 ने खरीदा नामांकन पर्चा

**रांची ।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के चौथे दिन अब तक कुल 06 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। 02 मई गुरूवार को 04 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ, निर्दलीय अरशद अयूब, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के पंकज कुमार रवि, लोक अधिकार पार्टी (झा) के हरिनाथ साहू ने आज नामांकन दाखिल किया। इसके पहले 29 अप्रैल को एसयूसीआई के मिंटू पासवान और 30 अप्रैल को अम्बेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया के रामहरि गोप ने अपना नामांकन दाखिल किया था। रांची संसदीय क्षेत्र के लिए नाम-निर्देशन पत्र क्रय करनेवाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या 28 हो गयी है। अधिसूचना जारी होने के चौथे दिन 02 मई को तीन अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र खरीदे। एकल सनातन भारत दल के सर्वेश्वरी साहू, अदिवासी किसान मजदूर पार्टी के अंजनी पांडे, और निर्दलीय संदीप उरांव ने गुरूवार को नामांकन पर्चा खरीदा है।

### सदा समाज के उत्थान के लिए कार्य करें : राज्यपाल



**रांची ।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने गुरुवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि वे स्वहित के लिए नहीं, बल्कि सदा समाज उत्थान के लिए कार्य करें। समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए सक्रिय रहें। लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, पोषण आदि बुनियादी सुविधाओं की सुलभता के लिए तत्पर रहें। जीवन में नियमों का पालन करते हुए सही मार्ग को अपनाएं एवं राज्य के विकास में योगदान दें।

### झारखंड हाई कोर्ट में एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर हुए हाजिर, अगली सुनवाई 18 जून को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने का आग्रह करने वाली अरविंदर सिंह देओल की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट के आदेश पर एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और रांची नगर निगम के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर हाजिर हुए। अगली सुनवाई 18 जून को होगी। एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने कोर्ट को बताया कि रांची में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज वन के लिए रांची नगर निगम को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी ) देने के संबंध में केन्द्रीय रोड ट्रांसपोर्ट एवं हाईवे मंत्रालय को पत्र भेजा गया है। वहां से अनुमति मिलते ही रांची नगर निगम को एनओसी दे दिया जाएगा। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शहदेव ने कोर्ट को बताया कि एनएचएआई से एनओसी मिलते ही फेज वन का शेष बचा 15 प्रतिशत काम जल्द पूरा कर दिया जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार को सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज-टू, फेज थ्री और फेज फोर के निर्माण कार्य के संबंध में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

### झारखंड हाई कोर्ट ने दोहरे हत्याकांड में सजायफ्ता लोकेश चौधरी को नहीं दी जमानत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल की हत्या मामले में सजायफ्ता लोकेश चौधरी की जमानत याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। इस हत्याकांड में अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने जून, 2023 में लोकेश चौधरी, सुनील सिंह, धर्मेंद्र कुमार तिवारी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। लोकेश ने निचली अदालत की सजा को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। लोकेश चौधरी ने लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल को अशोक नगर स्थित एक न्यूज कार्यालय में 6 मार्च, 2019 को बुलाया था। विवाद होने पर उनकी हत्या गोली मार कर की गयी थी। मामले को लेकर अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। हत्याकांड के मुख्य आरोपित लोकेश कुमार चौधरी घटना को अंजाम देने के बाद से फरार रहा था। उसने दिसंबर, 2020 में कोर्ट में सरेंडर किया था।

## विपक्ष के पास न नेता, न नीति, न मुद्दा : केशव

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

कोडरमा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी दिलीप कुमार वर्मा ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद रहे। केशव प्रसाद मौर्य ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज दुनिया में नरेन्द्र मोदी का डंका बज रहा है। मौर्य ने कहा कि मोदी ओबीसी वर्ग से आते हैं और उन्होंने 10 साल देश की खूब सेवा की है। उन्होंने वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, अयोध्या में राम मंदिर बनने का वादा किया था, उसे मोदी सरकार ने पूरा कर दिया। अब बारी जनता की है। इसके लिए नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने 60 वर्ष में देश को बर्बाद करने और लूटने का काम किया है।सबका साथ और सब का विकास करने का काम सिर्फ नरेन्द्र मोदी ने किया। विपक्ष के पास न नेता है, न नीति है, न मुद्दा है।



## इंडी गठबंधन के नेता केवल झूठ बोलेंगे : शर्मा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 1 मई को हजारीबाग के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने तर्जन मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इसमें बड़ी संख्या में जनता मौजूद थे। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण की शुरूआत 'जोहार झारखंड' से की। उन्होंने कहा कि चुनाव आने पर कांग्रेस के लोग आते हैं, झूठ और लूट की कहानी कहते हैं। अफवाह फैलाने का काम करते हैं, क्योंकि इन लोगों ने सबसे ज्यादा समय तक देश और प्रदेश में राज किया है। उन्होंने कभी गरीब की परवाह नहीं की। कभी किसानों की परवाह नहीं की। कभी गांव की परवाह नहीं की। एक बार चुनाव जीत जाते हैं, दोबारा क्षेत्र में नहीं जाते हैं। वे झूठ का सहारा ले रहे हैं। कह रहे हैं कि एनडीए सरकार बनने पर संविधान बदल देंगे। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने साफ-साफ कहा है कि संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने की किसी की ताकत नहीं है।



# लोकसभा निर्वाचन के जागरूकता अभियान का बनें हिस्सा : के रविकुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव 2024 को लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मना रहे हैं। इसे लेकर विभिन्न स्तर पर जागरूकता अभियान भी चल रहा है।निर्वाचन में हर किसी को बराबर का अधिकार है, हम सभी को इसमें अपना योगदान देने के साथ अपने आस-पास इसके प्रति लोगों को प्रेरित भी करना है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक मैं भी इलेक्शन एंबेसडर कैम्पेन सोशल मीडिया कैम्पेन में राज्य के सभी स्कूल/कॉलेज के बच्चे, इंफ्लुएंसर, सेलेब्रिटी समेत सभी लोग अवश्य भाग लें। इस बीच हर नागरिक मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने और निर्वाचन के महापर्व को उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अपने कार्यों के डिजिटल कंटेंट को सोशल मीडिया पर अवश्य अपलोड करें। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूल के प्रधानाध्यापकों के साथ गूगल मीट के माध्यम से निर्वाचन सदन में आयोजित बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि स्कूल एवं कॉलेजों के बच्चों ने मतदाताओं के बीच मतदान की अहमियत को बताने के लिए स्वीप कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। ये हमारे फ्यूचर और फर्स्ट टाइम वोटर के रूप में निर्वाचन में अपनी महती भूमिका निभा रहें हैं। बच्चों द्वारा स्कूल एवं कॉलेजों में स्वीप सम्बंधी कई गतिविधियां कराई जा रही हैं। इन बच्चों द्वारा क्विज कंपीटिशन, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, पत्र लेखन आदि कई रोचक एवं मनोरंजक गतिविधियों द्वारा अपने अभिभावकों, आस-पास के मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि 7 मई को होने वाले सोशल मीडिया कैम्पेन में स्कूल प्रबंधन इन सभी गतिविधियों के डिजिटल कंटेंट को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मैं भी इलेक्शन एंबेसडर कैम्पेन हैशटैग के साथ अपलोड करें। साथ ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखण्ड एवं भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया अकाउंट को अवश्य टैग करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाताओं को निर्वाचन के महत्व को बताते हुए उन्हें मतदान में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करना निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। इसके साथ साथ मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए भी जागरूक करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। स्कूल के बच्चों को 'मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर 'जैसे कार्यक्रमों से जोड़कर लोकतंत्र के एक जागरूक मतदाता के रूप में हम उन्हें तैयार कर सकेंगें। साथ ही भविष्य में होने वाले मतदान में उनकी भागीदारी भी निश्चित कर सकेंगे।ऑनलाइन माध्यम से आयोजित बैठक में निर्वाचन सदन से अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार सहित राज्य के सभी सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूलों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।



## सरकारी स्कूलों में पाठ्य सामग्री वितरण पर कोई रोक नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से झारखंड में अब तक 72 करोड़ 37 लाख रुपये के सामान व नकदी जब्त किये गए हैं। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने बताया कि सरकारी और सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों में पाठ्य सामग्री वितरण में आदर्श आचार संहिता बाधक नहीं है, बशर्ते पाठ्य सामग्री पर किसी राजनीतिक व्यक्ति की तस्वीर नहीं हो। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में बच्चों के सुगम पठन-पाठन के लिए भारत निर्वाचन आयोग का निर्देश है कि शिक्षा विभाग द्वारा पाठ्य पुस्तक, नोट बुक, स्कूल बैग, कंप्यूटर लैब की स्थापना, टैब की खरीदारी और उसके वितरण के लिए टेंडर कर खरीदारी करने में कोई बाधा नहीं है। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि गाण्डेय विधानसभा

### झारखंड में अब तक 72 करोड़ 37 लाख रुपये के सामान व नकदी जब्त किये गए

उपचुनाव में अब तक सात उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा भरा है। वहीं लोकसभा चुनाव फेज 5 के लिए अब तक कुल 42 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उनमें चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 20, कोडरमा से 11 और हजारीबाग से 11 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा है। लोकसभा चुनाव फेज 6 के लिए अब तक कुल 26 नामांकन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। उनमें गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 5, धनबाद से 8, रांची से 6 और जमशेदपुर से 7 नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं।

## एक नजर

### ग्रामीणों के 'रोड नहीं, तो वोट नहीं' पर बीडीओ ने की मतदान करने की अपील

**बरकट्ठा।** गोरहर पंचायत के आदिवासी समाज के ग्रामीणों द्वारा 28 अप्रैल को रोड नहीं तो वोट नहीं को लेकर विरोध मार्च मार्च किया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग, पंचायत सचिव कैलाश कुशवाहा, बीएफटी उमेश कुमार गुरुवार को ज्वार पहाड़पुर के ग्रामीणों के साथ बैठक की गई। बैठक में समस्याओं को लेकर बातचीत हुई साथ ही समस्यायों का जल्द समाधान करने की बात कही गई। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि वोट के समय नेता लोग आकर हर समस्यायों का समाधान करने का वादा कर के चले जाते है और वोट समाप्त होने के बाद किसी को जनता की परवाह नहीं होती है। इस दौरान बीडीओ ने लोगों को मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि आपकी समस्याओं को जल्द ही समाधान कराने का प्रयास करूंगी। मौके पर आदिवासी समाज के प्रखंड सचिव मनोज मुर्मू, गोरहर पंचायत के अध्यक्ष सहदेव मरांडी,रामू मरांडी, सहदेव मरांडी ,बालेश्वर बास्के, दिनेश बेसरा, विनोद सोरेन समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### बीडीओ ने सेक्टर मजिस्ट्रेट पुलिस पदाधिकारी और बीएलओ संग बैठक की

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ सुशांत कुमार मुखर्जी ने बुधवार को लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक की। जिसमें बीडीओ ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी और बीएलओ सुपरवाइजर के साथ कार्यो की समीक्षा किया। जिसमें प्रखंड अंतर्गत आने वाले सभी बूथ और उसके रूट की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही किसी बूथ पर कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है तो उसे दों दिन में जांच कर रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है। ताकि इस पर समय रहते आवश्यक कार्रवाई किया जा सके। इसके अलावे डाड़ी बीडीओ ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन हेतू गठित निर्वाचन कोषांग के सभी नोडल पदाधिकारी और संबंधित कर्मी के साथ भी बैठक किया गया।

### कोयलांचल कुजू में मजदूर दिवस पर याद किए गए शहीद मजदूर

**कुजू।** कोयलांचल कुजू के विभिन्न स्थानों में मजदूर दिवस पर शिकागो के शहीद मजदूरों को याद किया गया। साथ ही दुनिया के मजदूरों एक हो के नारे लगाते मजदूरों ने झंडा बैनर के साथ आसपास के इलाके भ्रमण किया। मजदूर दिवस को लेकर क्षेत्र के विभिन्न मजदूर संगठनों के कार्यालयों में भी मजदूरों की शहादत का सम्मान किया गया। इस अवसर पर यूनियन कार्यालय में मजदूर दिवस मनाते झंडोत्तोलन किया। वहीं शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित की गई। वहीं उपस्थित मजदूरों से अपने हक हुकूक के लिए एकताबद्ध तरीके से आंदोलन करने का आह्वान किया गया। इस दौरान यूनियन नेताओं व प्रमुख वक्ताओं ने मजदूर हित की अनदेखी करने वाले केंद्र सरकार के विरूद्ध आंदोलन करने के लिए प्रेरित किया गया।

### राजकुमार कुशवाहा ने नामांकन कर लोगों से मांगा समर्थन

# राष्ट्रीय पार्टियों ने राज्य को लूटने का किया काम



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखंड पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं संग बुधवार को समाहरणालय पहुंचे और निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रिजवान अहमद, केंद्रीय उपाध्यक्ष ऐनुल हक अंसारी, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार कुशवाहा,जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा सहित झारखंड पार्टी के कई केंद्रीय नेता शामिल थे। नामांकन को लेकर राजकुमार कुशवाहा के पैतृक निवास तिलैया झुमरा में सुबह 7 बजे से ही समर्थकों का जमावड़ा शुरू हो गया था। इस बीच गाजे बाजे के साथ 9 बजे झुमरा से नामांकन कार्यक्रम की शुरूआत की गई। भगवान के दरबार में मत्था टेक आशीर्वाद प्राप्त कर अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के संग गाजे बाजे के साथ नामांकन कार्यक्रम की शुरूआत की। हजारीबाग डिस्ट्रीक्ट बोर्ड चौक, डीवीसी चौक होते हुए हजारीबाग समाहरणालय पहुंचे, जहां उन्होंने निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद मीडिया से मुखातिब होकर राजकुमार कुशवाहा ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के पांचों विधानसभा का सघन चुनावी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चला रहा हूं और गांव-गांव तक सुदुरवर्ती क्षेत्रों तक जाकर जन जन तक पहुंच रहा हूं और उनकी समस्याओं से रूबरू भी हो रहा हूं। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज बने लगभग 24 वर्ष हो चुके हैं और इन 24 सालों में राष्ट्रीय पार्टियों ने झारखंड को लूटने का काम किया है जिसे जनता देख और समझ रही है। कहा कि चुनाव तो जनता जनार्दन लड़ती है और जनता काफी सूझबूझ के साथ इस बार के चुनाव में मतदान करेगी और क्षेत्रीय पार्टी झारखंड पार्टी के उम्मीदवार को जीताने का काम करेगी।

**नामांकन कार्यक्रम की शुरुआत भगवान के दरबार में मत्था टेक कर की**

### इंटर की परीक्षा में इंटर महाविद्यालय के 90 फीसदी विद्यार्थी सफल

# वाणिज्य संकाय बना टॉपर



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
इंटर वाणिज्य की परीक्षा में बरही इंटर महाविद्यालय का रिजल्ट संतोषप्रद रहा. प्राचार्य अरुण कुमार ने बताया कि उनके महाविद्यालय से कुल 712 विद्यार्थी इंटर की परीक्षा में शामिल हुए थे. जिसमें 370 आर्ट्स, 325 विज्ञान और मात्र 17 वाणिज्य संकाय से शामिल हुए थे. इसमें आर्ट्स में 102 प्रथम, 241 द्वितीय, 10 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से सफल और मात्र 17 विद्यार्थी असफल घोषित हुए है. विज्ञान संकाय में कुल 325 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें 219 प्रथम, 53 द्वितीय श्रेणी से सफल हुए है. विज्ञान संकाय में 53 विद्यार्थी असफल घोषित किए गए हैं. वहीं वाणिज्य में मात्र 17 विद्यार्थी परीक्षा दिए थे. इसमें 16 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से सफल और मात्र एक विद्यार्थी असफल हुआ है. उन्होंने बताया कि वाणिज्य संकाय के 94.12, विज्ञान के 83.69 तथा आर्ट्स के 95.4 फीसदी विद्यार्थी सफल हुए हैं. महाविद्यालय रैंक के अनुसार वाणिज्य विभाग के लिए 79.6% अंक के साथ सोनम प्रवीण प्रथम, 74.4% अंक के साथ अल्फाज इमरोज द्वितीय तथा 72.6% अंक के साथ मो वारिस तृतीय स्थान पर है. विज्ञान संकाय में 86.6% अंक के साथ सचिन कुमार और विशाल कुमार प्रथम, 83.8% अंक के साथ चांद अफसर जावेद द्वितीय तथा 83.8% अंक के साथ बिहारी रॉय तृतीय स्थान प्राप्त किया है. वही आर्ट्स संकाय में 76.8% अंक के साथ दीपक कुमार प्रथम, 74.8% अंक के साथ विनय यादव द्वितीय तथा 73.8% अंकों के साथ सोनू कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया है. प्राचार्य ने ने बताया कि इस वर्ष लड़कियों का प्रदर्शन लडको के अपेक्षा ठीक नही रहा है।

### 25 मई तक विद्यार्थी भर सकेंगे पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप, 31 मई तक होगा सत्यापन




**बरही।** झारखंड सरकार की कल्याण विभाग में पोस्ट मैट्रिक विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक छात्र 2023-24 के लिए स्कॉलरशिप भरने की तिथि में एक बार फिर संशोधन किया है. इस तिथि को विस्तारित करते हुए विभाग ने पोस्ट मैट्रिक विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप भरने की अंतिम तिथि 25 मई 2024 निर्धारित किया है. साथ ही शैक्षणिक संस्थानों या महाविद्यालय को इसे सत्यापित करने के लिए 31 मई तक अंतिम तिथि निर्धारित किया है. इस स्कॉलरशिप का लाभ राज्य के अंदर या राज्य के बाहर पढ़ रहे सभी अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति या पिछड़ा जाति के विद्यार्थी ले सकते है. विदित हो कि तिथि विस्तारण का यह तीसरा मौका है. ऐसे मई सभी विद्यार्थियों को गंभीरता पूर्वक स्कॉलरशिप का पंजीकरण कल लाभ ले सकते हैं.

# श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जेईई मेन में लहराया परचम





**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जेईई मेन की परीक्षा मेन उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं अपने परिजनों का नाम रोशन किया है। विद्यालय के जिन छात्रों ने जेईई मेन मेन सफलता प्राप्त की है उनमें रोनित राज 98.4 प्रतिशत अंक, हर्ष राज वर्मा 98.4 प्रतिशत अंक, इंद्रजीत 97.6 अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिजनों का नाम रोशन किया है। रिजल्ट को लेकर विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों के कठिन परिश्रम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बच्चे प्रतिभावान होते हैं और यह हमारे विद्यालय के बच्चों ने सफलता अर्जित कर इसे साबित कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि ये बच्चे ही हमारी भावीं पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बनेंगे। बच्चों की पढ़ाई में शिक्षकों की बड़ी भूमिका होती है। बच्चों में पढ़ाई के प्रति काफी रूचि देखी जा रही है और वह बेहतर प्रदर्शन भी कर रहे हैं। झारखंड में बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी काफी प्रतिभा देखी जा रही है। आज झारखंड के बच्चे-बच्चियों ने खेल के हर क्षेत्र में काफी नाम कमा रहे हैं। सरकार भी खेल के प्रति काफी रूचि दिखा रही है। उसके लिए झारखंड में कोचिंग की भी काफी सुविधा दी जा रही है ताकि राज्य से खेल में अच्छी प्रतिभा उभर सामने आये और राज्य व देश का नाम रोशन कर सके। विद्यालय के प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली एवं मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी ने विद्यालय के बच्चों की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# जिला बल के जवान ने डीआईजी आवास में खुद को मारी गोली, मौत

**विकास कुमार मूल रूप से हजारीबाग जिले के टाटी झरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला था**
**विकास कुमार दो बार शादी कटने के बाद काफी परेशान चल रहा था**



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
डीआईजी आवास पर तैनात एक जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार सुबह की है, जब डीआईजी आवास पर ड्यूटी पर तैनात जवान विकास कुमार ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई, हालांकि उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विकास कुमार मूल रूप से हजारीबाग जिले के टाटी झरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विकास कुमार का दो बार शादी कट गया था, जिस वजह से वह काफी परेशान चल रहा था। इसके अलावा वह पिछले कुछ दिनों से घरेलू समस्याओं से भी परेशान चल रहा था।विकास कुमार 2017 बैच के आरक्षी थे। वह झरपों के रहने वाले थे।घटना की सूचना मिलते ही डीआईजी सुनील भास्कर, एसपी अरविंद कुमार सिंह, सदर एसडीपीओ कुमार शिव आशीष व अन्य कई पदाधिकारी डीआईजी आवास पोस्ट पर पहुंच गए।पुलिस कप्तान सहित सभी पुलिस कर्मियों द्वारा पुलिस लाइन में 11 बजे मृत जवान को सलामी दी।तत्पश्चात उसके शव को उसके पैतृक गांव भेज दिया गया।

# तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**एसपी ने थाना प्रभारी को एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया**



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़। पुलिस अधीक्षक डा. बिमल कुमार को बुधवार को गुप्त सूचना मिली की रामगढ़ जिला में रांची से कुछ अपराधकर्मी मोटरसाईकिल से हथियार से लैस होकर किसी घटना को अंजाम देने लिए आने वाले हैं। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ. विमल कुमार द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी थाना प्रभारी, रामगढ़ जिला को एंटी क्राईम चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही संबधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक को निगरानी करने के लिए निर्देशित किया गया। उक्त आदेश के आलोक में सभी थाना प्रभारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्र मे गहनतापूर्वक एंटी क्राईम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक पतरातू एवं पतरातू थाना पुलिस द्वारा पतरातू -खलारी मुख्य मार्ग पर एंटी क्राईम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। खलारी से पतरातू की ओर आ रही एक काले नीले रंग की डिस्कवर मोटरसाईकिल सं. जेएच.1 आर 2171 सवार तीन व्यक्ति पुलिस बल को देख मोटरसाईकिल पीछे मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। गुरूवार को इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया की पुलिस बल द्वारा मोटरसाईकिल सं. जेएच.1 आर 2171 पर सवार तीनों व्यक्ति को पकड़ा गया। पुलिस बल द्वारा पकडे. गऐ तीनों व्यक्ति का नाम-पता पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया रमेश मुंडा, उम्र करीब 39 वर्ष पिता-स्व बीरू मुंडा सा. हिरिंग, रूपण हांसदा उम्र करीब 28 वर्ष पिता-बदु मांझी, सा-पंडरिया और बलतु मांझी उम्र करीब 35 वर्ष, पे- बदु मांझी, सा-पंडरिया तीनों थाना बुड़मु, जिला-रांची बताया। पकड़े गए व्यक्तियों की विधिवत तलाशी ली गयी। तलाशी के क्रम में 1. एक लोडेड देसी कट्टा, एक 7.65 एमएम का देसी पिस्टल 3. 315 एमएम का दो 2 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पकड़े गए लोगों से बरामद हथियार एवं जिंदा कारतूस के वैध कागजात की मांग की गयी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्तो द्वारा कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। एसपी ने बताया कि पकड़े गए तीनों व्यक्ति ने पूछताछ के क्रम में बताया कि वे हथियार से लैश होकर पतरातू क्षेत्र में लूट-पाट की घटना को अंजाम देने जा रहे थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने गठबंधन के दिग्गज नेताओं की उपस्थिति में किया नामांकन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने बुधवार को नामांकन किया। मौके पर हजारों हजार की भीड़ उपस्थित थी।कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव और धन्यवाद ज्ञापन रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने किया। नामांकन कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पूर्व वित्त मंत्री यशवन्त सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, राजद से मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, जेएमएम से फागु बेसरा, बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद, पूर्व विधायक सौरव नारायण सिंह,योगेंद्र साव, ममता देवी,बजरंग महतो, भीम कुमार, अजय सिंह, सुरेंदर सिंह, बिनय सिन्हा दिप्पू, बिनोद कुशवाहा, संजू बेदिया, कमल नयन सिंह, मुन्ना सिंह,डॉ आर सी मेहता, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत,निसार खान, राजद से हीरामन यादव,राजू खण्डेलवाल, शैलेंद्र सिंह, गणेश सीटू, शान्तनु मिश्रा, सहित दिग्गज नेताओं के अतिरिक्त महागठबंधन के नेता, प्रदेश, जिला और महानगर,प्रखंड कमिटी, बीस सूत्री व मंच मोर्चा के अध्यक्ष और नेता उपस्थित रहे । इस अवसर पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा भाजपा सिर्फ जुमलेबाजी करती है और झूठ की राजनीति करती है, जब-जब चुनाव आता है तब तब नया-नया जुमला लेकर आती है भाजपा की गारंटी योजना भी सिर्फ एक जुमला है झूठे वादे कर लोगों को ठगने का काम करती है, श्री सोरेन इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के नामांकन के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक सौरव नारायण सिंह ने कहा कि भाजपा महंगाई का विरोध करती थी लेकिन सत्ता में आते ही देश में महंगाई बढ़ने लगी महंगाई से जनता त्रस्त है ,यह सरकार देश से सविधान खत्म करने पर आमादा है सभी केंद्रीय संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है।

### हजारों कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे मुन्ना सिंह



**हजारीबाग।** बुधवार को अपने निवास स्थान चानो से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने अपने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ जयप्रकाश भाई पटेल के नॉमिनेशन कार्यक्रम में पहुंचे। मौके पर मुन्ना सिंह ने कहा कि जयप्रकाश भाई पटेल ईमानदार तथा कर्मठ नेता हैं वे हजारीबाग के विकास के साथ साथ हमेशा लोगों के सुख-दुख में साथ रहने वाले नेता हैं। जेपीभाई पटेल के नामांकन में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा, झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ,बरही विधायक उमाशंकर अकेला, रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी,बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद , हिंदू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव व दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा, झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादवसमेत हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

# एम्फोरिया इवेंट्स में राधा गोविंद विवि के छात्रों ने खेल में किया शानदार प्रदर्शन

**मनीषा रानी तिर्की ने असाधारण कौशल और संघर्ष का प्रदर्शन करके पहली जगह को अपने नाम किया**



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
24 से 26 अप्रैल, 2024 तक चले एम्फोरिया इवेंट्स में एमिटी विश्वविद्यालय झारखंड द्वारा आयोजित, खिलाड़ियों ने अपने खिलाड़ी और खिलाड़ियों के लिए शानदार प्रदर्शन किया। इसमें राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, रामगढ़, झारखंड के शारिरिक शिक्षा विभाग के छात्र भी शामिल थे। बैडमिंटन महिला एकल (स्त्री) श्रेणी में, मनीषा रानी तिर्की ने असाधारण कौशल और संघर्ष का प्रदर्शन करके पहली जगह को अपने नाम किया। इसके अलावा, बैडमिंटन डबल्स (महिला) श्रेणी में, एक मजबूत युगल विजेता सामने आया। मनीषा रानी तिर्की ने सलोनी कुजुर के साथ साझेदारी की, जिससे वहां कोर्ट पर अद्वितीय सिनर्जी और समन्वय का प्रदर्शन करके पहली जगह को प्राप्त किया। साथ ही, वॉलीबॉल (महिला) में, राधा गोविन्द विश्वविद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट टीमवर्क और जोश का प्रदर्शन करते हुए दूसरी जगह को हासिल किया। टीम में मनीता कुमारी, रीना खलखो, जया लक्ष्मी सुंदी, नीतू कुमारी, रंजना सोरेन, मीना कुमारी, और सलोनी कुजूर शामिल थे। इन उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह, सचिव प्रियंका कुमारी, कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमन वर्मा, व्याख्याता संजय राय चौधरी, धनेश्वर बीपी, योतेंद्र मंडल एवं प्रदीप रजक ने सभी सफल खिलाड़ियों की हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्व मुखिया सावित्री देवी के पुत्र के असामयिक निधन से क्षेत्र में मातम

**बरकट्ठा।** झुरझुरी पंचायत की पूर्व मुखिया सावित्री देवी के युवा पुत्र की असामयिक निधन हो गई. ग्राम झुरझुरी निवासी नीरज कुमार 25 वर्ष पिता भीम प्रसाद की मंगलवार 30 अप्रैल की रात को अचानक घर पर निधन हो गई. घर वालों ने बताया कि नीरज कुमार को एक सप्ताह पूर्व बुखार आ गया था. वह रांची से अपना इलाज कराकर दो दिन पूर्व ठीक होने के पश्चात घर लौटा था. मंगलवार 30 अप्रैल की रात को वह अपने घर के छत पर सोया हुआ था. रात को उसकी मां जब खाना लेकर उसके पास पहुंची तो देखी वह अचेत पड़ा हुआ है. जिसे घर वाले तुरंत बरकट्ठा में चिकित्सक के पास ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. नीरज कुमार की एकाएक निधन से घर वालों का रो रोकर बुरा हाल है वहीं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

### प्रवासी मजदूर बेंगलुरु जाने के क्रम में लापता, पिता ने खोजबीन की लगाई गुहार



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत चेचकपी के ग्राम पचरुखी तिलैया निवासी अर्जुन टुडू 27 वर्ष ,पिता राम जी मांझी बेंगलुरु जाने के क्रम में लापता हो गया है। इस बाबत राम जी मांझी ने बरकट्ठा थाना में आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगाई है। जिसमें कहा है कि 28 अप्रैल को अपने घर चेचकप्पी,बरकट्ठा से कमाने करने के लिए बेंगलुरु निकला था। जिसके बाद रांची हटिया स्टेशन पर जाकर ट्रेन से आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा स्टेशन तक सही तरह से पहुंचा और वहां उनकी अचानक तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद काफी खोजबीन करने के बाद भी पता नहीं चल पा रहा है।इस बाबत पिता ने पुत्र के खोजबीन की गुहार बरकट्ठा पुलिस से लगाई है।

### परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों का इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बरकट्ठा।** परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय गैड़ा के विद्यार्थियों ने वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2024 में तीनों संकाय में छात्र-छात्राओं ने शत प्रतिशत सफलता प्राप्त किया है। इस वर्ष विद्यालय के विज्ञान संकाय में कुल 53 विद्यार्थियों में 50 उत्तीर्ण हुए है। जिसमें प्रथम श्रेणी से 46 एवं द्वितीय श्रेणी से 4 विद्यार्थी शामिल है। विज्ञान संकाय में विद्यालय के टॉपर बिट्टू मोदी ने 452 अंक प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर अनोज कुमार यादव 427 एवं तृतीय स्थान पर अमित कुमार 418 अंक प्राप्त किया। वाणिज्य संख्या में कुल 5 में पांच विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमे प्रथम स्थान मुस्कान आर्या 384 अंक, दूसरे स्थान मुकेश कुमार दास 335 अंक एवं तृतीय स्थान विक्की सिंह 288 अंक प्राप्त किया।वहीं कला संकाय में कुल 214 विद्यार्थियों ने फॉर्म भरा जिसमें 211 परीक्षा में शामिल हुए और 209 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। प्रथम स्थान सोनू कुमार 393 अंक, द्वितीय स्थान सुषमा कुमारी एवं संजू कुमारी दोनों ने क्रमशः 384 अंक, तृतीय स्थान कल्पना कुमारी ने 381 अंक प्राप्त किया।

### सीपीआई के अनिरुद्ध कुमार ने हजारीबाग लोकसभा सीट से भरा नामांकन

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र गुरुवार को दाखिल किया। उससे पूर्व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय मंजूर भवन नवाबगंज हजारीबाग से गाजे बाजे के साथ नामांकन जुलूस इंद्रपुरी, झंडा चौक, सरदार चौक जिला परिषद चौक होते हुए समाहरणालय के समक्ष नामांकन रैली पहुंची जिसका नेतृत्व पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक,राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे, अजय कुमार सिंह,अनिरुद्ध कुमार, मिथिलेश दागी, अनवर हुसैन निजाम अंसारी कर रहे थे। लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि देश महंगाई, बेकारी बेरोजगारी की आग में जल रहा है। लेकिन केंद्र की मोदी सरकार धर्म के नाम पर नफरत फैला कर वोट हासिल करना चाहती है। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की करारी हार होगी। इसलिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने भाजपा हटाओ देश बचाओ के नारे के साथ पूरे देश में अभियान चला रही है।

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बीते 30 अप्रैल से विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को गायन प्रतियोगिता और गुरूवार को नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक गायन प्रस्तुत किए जाने के साथ साथ मनमोहक नृत्य पेश किए। बता दें एकल व समुह गायन व नृत्य प्रतियोगिता में लोक नृत्य और लोक गायन की भी झलक दिखी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि झारखंड के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, केवल ऐसे विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन में निखारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों के रूचि के अनुरूप निखारने की ओर भी ध्यान दिया जाता है। बताते चलें कि गायन प्रतियोगिता में दयानंद राम, शालिनी, अनुष्का, प्रतिज्ञा, मकसूद आलम, नलीन, आवेश, कृति, अरग्यान एवं नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में संध्या, तन्नू श्री, पल्लवी, स्वप्निल एवं एमआरपी ग्रुप व ओमप्रकाश, शालिनी, प्रिया, स्वप्निल, राज सौरभ, प्रभा, जैनुल अली, कृष, देवंश, सुमित के नाम शामिल है।

### होम वोटिंग की सुविधा उन्हें, जो 40 प्रतिशत दिव्यांग हों या 85 से अधिक उम्र के हों

**हजारीबाग ।** लोकसभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत होम वोटिंग के लिए कार्मिक कोषांग हजारीबाग द्वारा मतदान दल का गठन किया जा चुका है। होम वोटिंग द्वारा मतदान की तिथि 9 मई से 14 मई तक निर्धारित की गई है। आपको बता दें कि होम वोटिंग की सुविधा वैसे मतदाताओं को दी जा रही है जिनकी दिव्यांगता का प्रतिशत 40 हो एवं 85 या उससे अधिक उम्र वाले इच्छुक वरिष्ठ मतदाता जो बूथ में जाकर मतदान करने में असमर्थ हो उन्हें घर से मतदान करने का मौका दिया जा रहा है। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत 14-हजारीबाग संसदीय क्षेत्र अंतर्गत घर से मतदान करने वालों की एक सूची तैयार की जा चुकी है। घर से मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर के पास बैलेट पेपर को सुरक्षित रखवा दी जाएगी। इन मतदान पत्रों के गिनने की प्रक्रिया सामान्य मतों की गिनती के दौरान ही की जायेगी। लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के तहत पॉचवे चरण के अन्तर्गत वरिष्ठ मतदाताओं (एवीएससी 85+ आयुवर्ग) एवं वैसे विकलांग मतदाताओं को जिनकी विकलांगता का प्रतिशत 40 से अधिक है तथा वें मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान के अधिकार का उपयोग कर पाने में सक्षम नहीं हैं।

## एक नजर

### कुरडेग थाना परिसर में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ हुई बैठक

**कुरडेग।** कुरडेग थाना परिसर में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रज्ञा केन्द्र संचालकों एवं ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालकों के साथ बैठक किया गया।थाना प्रभारी विनायक कुमार पाण्डेय ने सभी को कहा वोट के समय मे लेन देन की संभावना बढ़ गई है कैश नही बांट कर ऑनलाइन द्वारा भी पैसा वोटरों को लुभाने के लिए दिया जा सकता है, वैसे लेन देन पकड़ में आने से आप सब पर कार्रवाई होगी सभी लेन देन में इलेक्शन कमिशन का नजर है, किसी भी प्रकार का लेन-देन में संदेह होने पर थाना में सूचित करें और हर लेन देन अपने कॉपी या रजिस्टर में लिखे। साईबर ठगी का संदेह होने पर तुरन्त सूचना दें। और चुनाव में अपनी भागीदारी दीजिए आसपास के लोगों को वोट देने के लिए जागरूक कीजिए।किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न पड़ें और अपने मताधिकार का सही प्रयोग करते हुए स्वच्छ एवं सुरक्षित मतदान सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाये।मौके पर प्रज्ञा केन्द्र संचालक एव ग्राहक सेवा केन्द्र संचलक उपस्थित थे।

### दो गुटों के बीच जमीनी विवाद को लेकर हुआ खूनी संघर्ष, पांच लोग घायल

**सतगावां ।** सतगावां की बासोडीह पंचायत के ग्राम डुमरी में जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हो गयी। इसमें पांच लोग गंभीर घायल हो गए। घटना में ईट, पत्थर और कुल्हाड़ी जमकर चले। मामला बुधवार की देर रात की बताई जाती है। घायलों में डुमरी निवासी 65 वर्षीय अर्जुन रावत, पिता- रामधनी राउत, उनके पुत्र 39 वर्षीय अशोक कुमार राउत, 36 वर्षीय संतोष कुमार राउत, पिता- हरि राउत और दूसरी गुट से 45 वर्षीय मनोज यादव, पिता- हरि राउत, 35 वर्षीय सावित्री देवी, पति- मुकेश यादव शामिल हैं। घटना के बाद दोनों पक्ष के घायलों को स्थानीय पुलिस ने प्राथमिक इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज कराया। बेहतर इलाज के लिए घायल अशोक कुमार राउत, संतोष कुमार राउत की गंभीर स्थिति को देखते हुए कोडरमा रेफर कर दिया गया है। घटना को लेकर दोनों ओर से थाना में आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले को लेकर थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि मामले की छानबीन कर रही है। दोषियों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कल

**कोडरमा ।** लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कोषांग के तहत जिला स्तरीय स्वीप फुटबॉल कप टूर्नामेंट चार मई को सीएच प्लस टू हाई स्कूल मैदान, झुमरी तिलैया में खेला जाएगा। इस दिन सुबह 6.30 बजे पुरुष वर्ग में ग्रुप ए अंतर्गत चाराडीह और मोरियावां के बीच मैच खेला जाएगा। जबकि ग्रुप बी अंतर्गत मंडुवाटांड और करियावां के बीच सुबह 8.30 से मैच खेला जाएगा। सुबह 7.30 बजे महिला वर्ग में ग्रुप ए अंतर्गत ढाब और खरखार के बीच मैच खेला जाएगा। ग्रुप बी अंतर्गत डोमचांच और थाम के बीच सुबह 9.30 को मैच खेला जाएगा। दोनों ग्रुप के विजेता टीम का फाइनल मैच चार मई को ही खेला जाएगा।

### इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा में इस बार कोडरमा का रहा दबदबा

**कोडरमा।** वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 का रिजल्ट मंगलवार को प्रकाशित किया गया। इस साल के रिजल्ट में कोडरमा के छात्रों का विज्ञान, कला और वाणिज्य में दबदबा कायम किया है। विज्ञान में 91.80 प्रतिशत अंक लाकर स्टेट टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। जबकि कला में 97.480 प्रतिशत के साथ स्टेट का दूसरा टॉपर और वाणिज्य में 97.950 प्रतिशत के साथ राज्य में तीसरा टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। विज्ञान में 2310 छात्रों में 2104 छात्र सफल रहे, जिसमें 1909 प्रथम, 195 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण रहें। जबकि कला में 6733 छात्रों में 6564 उत्तीर्ण रहे। इसमें प्रथम श्रेणी से 3204, द्वितीय श्रेणी से 3253 और तृतीय श्रेणी से 107, जबकि वाणिज्य में 441 छात्रों में 432 छात्र उत्तीर्ण रहे। इसमें प्रथम श्रेणी 332, द्वितीय श्रेणी से 98 और तृतीय श्रेणी से दो छात्र सफल रहे। पिछले साल की तुलना में इस साल कला और वाणिज्य में छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है।

# नवाटोली में लू लगने से महिला की मौत

## मजदूर नेता राजेश सिंह ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** थाना क्षेत्रान्तर्गत नावाटोली में निमार्णाधीन एकलव्य मोडल आवासीय विद्यालय कोलेबिरा के निर्माण कार्य में मजदूरी करने वाली महिला मजदूर अनीला कुमारी की लू लगने से अस्पताल में 30 अप्रैल को मृत्यु हो गई। खबर मिलने के बाद झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह मजदूर स्व. अनीला कुमारी के परिवार से मिले। अनीला के पिताजी रमेश लोहरा तथा साथ काम करने वाले मजदूरों ने जानकारी दिया कि एक सप्ताह तक नावाटोली में ही बन रहे एकलव्य मोडल आवासीय विद्यालय में सुबह 07 बजे से 12 बजे तक तथा फिर 2 से 6 बजे तक काम करने जाती थी. 25 अप्रैल को दोपहर को काम से लौटके उसे उल्टी हुई और तबीयत खराब हुआ फिर कोलेबिरा स्वास्थ्य केन्द्र में इलाजरत थी, जहाँ 30 अप्रैल को लू के कारण से मृत्यु हो गई।प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने एकलव्य मोडल आवासीय विद्यालय का काम कराने वाली कंपनी के कार्यकर्त्ता से मुलाकात कर मृतक मजदूर के परिवार को कम से कम 1 लाख सहयोग राशि दिलाने का निवेदन किया है। मौके पर कोलेबिरा थाना के थाना प्रभारी राजदीप कुमार भी पहुँचे ।उन्होंने गर्मी को देखते हुए कार्य शुरू करने का समय 06 बजे से 11 बजे तक करने तथा 3 से 6 बजे करने संबंधी निर्देश कंपनी कार्यकर्त्ता को दिया तथा कार्यस्थल पर समुचित पेयजल की व्यवस्था करने जैसे सावधानी रखने का सुझाव दिए तथा मजदूर के परिवार को यथासंभव आर्थिक सहयोग के लिए कंपनी को कहा । मौके पर मजदूरों ने यह भी जानकारी दिया कि महिला मजदूरों को 270/- तथा पुरुषों को 300/- मजदूरी भुगतान किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मजदूरों को सरकारी दर पर मजदूरी दिया जाए एवं दिवंगत मजदूर के परिवार को कंपनी सहयोग राशि दे।इस अवसर पर रमेश लोहरा, गुड्डी देवी, राजो लोहरा, सुनीता धनवार तथा करमी देवी , यूनियन की अगुस्टीना सोरेंग उपस्थित रहे।

# श्रम अधीक्षक कार्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से लगा जागरूकता शिविर



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश राजीव कुमार सिन्हा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से श्रम अधीक्षक के कार्यालय, सिमडेगा में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभात कुमार श्रीवास्तव डिप्युटी चीफ एलएडीसीएस सिमडेगा द्वारा उपस्थित मजदूरों को विस्तार से श्रम कानून की जानकारी दी गई। सुकोमल असिस्टेंट एलएडीसीएस, सिमडेगा द्वारा भी श्रम कानूनों विशेषकर बाल मजदूरी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा प्रदान की जा रही निशुल्क सेवा के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही मजदूरों के हक अधिकार के लिए उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार लगातार जनमानस को न्यायालय के माध्यम से सरकार की मूलभूत सुविधाओं का लाभ दिलाने तथा न्यायालय के माध्यम से उन्हें न्याय दिलाने का प्रयास कर रही है ताकि मजदूरों का हक अधिकार प्राप्त हो सके। आयोजन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा सचिव मरीयम हेमरोम के प्रयास से आयोजन सफल हुआ। इस कार्यकम में श्रम विभाग से मधुरिमा केरकेट्टा सतीश कुमार, श्रेय लकड़ा, पीएलवी दीपक कुमार एवं काफी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

## मतदाताओं को सुविधा देने के प्रयासों में जुटा प्रशासन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने गुरुवार को शहरी क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों का भ्रमण किया।इस दौरान उन्होंने सलडेगा राजकीय उत्क्रमित विद्यालय, ठाकुरटोली राजकीयकृत मध्य विद्यालय, सिमडेगा क्लब सिमडेगा, सिमडेगा घोंचोटोली राजकीयकृत मध्य विद्यालय, एस.एस प्लस टू विद्यालय, एवं खैरनटोली व भट्टीटोली राजकीयकृत उर्दू मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सभी मतदान केंद्र के शौचालय पर रनिंग वाटर सप्लाई की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ने मतदान केंद्र का रंग-रोगन एवं दिवाल लेखन समय पर सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त महोदय ने बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण कार्यों की जानकारी लिये। उन्होंने एएसडी वोटर्स की मार्किंग की समीक्षा किया। उन्होंने ने उपस्थित बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर से मतदाताओं को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने पर जोर दिया। मौके पर आईटीआई निदेशक सरोज तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री समीर रैनियार खलखो, नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी सुमित कुमार महतो, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल मुकेश कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा सहित बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## बोलबा लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा

# पुलिस ने हथियार सहित पांच लोगों को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** बोलबा थाना क्षेत्र अंतर्गत बोंगो टोंगरी गोईफोंगा में महुआ व्यवसाय के साथ गत 30 अप्रैल को हुई लूटपाट के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए कुल 5 अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गुरुवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार के कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन करते हुए उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में बोलबा अलिंगुड निवासी सुबोध बड़ाईक, ठेठईटांगर के देवबहार निवासी दिनेश बरवा, सतीश बड़ाइक गिनिकेरा निवासी रामजीत बड़ाईक एवं कुंदुरमुंडा निवासी हेमन्त बड़ाईक शामिल है। वहीं उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से 9 एमएम पिस्टल एवं दो देसी कट्टा बरामद किया गया है इसके अलावा उनके पास लूट का 54100 नगद राशि बरामद की गई। इसके अलावा सभी आरोपियों की मोबाइल को जप्त किया गया। बताया गया कि हेमंत बड़ाईक को एक दिन पूर्व ही गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गया। वहीं पुलिस ने बताया कि 12 अप्रैल को बोलबा थाना क्षेत्र के मचकट्टाहुए व्यापारियों के साथ लूटपाट की घटना को यही लोगों के द्वारा अंजाम दिया गया था। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मुख्य रूप से थाना प्रभारी विकास कुमार महतो एवं सब इंस्पेक्टर सोनू पाठक तथा एएसआई जितेंद्र सिंह उपस्थित थे।

## प्रखंड में जैक इंटरमीडिएट के परिणामों में बेटियों ने लहराया परचम

# कला संकाय में बंटी कुमारी बनीं प्रखंड टॉपर



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** सपने उन्ही के सच होते हैं जिनके सपनों में जान होती है,पंखों से कुछ नहीं होता हौंसलों से उड़ान होती है। प्रखंड कि बेटियों ने जैक इंटरमीडिएट परिणाम में इस कथन को सार्थक कर दिखाया है। मजदूरी करने वाले गरीब के बेटी बंटी कुमारी ने पूरे प्रखंड में इंटरमीडिएट कला संकाय के परिणाम में 75.6 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है एस एस प्लस टू कि छात्रा बंटी कुमारी को 378 अंक मिला है वहीं कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय जलडेगा कि छात्रा गुड़िया कुमारी 355(71%) जबकि धनुर्जय सिंह प्लस टू विद्यालय लोम्बोई कि छात्रा महिमा कंडुलना ने 333(66.6%) अंक लाकर क्रमशः दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया है। तीनों छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता पिता को दिया है। एक बार बेटियों ने फिर से प्रमाणित किया है कि आभाव पर प्रतिभा भारी रही। इस बार झारखंड बोर्ड द्वारा आयोजित वार्षिक इंटरमीडिएट कला संकाय में एस एस प्लस टू से 86 विधार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें 43 विधार्थियों ने प्रथम वहीं 42 विधार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता हासिल कि जबकि एक का रिजल्ट मार्जिनल रहा। वहीं कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय से 34 छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमें 22 प्रथम एवं 10 द्वितीय श्रेणी से सफल हुए एक छात्रा का रिजल्ट मार्जिनल रहा जबकि एक अनुपस्थित रही। जबकि धनुर्जय सिंह प्लस टू हाई स्कूल लोम्बोई से 19 विधार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें 4 प्रथम श्रेणी जबकि 14 द्वितीय श्रेणी वहीं एक विधार्थी ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा पास की है।

# निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के क्रम में उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराने में माइक्रो ऑब्जर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उपायुक्त ने पीपीटी के माध्यम से सभी को लोकसभा चुनाव से जुड़े उनके कार्यों एवं दायित्वों के बारे में भलीभांति अवगत कराया। माइक्रो आब्जर्वर, जेनरल आब्जर्वर का प्रतिनिधि होता है जो बूथ में होने वाली गतिविधियों नियमानुसार हो रही है कि नहीं, अवलोकन करना, तथा सीधे जेनरल आब्जर्वर को रिपोर्ट करना होगा। बताया गया कि माइक्रो आब्जर्वर मतदान केंद्र पर मतदान से संबंधित सम्पूर्ण प्रक्रिया को सूक्ष्मता से ऑब्जर्व करेंगे। इसके अलावा चुनाव आयोग के निदेशों का शत प्रतिशत अनुपालन करने तथा सतर्कता के साथ निर्वाचन संबंधी प्रत्येक गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के लिए विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जेनरल ऑब्जर्वर दोरजे चेरिंग नेगी ने खूंटी से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़ते हुए सभी माइक्रो आब्जर्वर को जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराने की दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर उपायुक्त व एसपी ने पत्रकारों के संग की बैठक

# आमजनों में विशेष रूप से जागरूकता लाने को कहा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** लोकसभा चुनाव 2024 में सिमडेगा जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में बुधवार को उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने जिले के सभी पत्रकारों के साथ पुलिस कार्यालय में गोष्ठी आयोजित किया। जिसमें उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों के साथ जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान जिले में कैसे वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाया जाय एवं मतदाताओं को विशेष जागरूक करने संबंधी बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। डीसी ने जिले के सभी पत्रकारों को अपने -अपने क्षेत्र में मतदान करने संबंधी आम जनों में विशेष रूप से जागरूकता लाने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त एवं एसपी ने सभी पत्रकारों सेअपील करते हुए कहा कि हम सबकी सामाजिक जिम्मेदारी है कि अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक करें। सभी को मतदान करना उनका संवैधानिक अधिकार है। डीसी अजय कुमार सिंह व एसपी सौरभ ने कहा जिले में 80 प्रतिशत से ज्यादा मतदान कराने में पत्रकार अपना भरपूर योगदान दें। डीसी ने कहा अपने स्तर पर जिले वासियों को बताएं कि इस बार लोकसभा चुनाव की तारीख 13 मई और समय सुबह 07 बजे से शाम 05 बजे तक रहेगी। उन्होंने कहा कि इस बार मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी का अपने-अपने क्षेत्र में व्यापक रूप से प्रचार - प्रसार करने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मुख्य बिंदुओं के जानकारी हर मतदाताओं तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि अगर कोई मतदाता का नाम सूची में है परंतु उसके पास एपीक कार्ड नहीं है तो वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 प्रकार के पहचान पत्र में कोई एक पहचान पत्र लेकर मतदान केंद्र पर जाकर मतदान कर सकता है इसकी जानकारी हर मतदाताओं तक पहुंचाने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने सभी मीडिया बन्धुओं को मतदाताओं को जागरूक करने की बात कहीं। डीसी अजय कुमार सिंह ने बताया कि हरेक मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए होगी सभी सुविधा। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर नींबू पानी, धूप से बचने के लिए शेड, की सुविधा के साथ साथ इस बार मतदाताओं को मतदान के लिए लंबी लाइन लगने की जरूरत नहीं होगी।

**इस बार मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी का अपने-अपने क्षेत्र में व्यापक रूप से प्रचार - प्रसार करने की बात कही**

### मजदूर वर्ग के संघर्ष की विरासत को आगे ले जाएगा सीटू : संजय

**कोडरमा ।** मजदूर यूनियन सीटू के बैनर तले वीर कुंवर सिंह पार्क, झुमरीतिलैया में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। निर्माण यूनियन के नेता रविन्द्र भारती ने मजदूरों के संघर्ष का प्रतीक लाल झंडा फहराया। इस दौरान नारेबाजी लगाए गए और शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। मुख्य वक्ता सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा सीटू मजदूर वर्ग के संघर्ष की विरासत को आगे ले जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के शिकागो शहर में तीन मई 1886 को लगभग 40 हजार मजदूर आठ घंटे की काम के लिए सड़कों पर उतर आए। पुलिस ने मजदूरों पर गोलियां बरसा दी, इससे छह मजदूर शहीद हो गए। उसी समय खून से सने उन मजदूरों के कपड़ों को परचम बना कर आसमान की ओर लहरा दिया और तब से ही लाल झंडा मजदूरों का प्रतीक बन गया। पीएम मोदी सरकार की नीतियों से देश में बेरोजगारी, महंगाई से लोग त्रस्त हैं। सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने आठ घंटे काम करने, जीवन यापन और सामाजिक सुरक्षा पर उनके लम्बे संघर्षों से हासिल अधिकारों को खत्म करने के बर्बर साजिश को वोट की चोट से नाकाम करने का आह्वान किया।

## न्यूज बॉक्स

### सिमडेगा के विभिन्न मंडलों में खुला भाजपा का चुनावी कार्यालय

**सिमडेगा।** खूंटी लोकसभा चुनाव के निमित्त सिमडेगा के विभिन्न मंडलो जिसमे पालकोट ,बीरू ,कुरडेग ,केरसई ठेठईटांगर ,बोलबा ,कोनपाला मंडलो में भाजपा का चुनावी कार्यालय खुला।सेवई मंडल में भाजपा चुनावी कार्यालय का उदघाटन करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने की ।पलकोट चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करते हुए सिमडेगा विधानसभा प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि भाजपा के एक एक कार्यकर्ता अपने आप को नरेंद्र मोदी मानकर चुनावी समर में कूद जाए कार्यकर्ता बूथों पर जाकर पन्ना प्रमुखों से बैठक कर मतदान प्रतिशत बढाने का कार्य करें।कुरडेग एवं केरसई मंडल चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करते हुए पूर्व मंत्री सह विधानसभा संयोजक विमला प्रधान ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा की जीत सुनिश्चित देखकर विपक्ष बौखला गया है और वह देश में लोगों को आरक्षण खत्म कर देने का भय पैदा कर रहा है यह सरासर झूठ है कार्यकताओं को इंडी गठबंधन के झूठ का पदार्फाश करने की जरूरत है लोगो को बताए कि झारखंड की संस्कृति है कि यहां के मूलवासी आदिवासी मिलजुल कर रहते हैं।

### लोकसभा चुनाव को लेकर नियुक्त पुलिस ऑब्जर्वर पहुंचे सिमडेगा



**सिमडेगा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर गुरूवार की शाम पुलिस ऑब्जर्वर डॉ मनोज कुमार पहुंचे सिमडेगा के कोलेबिरा प्रखंड पहूचे।इस दौरान उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने पुलिस ऑब्जर्वर डॉ मनोज कुमार का स्वागत किया गया। पुलिस ऑब्जर्वर ने जिले में चुनाव के दौरान सुरक्षा हेतु किये गये व्यवस्थाओं का जानकारी लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक एवं उपायुक्त ने जिले के सभी मतदान केन्द्रों बहाल किए गए सुरक्षा व्यवस्थाओं से अवगत करायें। पुलिस ऑब्जर्वर ने जिले में शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की संधारण से संबंधित आवश्यक महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।मौके पर कोलेबिरा थाना प्रभारी उपस्थित थे।

### हाइवा पलटने से चालक की हुई मौत



**बानो।** थाना क्षेत्र सटै कैन बांकी गांव में हाईवे पलटने से चालक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान सुदरू ओपा निवासी माजिद आलम जिला लोहरदगा निवासी के रूप में किया गया ।घटना के संबंध मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह कंस्ट्रक्शन सामग्री लेकर कैन बांकी गांव गया था की क्रम में हाईवा अनियंत्रित होकर पलट गई घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां चिकित्सकों से मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद बानो पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर अंत परीक्षण हेतु सिमडेगा भेज दिया ।पुलिस ने परिवार वालों को सूचना देते हुए शव को सौप दिया।

### बानो में खुला समृद्ध ट्यूशन सेंटर थाना प्रभारी ने किया उद्घाटन



**बानो।** बानो सरना टोली में समृद्धि ट्यूशन सेंटर का उद्घाटन बुधवार को किया गया । ट्यूशन सेंटर का उदघाटन थाना प्रभारी विकास कुमार ने फीता काटकर किया। उन्होंने ने कहा आज बच्चों को बेहतर शिक्षा देना आवश्यक है।शिक्षा के क्षेत्र में सही मार्गदर्शन भी आवश्यक है। समृद्धि ट्यूशन सेंटर के संचालिका सुधा बड़ाईक ने बताई कि सेंटर में नर्सरी क्लास से वर्ग 10तक के बच्चों को ट्यूशन दी जाएगी। मौके पर पूर्व बानो प्रभारी जॉन मुर्मू डॉक्टर गोलक नाथ माझी , सन्तोष जोजो, आशा देवी ,आर सी परवीन ,अनिता बड़ाईक श्याम बड़ाईक आदि लोग उपस्थित थे।

### कोनमेंजरा लेदरीटोली में कोलेबिरा विधायक ने की चुनावी सभा

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत कोनमेंजरा पंचायत के लेदरीटोली में गुरुवार को कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने खुटी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा के समर्थन में आयोजित एक चुनावी सभा किया। अपने संबोधन में कहा कि 138 साल पुरानी कांग्रेस पार्टी ने देश के लिये न केवल आजादी की लड़ाई लड़ी बल्कि उसने देश को संवैधानिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी मजबूत बनाने का काम किया। लेकिन आज केन्द्र सरकार आदिवासियों के अधिकारों को छीनने के साथ ही झारखण्ड के हित के खिलाफ भी काम कर रही है।इसके कारण ही उसने 8 लाख प्रधानमंत्री आवास को झारखण्ड की बजाय उत्तर प्रदेश में स्थानांतरित कर दिया।इसलिए इण्डिया गठबंधन को मजबूत बनाने और संविधान को बचाने के लिए सहयोग करें । मौके प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, मण्डल अध्यक्ष जॉन लकड़ा, प्रवक्ता सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, विधायक प्रतिनिधि पितर लकड़ा,पंचायत अध्यक्ष अतुल बारला,हमीद अंसारी, आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव 2024 के मतदाता जागरूकता अभियान का आप भी बनें हिस्सा

**सिमडेगा।** लोकसभा आमचुनाव 2024 के मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत वीएएफ की बैठक समाहरणालय सभागार में कई गई। इस अवसर पर स्वीप नोडल पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक #द्रंल्लइँए'ीूइङ्गल्लअुं२रंङ्गि१ सोशल मीडिया कैम्पेन चलाया जाना है।जिसमें चैम्बर ऑफ कॉमर्स,जिले के आइकॉन, महाविद्यालय/विद्यालय,जे एस एल पी एस, मीडिया ,सभी लोग टीम सिमडेगा के रूप में भाग लें। अपने कार्यों के डिजिटल कंटेंट को सोशल मीडिया पर अपलोड करें। मेन भी इलेक्शन एम्बेशडर हैशटैग के साथ अपलोड करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखण्ड एवं भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया अकाउंट को भी टैग करें। 13 मई 2024 को सभी लोगो को मतदान के लिए प्रेरित करें।पी डब्लू ड़ी आइकॉन,पीवीटी जी आइकॉन ,जिले के खिलाड़ी आइकॉन मतदान की अपील कर रहे हैं। टीम सिमडेगा कालक्ष्य अधिकतम मतदान कराना होगा।वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण चल रहा है जिले के वरीय पदाधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि, चैम्बर ऑफ कॉमर्स,सभी आइकॉन सहित विभागों के वी ए एफ सदस्य शामिल थे।


## एक नजर

### द्वारपहरी गांव से बाइक हुई चोरी, मामला पहुंचा थाना

**बिरनी।** बिरनी थाना के भरकट्ठा ओपी के द्वारपहरी गांव में मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बता दें कि द्वारपहरी गाँव निवासी अशोक मण्डल पिता शनिचर मण्डल की मोटरसाइकिल चोरी हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि द्वारपहरी गाँव के एसके पोल्ट्री दुकान के पास से यह चोरी हुई है। मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 11 अऊ 9888 है। अशोक मण्डल ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी होने के बाद काफी खोजबीन किया लेकिन कुछ पता नहीं चला।

# निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जयप्रकाश ने कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से किया नामांकन

### नामांकन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद जयप्रकाश वर्मा ने कहा, वह कोडरमा संसदीय क्षेत्र से चुनावी मैदान में जनता के आग्रह पर आए हैं



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में प्रो जयप्रकाश वर्मा ने बुधवार को अपना नामांकन कराया। अपने समर्थको के साथ वह समाहरणालय पहुंचे और नामांकन की प्रक्रिया पूरी की। इसके पूर्व भारी संख्या में जयप्रकाश वर्मा के समर्थकों का जुटान शहर के झंडा मैदान में हुआ।

यहां एक सभा हुई जिसके बाद वह नामांकन के लिए समाहरणालय पहुंचे।

नामांकन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद प्रो जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि वह कोडरमा संसदीय क्षेत्र से चुनावी मैदान में जनता के आग्रह पर आए हैं। कहा कोडरमा की जनता चाहती है कि वह सांसद बन कर कोडरमा लोकसभा का प्रतिनिधित्व करें। यही कारण है कि नामांकन में शामिल होने के लिए पूरे लोकसभा क्षेत्र से दूर दराज और सुदूरवर्ती इलाके के ग्रामीण पहुंचे हुए हैं। पार्टी से बगावत की बात का जवाब देते हुए उन्होंने कहा वह अब भी झामुमो में बने हुए हैं। उन्होंने अपनी सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया है।

### मां ने जन्म देकर नवजात को झाड़ियों में फेंका

**चक्रधरपुर।** जाको राखे साइयां, मार सके न कोय, वाली कहावत चक्रधरपुर में गुरुवार को चक्रधरपुर के महुलबोराई गांव में चरितार्थ हुई. जहां एक कलियुगी मां ने ममता को शर्मासर करते हुये अपने नवजात को जन्म देने के बाद पुलिया के नीचे झाड़ियों में तड़पने के लिए छोड़ दिया तो दूसरी ओर कुछ लोगों की नजर शिशु पर पड़ने पर उसे ईलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया. जिससे शिशु की जान बच सकी. बताया जाता है कि चक्रधरपुर प्रखंड की केरा पंचायत के महुलबोराई गांव जाने वाली सड़क के पुलिया के नीचे एक नवजात शिशु (बालक) को फेंक दिया।

## न्यूज बॉक्स

### राइट टू एजुकेशन एक्ट को समाप्त किया जाए : स्कूल प्रबंधन



**जमशेदपुर।** केरला पब्लिक स्कूल बमार्माइन्स के अध्यक्ष श्रीकांत नायर ने बताया गया कि बच्चे बिना मेहनत किए आठवीं कक्षा तक राइट टू एजुकेशन के थ्रू प्रमोट होते हैं। इस विषय में रोक लगनी चाहिए और जब बच्चे कक्षा नौवीं में आते हैं, क्योंकि वे मेहनत नहीं करना चाहते हैं. उन्हें लगता है कि स्कूल तो पास कर ही देगा. इसलिए वह फेल होते हैं, तब उन्हें आगे प्रमोट नहीं किया जाता है. श्रीकांत नायर गुरुवार को प्रेस कांफ्रेस को सम्बोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि पैरेंट्स की तरफ से जो धरना प्रदर्शन चल रहा है, प्रशासन से की ओर से दबाव डाला जा रहा है कि उनका बिना एग्जाम लिए प्रमोट किया जाए। उन्होंने कहा कि बिना पास किये प्रमोशन का कोई स्कोप नहीं है। बच्चों को मेहनत करना पड़ेगा।

# विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत

### ससुराल पक्ष पर लगा हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

### घटना को लेकर मायके वालों ने मृतका के सास-ससुर, देवर, ननद व अन्य पर हत्या का आरोप लगाया

### घटना के वक्त मृतका का पति मुंबई में था, मृतका के तीन बच्चे भी हैं



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव में में एक विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत का मामला प्रकाश में आया है। मृतका का नाम 29 वर्षीय संजू देवी बताया जा रहा है जबकि घटना बुधवार मध्य रात्रि की बताई जा रही है। घटना की सूचना पर गुरुवार की सुबह मायके पक्ष वाले और तिसरी पुलिस मौके पर पहुंची। घटना को लेकर मायके वालों ने मृतका के सास - ससुर, देवर, ननद व अन्य पर हत्या का आरोप लगाया है।

पुलिस को दिए आवेदन में थाना क्षेत्र के घाघरा निवासी मृतका के चाचा कमल यादव ने लिखा है कि उनकी भतीजी संजू देवी बरवाडीह - सलैयाटिल्हा स्थिति अपने ससुराल के कमरे में थी। बुधवार की मध्य रात्रि मृतका के देवर कलेश्वर यादव, गोतनी, संगीता देवी, ससुर भूलो यादव, सास चांदो देवी और ननद सुजीता देवी द्वारा खिड़की का दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया गया और उनकी भतीजी संजू देवी के गले में गमछा का फंदा कस कर जान से मार दिया। साथ ही बक्शे में रखे लगभग डेढ़ लाख रुपए के जेवरात भी ले गए।

घटना के वक़्त मृतका का पति मुंबई में था, मृतका के तीन बच्चे भी हैं। बताया कि पूर्व में भी मृतका का विवाद ससुराल वालों से होता रहता था। उन्होंने दावा किया है कि पूर्व के विवाद को लेकर ही उनकी भतीजी की हत्या की गई है। इस मामले में तिसरी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है, जांच के बाद ही सारी चीजें स्पष्ट हो पायेगी।

# विश्व श्रम दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया कार्यक्रम का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्री मनोज प्रसाद के मार्गदर्शन में आज दिनांक 1 मई 2024 को विश्व श्रम दिवस के अवसर पर सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमति सोनम बिश्नोई के द्वारा मजदूरों के बीच विधिक जागरूकता सह साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन बड़ा चौक गिरिडीह में किया गया।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव महोदया, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमति सोनम बिश्नोई ने उपस्थित श्रमिकों को माननीय झालसा, रांची के द्वारा लांच किए गए प्रोजेक्ट श्रमेव वंदते तथा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा मजदूरों के हित एवं कल्याण के लिए चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, असंगठित क्षेत्र के मजदूरो, भवन निर्माण की मजदूरो के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में मजदूरों के कल्याण हेतु विभिन्न प्रकार के कानूनी प्रावधानों को समाहित किया गया है, जिसके तहत समान कार्य समान वेतन, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, बेगार प्रथा का उन्मूलन इत्यादि कई अन्य महत्वपूर्ण कानून उल्लेखनीय हैं।

मजदूरों को त्वरित न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न जिलों में श्रम न्यायालय की स्थापना भी की गई है। मजदूरों को जागरूक करते हुए कहा कि माननीय झालसा, रांची के द्वारा मजदूरों के हितों को ध्यान में रखते हुए , झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा प्रोजेक्ट-श्रमेव वंदते को लांच किया गया है, जिसके तहत असंगठित क्षेत्रों के अंतर्गत कार्यरत तमाम मजदूरों के लिए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का त्वरित लाभ उन तक पहुंचाया जाता है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में विधिक सहायता केंद्रों संचालित है एवं पारा लीगल वालंटियर्स के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के कल्याण के लिए उनका निबंधन श्रम विभाग के द्वारा निरंतर करवाया जा रहा है। साथ ही साथ श्रम विभाग के द्वारा मिलने वाली सुविधाओं का लाभ भी उन मजदूरों तथा उनके परिवारजनों तक निरंतर प्रदान किया जा रहा है।

### निर्बाध विद्युत आपूर्ति को लेकर हुई बात

# विद्युत महाप्रबंधक से मिला सीसीआई का प्रतिनिधिमंडल

### सोलर सीटी को लेकर हुई बात है



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष राहुल बर्मन की अगुआई में एक प्रतिनिधि मंडल झारखंड बिजली( विभाग) निगम के मुख्य अभियंता सह महाप्रबंधक प्रतोष कुमार व कार्यपालक अभियंता तकनीकी प्रणव तिवारी से मिलकर बिजली संकट में सुधार को लेकर विस्तृत बातचीत की। आम जनों को लाभ पहुंचाने हेतु अच्छे वातावरण में बैठक संपन्न हुई जिसमें गिरिडीह को सोलर सिटी बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार व राज्य सरकार की हर घर कनेक्सन योजना को तीव्रता से पहुंचाने हेतु सहमति बनी। इसके अलावे शहरी क्षेत्र में बिजली संबंधित असुविधा के लिए डिविजन वाईज हेल्पलाइन की व्यवस्था बहाल करने की सुविधा सूचना महाप्रबंधक द्वारा प्रदान किये जाने की बात की गई। शहरी क्षेत्र में बिजली की जो व्यवस्था अभी चरमराई हुई है उसे दुरुस्त करने की बात की गई।

# इंडी गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह ने किया नॉमिनेशन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बगोदर विधायक सह भाकपा माले नेता विनोद कुमार सिंह ने कोडरमा लोकसभा सीट के लिए बुधवार को नामांकन किया. इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह बुधवार को पपरवाटांड स्थित समाहरणालय पहुंचे और जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिले के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के समक्ष पर्चा दाखिल किया. इस दौरान गांडेय विधानसभा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, पूर्व विधायक राजकुमार यादव, माले नेता राजेश सिन्हा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह, कांग्रेस कार्यकारी जिलाधिकारी सतीश केडिया समेत कई नेता मौजूद थे.नामांकन के बाद पपरवाटांड फुटबॉल मैदान में चुनावी सभा का भी आयोजन किया गया है. जहां मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता आदि कई लोग शामिल होंगे. नामांकन के बाद विनोद सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि महंगाई, बेरोजगारी हटाने का नारा दे कर भाजपा सत्ता में आयी लेकिन महंगाई बढ़ गयी तो बेरोजगारी भी बढ़ी. कहा कि प्रवासी मजदूर के मुद्दे पर भी केंद्र की सरकार कोई ठोस नीति नहीं बना सकी है. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विरोध करनेवालों को जेल भेजा जाता है।

# चोरी को ले गावां थाने में दिया आवेदन

**गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के माल्डा पाण्डेयडीह निवासी आशुतोष पांडेय ने गावां थाना में आवेदन देकर घर मे चोरी कर लिए जाने का आरोप लगाया है। कहा कि बुधवार की रात्रि हमलोग घर के छत पर सोए थे। चोरों ने मेरे घर के अंदर बक्सा में रखा सोना चांदी का जेवर कीमत लगभग डेढ़ लाख कासा का बर्तन समेत लगभग 40 हजार का नगदी का चोरी कर ली। मुझे घर के आसपास के कुछ लोगो पर संदेह है कि इन्ही लोगो ने घटना को अंजाम दिया है। पूर्व में भी मेरे घर के बाहर से मोटर साईकिल की चोरी हो चुकी है।

# बीडीओ-सीओ ने की बीएलओ संग बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गावां बीडीओ महेंद्र रविदास व सीओ अविनाश रंजन ने प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को सभी बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक में मतदाता पर्ची वितरण किये जाने का निर्देश दिया गया। चुनाव के दौरान बीएलओ के कार्य एवं दायित्वो पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी बूथों में प्राधानाचार्य के साथ बैठक कर विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं को व्यवस्थित करने पर जोर दिया गया। निर्देश दिया गया कि सभी बूथों का नियमित निरीक्षण कर वहां समय से पहले व्यवस्था को बहाल करें। मौके पर थाना प्रभारी महेश चंद्र, अनिल कुमार, प्रदीप राम, गोपाल रजक, विजय चौधरी, अजय राम, गुलशन आरा, सुधा शर्मा, संजू देवी, गायत्री देवी, चमेली देवी, किरण देवी, सतीश चौधरी, निशान्त टुडू, कार्तिक विश्वकर्मा, संतोष रविदास समेत कई लोग मौजूद थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।

### प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल के अन्तर्गत पूर्व में पदस्थापित निम्नलिखित सहायक अभियंता/कनीय अभियंताओं के नाम के विरूद्ध वर्षों से अस्थाई अग्रिम एवं राजस्व शीर्ष की राशि लंबित है। इस संबंध में इस कार्यालय द्वारा निर्गत प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक–1397, दिनांक–25.08.2014, पत्रांक–1460, दिनांक–25.08.2015 एवं ज्ञापांक–466, दिनांक–05.06.2020 तथा ज्ञापांक–546, दिनांक–09.06.2022 के माध्यम से सूचना देने के बावजूद अभी तक इसके समायोजन हेतु आपके स्तर से कोई भी कार्रवाई नही की गई है। लंबित अस्थाई अग्रिम की विवरणी निम्नवत है –

| क्र0 | सहायक अभियंता का नाम जिनके द्वारा कनीय अभियंता को अस्थाई अग्रिम दी गई है। | कनीय अभियंता का नाम | अग्रिम प्राप्त करने का वर्ष | लंबित राषि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुरेन्द्र कुमार, तदेन सहायक अभियंता, हजारीबाग | श्री इन्द्रदेव राम, कनीय अभियंता, प्रषाखा, बड़कागांव | वर्ष 1996 के पूर्व | 87311.96 | कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता इस कार्यालय से स्थानान्तरित। उपायुक्त, हजारीबाग एवं भभुआ को राषि वसूली हेतु आग्रह किय गया। परन्तु राषि अप्राप्त है। |
| 2 | श्री प्रमोद कमार सिन्हा, तदेन सहायक अभियंता, हजारीबाग | – | वर्ष 1993 के पूर्व | 8466.20 | सहायक अभियंता इस कार्यालय से स्थानान्तरित। |
| 3 | श्री रघुनाथ मिश्रा, तदेन सहायक अभियंता, कोडरमा | – | वर्ष 1987 के पूर्व | 4414.89 | नवसृजित कोडरमा प्रमण्डल में शामिल। |
| 4 | श्री कौषल किषोर वर्मा, तदेन कनीय अभियंता, बडकागांव | – | – | 1196.05 | कनीय अभियंता इस कार्यालय से स्थानान्तरित। |

अतः प्रेस विज्ञप्ति से आपको स्मारित किया जाता है कि अविलम्ब उक्त उल्लेखित सरकारी अस्थाई अग्रिम की राशि इस प्रमण्डल में जमा कर दें अन्यथा बाध्य होकर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,
हजारीबाग ।

PR 324323 Rural Work Department(24-25)D



## समाहरणालय सिमडेगा
### लोकसभा आम चुनाव- 2024
### (कार्मिक कोषांग)

### आदेश

लोकसभा आम चुनाव 2024 अन्तर्गत पोस्टल बैलेट के द्वारा चिन्हित AVSC एवं AVPD के लिये Home Voting हेतु प्रखण्डवार Polling Team गठन करते हुए निम्नवत् पदाधिकारी/कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जातीहै :–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | टीम का संख्या | प्रतिनियुक्तप दाधिकारी/कर्मी | प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मी का नाम | कार्यालय का नाम | प्रखण्ड | संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिमडेगा | 1 | P1 | PABERUS TOPPO, ASST. TEACHER, Pin-340400709 Mo-9431957241 | GmsBanmali | Thethaitangar | 3 |
| | | | P2 | ARVIND KUMAR BAA, ASST.TEACHER, Pin-340400703 Mo-7250763138 | GmsMeromdega | Thethaitangar | |
| | | | MO | AJIT TOPNO, SINGLE WINDOW, BIO Pin- 340403192. Mo-9852548551 | Bank Of India Bano | Bano | |
| 2 | सिमडेगा | 2 | P1 | SUBHASH SURIN,ASST. TEACHER, Pin-340400789 Mo-8969617363 | Gums Baghchatta | Thethaitangar | 3 |
| | | | P2 | RAMDHANI PRADHAN, ASST. TEACHER, Pin-340400615 Mo-7667978530 | Gums Kereya Pahantoli | Thethaitangar | |
| | | | MO | NIRANJAN SINGH SWANSI, MANAGER, Pin-340403200 Mo-7488998576 | Bank Of India Kolebira | Kolebira | |
| 3 | पाकरटांड़ | 1 | P1 | SAMANT PRADHAN, ASST. TEACHER, Pin-340402983 Mo-9955276564 | Gms Meromdega | Thethaitangar | 3 |
| | | | P2 | MOHIT KUMAR MISHRA, ASST.TEACHER, Pin-340400713 Mo-8210954806 | GuhsKurpani | Thethaitangar | |
| | | | MO | AMIT KUMAR, SINGLE WINDOW, BIO Pin-340403149 Mo-9065419569 | Bank Of India Bano | Bano | |
| 4 | बोलबा | 1 | P1 | FR. ARBIND XAXA, ASST. TEACHER, Pin-340403409 Mo-7061638782 | Janta H.School Jitutoli | Bano | 3 |
| | | | P2 | ALBERT BAXLA, ASST. TEACHER, Pin-340403473 Mo-9955814230 | Rc Boys Ms Tainser | Kersai | |
| | | | MO | RAHUL KUMAR SINGH, OFFICE BOI, Pin-340403150 Mo-8847316605 | Bank Of India Biru | Simdega | |
| 5 | कुरडेग | 1 | P1 | RAM SEWAK SAHU, ASST. TEACHER, Pin-340403310 Mo-9308631301 | Govt Ps Sokorla | Kolebira | 3 |
| | | | P2 | SUDHIR KUMAR, ASST. TEACHER, Pin-340403287 Mo-6203703431 | GovtUpg Hs Lerhatoli | Kolebira | |
| | | | MO | SHIVA SWARROOP MAHTO, PRT, BIO Pin-340403152 Mo-7750994177 | Bank Of India Bolba | Bolba | |
| 6 | केरसई | 1 | P1 | PRADEEP TETE, ASST. TEACHER, Pin-340400614 Mo-9304499838 | Govt Ms Kanjoga | Kolebira | 3 |
| | | | P2 | SUMIT KUMAR MAHTO, ASST. TEACHER, Pin-340400692 Mo-9709726855 | Govt Ps RamjariBasti | Kolebira | |
| | | | MO | PREM SUNIT MURMU, OFFICER, BIO Pin-340403178 Mo-7543038265 | Bank Of India Jaldega | Jaldega | |
| 7 | ठेठईटांगर | 1 | P1 | XAVIER XESS, ASST. TEACHER, Pin-340403468 Mo-9955814230 | Rc Ps Sirghaghtoli | Kersai | 3 |
| | | | P2 | FINIAN KINDO, ASST. TEACHER, Pin-340402976 Mo-9608452340 | Beeo Office Kurdeg | Kurdeg | |
| | | | MO | ANIL KUMAR, TGT(WE)KVS,Pin-340403160 Mo-9873862832 | KendriyaVidyalayaSimdega | Simdega | |
| 8 | जलडेगा | 1 | P1 | INOSENT BAA, PANCHAYAT SACHIV, Pin-340401534 Mo-7488461291 | Block Office Kurdeg | Kurdeg | 3 |
| | | | P2 | SANT BILAS DANG, Pin-340401554 Mo-7319787719 | Area Education Office | Simdega | |
| | | | MO | AMIT XAXA, ASST. MANAGER, INDIAN BANK SIMDEGA, Pin-340403173 Mo-9006076201 | Indian Bank Simdega | Simdega | |
| 9 | जलडेगा | 2 | P1 | BRIDHI CHANDRA DUNGDUNG, CLERK, Pin-340400105 Mo-9709975911 | UpgGovt Hs Sikariyatanr | Pakartanr | 3 |
| | | | P2 | ANUBHAV PRASHAD, CLERK, Pin- 340401506 Mo- 7999350969 | Block Office Pakartand | Pakartanr | |
| | | | MO | MITHLESH KUMAR, ASST. MANAGER, Pin-340403189 Mo-9709096404 | Bank Of Baroda | Simdega | |
| 10 | कोलेबिरा | 1 | P1 | JIWAN BILUNG, CLERK,Pin-340403502 Mo-7250341723 | ChcSimdega | Simdega | 3 |
| | | | P2 | AJAY TIRKEY, PANCHAYAT SACHIV, Pin-340401495 Mo-9113717035 | Block Office Kurdeg | Kurdeg | |
| | | | MO | SONARAM SINKU, ABM, CBI, Pin-340403170 Mo-9753933519 | Central Bank Of India | Simdega | |
| 10 | बांसजोर | 1 | P1 | AWDESH KUMAR MEHAR, ASST. TEACHER, Pin-340403318 Mo-7739844224 | Atma Office Simdega | Simdega | 3 |
| | | | P2 | PARMESHWAR BHAGAT, PANCHAYAT SACHIV, Pin-340401472 Mo- 9162975526 | Block Office Simdega | Simdega | |
| | | | MO | ANOKHA AMRIT TIRKEY, SPECIAL ASST, BOI Pin-340403203 Mo-7979931781 | Bank Of India Simdega | Simdega | |
| 11 | पालकोट | 1 | P1 | KRITLOCHAN RAM, PANCHAYAT SACHIV,Pin-340401433 Mo-7292877401 | Block Office Thethaitangar | Thethaitangar | 3 |
| | | | P2 | ASIM UJJWAL BHENGRA, ASST. TEACHER, Pin-340403471 Mo - 9709137152 | Gel Ms Kereya | Thethaitangar | |
| | | | MO | AJAY KUMAR, 340403207 OFFICER BANK OF INDIA THETHAITANGER. Mo-8806400393 | Bank Of India Thethaitanger | Thethaitangar | |
| 12 | पालकोट | 2 | P1 | SANJAY KUMAR SAHU, ASST. TEACHER, Pin-340400670 Mo-9939083817 | Gums Sunatoli | Thethaitangar | 3 |
| | | | P2 | AMANULLAH KHAN, ASST. TEACHER, Pin- 340400613 Mo-9973712785 | Gums Techatoli | Thethaitangar | |
| | | | MO | PUNIT PARAFUL TOPPO, OFFICER, Pin- 340403177 Mo-9123233276 | Bank Of India Jaldega | Jaldega | |

उपर्युक्त तालिका में अंकित सभी Polling Team को निदेश दियाजाता है कि पोस्टल बैलेट के द्वारा AVSC एवं AVPD के लिए दिनांक 02 मई 2024 से 07 मई 2024 के बीच नियमानुसार Home Voting कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी/मतदान कर्मी/सुरक्षा कर्मी/BLO एवं विडियो ग्राफर के लिए दिनांक 30.04.2024 को पूर्वाह्न 9:30 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक महिला महाविद्यालय सलडेगा में प्रशिक्षण निर्धारित किया गया है, जिसमें उनके द्वारा अनिवार्य रूप से भाग लिया जायेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, सिमडेगा

PR 324262 Election (24-25)_D

धन आ गया है तो अपने बुजुर्गों का आदर-मान करना न छोड़ दें। उन्हीं के कारण आप आज समाज में सम्मान पा रहे हैं : गौतम बुद्ध



# कोविशील्ड खतरा कम राजनीति ज्यादा

यूरोप के लोगों की तुलना में एशिया के लोगों में इस बीमारी के होने का खतरा दसवां हिस्सा होता है। एस्ट्राजेनेका ने लंदन की अदालत में यूरोपीय लोगों में कोविशील्ड लगाने के बाद दुर्लभ मामलों में टीटीएस के खतरे की बात स्वीकारी है, जो भारत की परिस्थियों में लागू नहीं होता। उन्होंने कहा कि कोरोना टीका लगाने के बाद निगरानी के दौरान भी इस तथ्य की पुष्टि हो चुकी है। वैक्सीन लगाने के बाद कितने समय तक कोरोना से सुरक्षित होने के बारे में पूछे जाने पर आईसीएमआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा कि अब कोरोना से पूरा देश सुरक्षित है और इसके लिए नया वैक्सीन लगाने की जरूरत नहीं है। कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी लंदन की एंस्ट्राजेनेका के बयान के बाद चुनावी मौसम में भारत में भी विवादों के कई मंच सज गए हैं और सबसे अधिक हवा सोशल मीडिया पर दी जा रही है कि कोविशील्ड वैक्सीन लेने वाले खतरे में है। जबकि वैज्ञानिकों का मानना है कि कोरोना की वैक्सीन कोविशील्ड लेने वाले पूरी तरह से सुरक्षित हैं और उन्हें डरने की जरूरत नहीं है।राजनीति के खिलाड़ियों को तो बैठे बिठाए मुद्दा मिल गया। आईसीएमआर के पूर्व महानिदेशक डॉक्टर बलराम भार्गव ने कोविशील्ड वैक्सीन लेने वालों को आश्वस्त किया है कि इसका साइड इफेक्ट वैक्सीन लेने के अधिकतम तीन से चार हफ्तों तक ही हो सकता है। जबकि भारत में वैक्सीन दो-ढाई साल पहले लग चुकी है। ध्यान देने की बात है कि कोविशील्ड वैक्सीन का विकसित करने वाली एस्ट्राजेनेका ने लंदन की अदालत के सामने स्वीकार किया है कि इसके लगाने वालों को दुर्लभ मामलों में खून का थक्का जमने का खतरा (थ्रोम्बोसिसि थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम - टीटीएस) का खतरा हो सकता है।कोविड के बाद ऐसे कुछ मामले आए थे जिसमें युवाओं की भी एकबारगी दिल की धड़कने रुक रही थीं। इसे कोविड से जोड़ा जा रहा था। कोरोना काल में आईसीएमआर के महानिदेशक के रूप में वैक्सीन के विकास और उसके दुष्प्रभावों की जांच की निगरानी में करीब से जुड़े डॉक्टर बलराम भार्गव ने कहा कि कोविशील्ड लेने के बाद टीटीएस या किसी अन्य तरह का साइड इफेक्ट का खतरा अधिकतम तीन से चार हफ्तों तक ही हो सकता है, वो भी दुर्लभ मामलों में ही। उनके अनुसार भारत में कोविशील्ड के 180 करोड़ डोज लगाए गए हैं। लेकिन लगभग नगण्य मामलों में ही इसके साइड इफेक्ट देखे गए और वो भी सामान्य उपचार से ठीक भी हो गए। उन्होंने साफ किया कि वैक्सीन लगाने के दो-ढाई साल बाद इसके साइड इफेक्ट का कोई खतरा नहीं है और इससे बेवजह डरने की जरूरत नहीं है। जबकि भारत में टीकाकरण की निगरानी की सर्वोच्च संस्था नेशनल टेक्नीकल एडवायजरी ग्रुप ऑफ इंडिया (एनटागी) से जुड़े एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा कि टीटीएस एक दुर्लभ बीमारी है। लेकिन भारत समेत दक्षिण एशिया के लोगों में यह और भी कम पाई जाती है।उनके अनुसार यूरोप के लोगों की तुलना में एशिया के लोगों में इस बीमारी के होने का खतरा दसवां हिस्सा होता है। एस्ट्राजेनेका ने लंदन की अदालत में यूरोपीय लोगों में कोविशील्ड लगाने के बाद दुर्लभ मामलों में टीटीएस के खतरे की बात स्वीकारी है, जो भारत की परिस्थियों में लागू नहीं होता। उन्होंने कहा कि कोरोना टीका लगाने के बाद निगरानी के दौरान भी इस तथ्य की पुष्टि हो चुकी है। वैक्सीन लगाने के बाद कितने समय तक कोरोना से सुरक्षित होने के बारे में पूछे जाने पर आईसीएमआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा कि अब कोरोना से पूरा देश सुरक्षित है और इसके लिए नया वैक्सीन लगाने की जरूरत नहीं है। सबसे दुःखद पहलू यह है कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए बिना सभी तथ्यों का अध्ययन किए लोन की प्रवृति बढ़ती जा रही है ।देश की बुनियादी समस्याओं पर चर्चा के बजाय तू तू मैं करने और भावनात्मक मुद्दों को हवा देने वाले लोग भी इस गंभीर मुद्दे पर बिना आधिकारिक जानकारी के आधी अधूरी बातों को फैला रहे हैं जिससे आम लोगों में भय और चिंता फैल गई है जो इन स्वार्थी तत्वों का उद्देश्य है।

निर्णय

# हिन्दू विवाह पर सर्वोच्च अदालत का स्वागतयोग्य फैसला


ललित गर्ग

**देश** की सर्वोच्च अदालत ने हिन्दू विवाह को लेकर बड़ा फैसला देकर न केवल हिन्दू विवाह के संस्कारों एवं पारंपरिक रिवाजों को पुष्ट किया है बल्कि उन्हें कानूनी दृष्टि से आवश्यक स्वीकार किया है। आज जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक-संस्था को मजबूती मिलेगी। हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी 'गाने और डांस', 'शराब पीने और खाने' का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजेक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज-व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। अधिनियम के अनुसार, एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के पारंपरिक संस्कारों और समारोहों के अनुसार संपन्न किया जाएगा। समारोहों में सप्तपदी (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र



अग्नि के चारों ओर संयुक्त रूप से सात कदम उठाना) शामिल है, और जब वे सातवां चरण एक साथ लेते हैं तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है। कुल मिलाकर हिन्दू विवाह एक संस्था है, संस्कार है और विवाह कोई व्यावसायिक लेन-देन नहीं है। कोर्ट ने जोर दिया है कि हिंदू विवाह की वैधता के लिए सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर सात फेरे) जैसे उचित संस्कार और उससे जुड़े समारोह जरूरी है। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है। कोर्ट की सात फेरों और उससे जुड़े समारोह का मूल्य समझाने की यह कोशिश हिन्दू विवाह को न केवल मजबूती प्रदान करेंगी बल्कि आधुनिकता की आंधी में धुंधलाते मूल्यों को नियंत्रित करने का काम करेगी। इसमें कोई शक नहीं कि विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले की तुलना में कम हुआ है, अब विवाह बहुतों के लिए एक दिखावा, मजबूरी या समझौता भर रह गया है। न्यायमूर्ति बी नागरत्ना ने अपने प्रासंगिक एवं उपयोगी फैसले में बिल्कुल सही कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। पारंपरिक संस्कारों या सात फेरों जैसी रीतियों के बिना हुए विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के अनुसार हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा। इस वजह से कोर्ट ने युवा पुरुषों और महिलाओं से आग्रह किया हैं कि वो विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले इसके बारे में गहराई से सोचें और भारतीय समाज में उक्त संस्था कितनी पवित्र है, इस पर विचार करें। प्रश्न है कि हिन्दू विवाह को लेकर कोर्ट को जागरूक होने एवं हिन्दू संस्कारों को मजबूती देने की जरूरत क्यों पड़ी? हिन्दू विवाह से जुड़े संस्कारों एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों को लेकर अनेक मामले कोर्ट की चौखट पर आते रहे हैं, हर बार कोर्ट सजगता, दूरदर्शिता एवं विवेक से विवाह-संस्था से जुड़े मामलों पर अपना नजरिया प्रस्तुत करती रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले दिनों यह माना कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान का समारोह जरूरी नहीं है। उस फैसले में भी सप्तपदी के महत्व को दर्शाया गया था। मध्यप्रदेश की एक परिवार अदालत के फैसले में महिला पक्ष को यह समझाया गया था कि सिंदूर लगाना एक विवाहित हिंदू महिला का धार्मिक कर्तव्य होता है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले में ऐसी ही समझाइश की कोशिश झलकती है। कुल मिलाकर, न्यायालय का संदेश यह है कि फिजूल के तमाशे-दिखावे से बचते हुए विवाह के मूल अर्थ को समझना चाहिए। हिंदू विवाह को लेकर अब ज्यादा स्पष्टता की जरूरत है और विशेषतः हिन्दू संस्कारों एवं संस्कृति को बल देने की भी। क्योंकि भारत में परिवार संस्था कायम है तो इसका कारण हिन्दू संस्कार एवं परम्पराएं ही हैं। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। हिन्दू विवाह एक आदर्श परम्परा एवं संस्कार है। हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से हिंदू विवाह के नाम से जाना जाता है। अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी क बीच जन्म-जन्मांतरों का सम्बंध होता है जिसे किसी भी परिस्थिति में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के सात फेरे लेकर और ध्रूव तारा को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं। यह दो परिवारों का भी मिलन है। हिंदू विवाह में पति और पत्नी के बीच शारीरिक संम्बंध से अधिक आत्मिक संम्बंध होता है और इस सम्बंध को अत्यंत पवित्र माना गया है। हिन्दू विवाह का न केवल पारिवारिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व है, बल्कि उसका गहन आध्यात्मिक महत्व भी है। हिंदू धर्म ने चार पुरुषार्थ (जीवन की चार बुनियादी खोज), यानी धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष निर्धारित किया है। विवाह संस्कार का उद्देश्य 'काम' के पुरुषार्थ को पूरा करना और फिर धीरे-धीरे 'मोक्ष' की ओर बढ़ना है। एक पुरुष और महिला के जीवन में कई महत्वपूर्ण चीजें शादी से जुड़ी होती हैं; उदाहरण के लिए, पुरुष और महिला के बीच प्यार, उनका रिश्ता, संतान, उनके माता-पिता, उनके जीवन में विभिन्न सुखद घटनाएं, सामाजिक स्थिति और समृद्धि। हिंदू समाज में एक विवाहित महिला को अत्यंत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। उसके माथे पर कुमकुम-सिन्दूर के साथ एक महिला की दृष्टि, उसके गले में एक मंगलसूत्र पहने हुए, हरी चूड़ियाँ, पैर के अंगूठे के छल्ले और छह या नौ-यार्ड साड़ी स्वचालित रूप से एक पर्यवेक्षक के मन में उसके लिए सम्मान उत्पन्न करता है। हिंदू विवाह के सात वचनों में से, कम से कम तीन ऐसे हैं, जहां जोडे अपने बुजुर्गों की देखभाल करने का वादा करते हैं। पांचवां वचन अपनी संतान पैदा करने और उसकी देखभाल करने का है। हाल के वर्षों में, भारत में हिन्दू विवाह परम्परा एवं संस्कृति से अनेक विसंगतियां एवं विकृतियां जुड़ गयी है, डेटिंग संस्कृति की शुरूआत के साथ, लव-मेरिज का प्रचलन बढ़ा है। संभावित दूल्हा और दुल्हन अपने दम पर जीवनसाथी चुनना पसंद करते हैं। आज के रोमांटिक-रिश्ते वास्तव में विवाह नहीं हैं, बल्कि एक नई प्रथा है, जिसके विपरीत प्रभाव से परिवार-संस्था बिखरने लगी है। विवाह के साथ प्रीवेडिंग का प्रचलन भी अनेक विकृतियों का वाहक बना है, बड़े-बडे. भव्य आयोजन एवं होटल संस्कृति ने भी विवाह की पवित्रता को धुंधलाया है। आयोजनों में शराब एवं अन्य नशों का बड़ा प्रचलन भी दुर्घटनाओं का कारण बना है। जिनके कारण विवाह होने से पहले ही उसमें दरारें पड़ते हुए देखी गयी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### अपने-अपने मौसम

***अभी*** गर्मी का मौसम है। वैसे तो गर्मी के मौसम को लेकर कई कविताएं और कहानियां लिखी गई हैं, लेकिन गर्मी की महिमा कम और इसके कारण परेशानियों को जिक्र ज्यादा किया गया है। वैसे हम सब जानते हैं कि गर्मी का मौसम का आना आवश्यक है नहीं तो हम सब बरसात का मौसम का लुत्फ नहीं उठा सकते हैं। साथ ही हम खेती-बारी नहीं कर पाते। वहीं कई समृद्ध लोग गर्मी के मौसम का मजा लेने के लिए कश्मीर , शिमला और मनाली चले जाते हैं। सच बात तो यह है कि बहुत कम देश ऐसे हैं जहां जाड़ा,गर्मी और बरसात का मौसम आता हो। वैसे भी लोग कहते रहें लेकिन, ना तो आम आदमी को इस मौसम से कुछ लेना-देना रहता है और ना ही सरकार को। मौसम कोई भी हो लोग अपने-अपने ढंग से इसकी आलोचना करते रहते हैं। बरसात के मौसम में दो-चार दिन भी हो जाये, तो कहेंगे काफी बारिश हो रही है। ठंड लगेगी को तो कहेंगे काफी ठंड पड़ रही है। गर्मी हो तो कहेंगे ,काफी गर्मी पड़ रही है। वहीं सरकार बरसात में नालियों की सफाई और घर में प्रवेश कर गए पानी पर अपनी सफाई देती रहेगी। सड़क पर बहते पानी के लिए लोग प्रशासन और सरकार को दोष देते फिरेंगे। लेकिन दुकानदार यह नहीं बतायेंगे कि नाली के ऊपर उन्होंने ने ही दुकान बना दी है और दुकान का सारा कचरा नाली में डाल रहे हैं। अतिक्रमण करने वाले भी अतिक्रमण हटाने पर अपनी रोजी-रोजगार का हवाला देकर सरकार और प्रशासन को गरीबों का दुश्मन बनाने पर तुल जायेंगे। वैसे भी अतिक्रमण कर अपनी दुकान चलाने वाले सभी गरीब नहीं होते हैं। बरसात में नदी क्षेत्र का अतिक्रमण करनेवाले बाढ़ की शिकायत कर सरकार से मुआवजे की मांग करेंगे। और तो और कई जगहों पर नदी और तालाब का इतना अतिक्रमण हो गया है कि वह नदी और तालाब नाले में तब्दील हो गई है। इसके लिए कोई प्रयास भी नहीं किया जाता है। अपने गली-मुहल्ले में अतिक्रमण के खिलाफ भी नहीं उठेंगे, लेकिन सरकार की नाकायाबी पर भरपूर गुस्सा उतारेंगे। मौसम तो आते जाते रहते हैं। इनमें कुछ तो हमें पसंद आते हैं। कुछ नहीं लेकिन आप जरूर इस बात को जानते होंगे कि कुछ लोग ठंड के मौसम को अच्छा कहते हैं तो कुछ गर्मी के मौसम वैसे बरसात के मौसम को अच्छा मानते हैं। कुल मिलाकर हम यह कह सकते हैं कि सब के अपने अपने मौसम हैं। कुछ के लिए अच्छा और कुछ के लिए खराब है।

**- ज्ञान कुमार, मेदिनीनगर।**

चुनाव पर चर्चा

# आम चुनाव और मुस्लिम तुष्टिकरण का विकृत खेल


मृत्युंजय दीक्षित

***आम*** चुनाव के मतदान के दो चरण समाप्त हो जाने के बाद सभी राजनीतिक दलों को जनता के मध्य अपनी स्थिति की वास्तविकता का कुछ सीमा तक पता चल गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की सम्भावना वाली भारतीय जनता पार्टी को रोकने के लिए विपक्ष ने एक बार फिर मुस्लिम तुष्टिकरण का विकृत खेल खेलना प्रारम्भ कर दिया है। तथाकथित इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता लगातार भड़काऊ और नफरत भरी बयानबाजी कर रहे हैं, जिसमें अब वोट जिहाद और तालिबान भी आ गया है। दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ आतंकी फंडिंग मामले में सजा काट रहे यासीन मलिक का फोटो लगाया गया है। पोस्टर में यासीन मलिक की रिहाई के साथ कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई है। हालांकि जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने यह पोस्टर हटा दिया। आतंकी यासीन मलिक कुख्यात अलगवावादी है जिससे 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुलाकात की थी। कांग्रेस केरल में प्रतिबंधित पीएफआई जैसे संगठनों का सहयोग ले रही रही है और सनातन विरोधी बयानों पर चुप्पी साधे हुए है। मुस्लिम तुष्टिकरण का यह खुला खेल कांग्रेस ही नहीं अपितु भारत की सभी वामपंथी और अधिकांश क्षेत्रीय पार्टियां जमकर खेल रही हैं फिर चाहे वो उत्तर प्रदेश हो बिहार हो या पश्चिम बंगाल। विगत 10 वर्ष और अटल जी के कार्यकाल को छोड़ दें तो केंद्र तथा राज्यों में कांग्रेस व उसके गर्भ से निकले दलों व नेताओं ने ही सत्ता पर एकछत्र राज किया। ये सभी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भाजपा को हराने की बात करने वालों तथा कट्टरपंथियों का समर्थन कर मतदान को मजहब के आधार पर प्रभावित किया करते थे। भाजपा द्वारा धर्मनिरपेक्षता की सच्ची रेखा खींचने के बाद इन दलों के नेताओं के सामने अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने का संकट खड़ा हो गया है और ये वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अभी तक सपा, बसपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दल अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी जैसे माफिया को अपने राजनीतिक लाभ के लिए पाला पोसा करते थे अब उनके लिए फातिहा पढ़ रहे हैं और धूर्तता के साथ उन्हें गरीबों का मसीहा बताकर मुसलमानों का वोट मांग रहे हैं।

> **देश का राजनीतिक भविष्य तय करने वाले इन चुनावों में एक और विडम्बना देखने को मिल रही है कि राष्ट्र विकास के मुद्दों एवं आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने की कोई चर्चा नहीं है।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से

**Kumar Dinesh**
1 d ·
क्या पटना नगर निगम कभी ऐसा स्वच्छ -सुंदर उपहार नागरिकों को कभी दे पाएगा?

**Hemsagar Desai** · Follow
24 Apr ·
Best View of Colors of Ahmedabad. Gujarat, India 🇮🇳 ❤️



5 · 2 comments
Like · Comment · Send · Share

## X - से

**Akhilesh Singh** @akhileshsi1 · 1h
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो शेयर करने के मामले में झारखंड कांग्रेस के एक्स अकाउंट को सस्पेंड कर दिया गया है। इसी मामले में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को भी दिल्ली पुलिस ने पूर्व में नोटिस भी किया था।

@INCJharkhand
Not followed by anyone you're following
Account withheld
@INCJharkhand has been withheld in IN in response to a legal demand. Learn more.

1 · 16 · 455

**Election Commission of India** · 18h
"मैं भारत हूं भारत है मुझमें..."
भारत की विभिन्न भाषाओं में दर्शाया गया भारत निर्वाचन आयोग का यह थीम सॉन्ग देश के मतदाताओं से चुनाव के पर्व में शामिल हो मतदान करने का आव्हान करता है।
#ChunavKaParv #DeshKaGarv
#IVote4Sure
#GeneralElection2024

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# आखिर कब सुनिश्चित होंगे श्रमिकों के समग्र हित


अरुण कुमार दीक्षित

***भारत*** को स्वाधीन हुए 76 वर्ष हो गए हैं। श्रमिकों को अभी तक उनके अधिकार नहीं मिले । मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार नहीं आए। मई दिवस अर्थात मजदूर श्रमिक दिवस इस परिश्रमी में वर्ग को समर्पित है। मई दिवस अमेरिका में मजदूरों के आंदोलन से शुरू हुआ था। भारत में इसे 1मई 1923 को मद्रास चेन्नई में मनाया गया। यहां पर भी मजदूर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान ने मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने ही मजदूर दिवस का शुभारंभ किया। मजदूर को काम करने के घंटे निर्धारित नहीं थे। समय निर्धारित न होने के कारण श्रमिक वर्ग के सामने बड़ा संकट था। 1 मई 1886 को अमेरिकी मजदूरों द्वारा आंदोलन किया गया। इस आंदोलन से पूरे विश्व के मजदूर वर्ग का लाभ हुआ। भारत में अनेक मजदूर संगठन है। भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) सबसे बड़ा संगठन है। मजदूरों को उनके अधिकार दिलाने में बीएमएस की बड़ी भूमिका है। पूंजीपतियों, उद्योगपतियों द्वारा मजदूर श्रमिकों को आदर भाव से नहीं देखा जाता। उन्हें समय से मजदूरी नहीं मिलती। उद्योग परिसरों में मजदूरों को उनके रहने की ठीक व्यवस्था नहीं है। पीने का पानी भी ठीक नहीं मिलता। इतना ही नहीं, इन उपेक्षित और राष्ट्र निर्माता कामगार वर्ग से उद्योगों के मालिक उनके अधिकारी सम्मानजनक ढंग से बात भी नहीं करते। मजदूरों के बीमार होने पर वह इलाज का समुचित प्रबंध भी नहीं करते। प्राथमिक इलाज देने में भी यह उद्योगपति पीछे रहते हैं। मशीन से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने या मृत्यु होने पर भी यह उद्योगों के स्वामी मजदूर को किसी भी अस्पताल में बमुश्किल पहुंचा कर गायब हो जाते हैं। परिजनों को सूचना नहीं देते हैं। बीमार होने पर मजदूर को अपनी कंपनी से सीधे निकाल देते हैं। अनेक ऐसे उद्योग हैं जो शरीर के लिए घातक हैं। इस तरह के उद्योगों द्वारा शारीरिक सुरक्षा के उपकरण भी नहीं दिए जाते हैं। अनेक प्रकार के एसिड केमिकल शीशा आदि की कंपनियों में काम करने वाले मजदूरों को घातक कैंसर जैसी बीमारियां जकड़ लेती हैं। बीमार हो जाते हैं। कई बार मृत्यु तक हो जाती है। परिणाम स्वरूप पीड़ित मजदूर की नौकरी जाना तय होता है। उद्योग में काम करने वाले मजदूरों की स्थिति भयावह है। इसमें महिला मजदूरों के सामने अपने छोटे बच्चों के पालन पोषण के साथ काम करना भारी कठिनाई भरा है। कृषि क्षेत्र में लगे मजदूरों की भी बड़ी समस्याएं हैं। यह कार्य अल्प समय का होता है। फसल काटने से खलिहान तक काम मिलता है। इसके बाद मजदूर बेकार हो जाते हैं। अब आधुनिक मशीनों का खेती में प्रयोग बढ़ा है। धान और गेहूं, सरसों कपास आदि की फसले ऐसी हैं जिन्हें मशीन खेत में काटकर काम समाप्त कर देती है। खलिहान अब सूने हो गए हैं। कुशल, अकुशल, अर्ध कुशल, संगठित असंगठित आदि कई श्रेणी के मजदूर हैं। कुछ का अनुबंध होता है। शेष बिना अनुबंध के काम करने को मजबूर होते हैं। एक जानकारी के अनुसार भारत में 38 करोड़ असंगठित निर्माण क्षेत्र के मजदूर हैं। इनमें रेहड़ी-पटरी घरेलू कामगारों को पंजीकृत करने की योजना भारत सरकार ने चला रखी है। इस योजना में ई, श्रम कार्ड 12 अंकों का जारी किया जाता है।

**(ये लेखकर के निजी विचार हैं।)**

## बोधि वृक्ष

# त्रेता युग में निर्मित विष्णु मंदिर

यहां माता उमंगेश्वरी एवं सूर्य की प्रतिमा, भगवान शंकर, गणेश, गौरी शंकर, बटुक भैरव एवं नंदिनी, भैंसासुर द्वार, भूतनाथ मंदिर, कुल देवी, शिव-पार्वती मंदिर, दशभुजी गणेश मंदिर आदि कई विलुप्त मंदिरों के प्रमाण यहां आज भी मौजूद हैं। प्रमाण तो मुगलों के अत्याचार के भी हैं जिन्होंने क्रूरता पूर्वक इन ऐतिहासिक निशानियों को समूल नष्ट और ध्वस्त करने की अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश की थी । लेकिन आज भी गरुड़ ध्वज, दूध रूपी जल,1100 टन का पर्वत देवी के शीर्ष पर विराजमान, महल का गुप्त द्वार, द्वार पर विराजमान भगवान हनुमान का गढ़ (हनुमान गढ़ी), असुर राजा महिषासुर का द्वार, भगवान पार्श्वनाथ की अद्भुत प्रतिमा, राजा दशरथ जी के निधन के बाद राजा रामचन्द्र जी, लक्ष्मण जी एवं माता सीता को श्राद्ध हेतु कार्य के लिए इस पर्वत पर आगमन के प्रतीक चिन्ह यहां आज भी विद्यमान हैं। यह पर्वत वैदिक-ऐतिहासिक काल, महाजनपद युग, मौर्यकालीन, गुप्तकालीन और मगध साम्राज्य के उत्थान और पतन का भी गवाह रहा है । यह इलाका एक से बढ़ कर एक राजाओं के गढ़, राजाओं द्वारा छठ पर्व एवं पूजा अर्चना के लिए निर्मित किये गये रानी पोखर, सूर्यवंशी और चंद्रवंशी राजाओं के मिलन स्थल, जैन और बुद्ध धर्म के प्रचार प्रसार स्थल का भी गवाह रहा है।



**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# फेसबुक- इस्टाग्राम यूज करना हो सकता है पेड


पहले, यह एक अत्यधिक संवेदनशील और अनिश्चित समय में फेसबुक और इंस्टाग्राम के लिए अधिक आमदनी उत्पन्न करने का एक तरीका है। दूसरे, यह उन्हें अधिक उपयोगकर्ता के अनुभव पर ध्यान केंद्रित करने का एक तरीका है, जिससे उन्हें अधिक उपयोगकर्ता आकर्षित कर सकते हैं। इस नए फीस मॉडल के साथ, फेसबुक और इंस्टाग्राम का भविष्य भी काफी अनिश्चित है। अब तक, ये सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स उपयोगकर्ताओं के लिए मुफ्त थे, लेकिन अब यह बदल चुका है। यह निर्णय निश्चित रूप से सोशल मीडिया उद्योग में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन का प्रतीक है, और इसका असर सभी स्तरों पर महसूस होगा। फेसबुक और इंस्टाग्राम ने अपने उपयोगकर्ताओं से सेवाओं के लिए फीस लेने का फैसला किया है, जो सोशल मीडिया प्लेटफार्म के इस नए अद्यतन को दर्शाता है। इस नए मॉनेटाइजेशन मॉडल का प्रभाव अधिकांश छोटे उद्योगों पर होगा, जो अब अधिक खर्च करने के लिए तैयार होना होगा। यह फैसला उपयोगकर्ताओं के उपयोग के स्वतंत्रता पर भी असर डाल सकता है, और इससे सोशल मीडिया उद्योग में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन का संकेत है।




**(समाप्त)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# रामलला के दरबार में पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अयोध्या के राम मंदिर पहुंचीं और राम लला के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने रामलला की आरती भी की। राम मंदिर बनने के बाद यह राष्ट्रपति का पहला अयोध्या दौरा है। राम मंदिर आने से पहले राष्ट्रपति ने अयोध्या के श्री हनुमान गढ़ी मंदिर जाकर दर्शन और आरती की। राम मंदिर में दर्शन से पहले राष्ट्रपति सरयू नदी के घाट पर महाआरती में भी शामिल हुईं। राष्ट्रपति ने कुबेर टीला में भी पूजा की और दिव्य पक्षी जटायु की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## हम पौष्टिक आटा के साथ डाटा भी फ्री देंगे : अखिलेश यादव

**बदायूं।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बदायूं में आदित्य यादव के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग संविधान और हमारी-आपकी जान के पीछे पड़े हैं। ये संविधान बदलना चाहते हैं। अखिलेश यादव ने कोविशील्ड वैक्सीन के 'साइड इफेक्ट्स' को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन्होंने वैक्सीन लगवाई, वो लोग भी भाजपा के खिलाफ मतदान करेंगे। यह भाजपा वाले आपदा में अवसर देख रहे थे। भाजपा के लोग कहते हैं कि 80 करोड़ लोगों को राशन बांटा। दूसरी तरफ कह रहे हैं कि हम गरीबी रेखा से लोगों को बाहर निकाल रहे हैं।

## अमेरिका के कई विवि में फिलिस्तीन समर्थकों ने भवनों पर किया कब्जा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक भवनों में फिलिस्तीन समर्थकों ने कब्जा कर लिया है। हालात को काबू करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी है। पुलिस ने हिंसा से निपटने के लिए सैकड़ों फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। अमेरिका के प्रमुख समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में हालात की भयावहता पर विस्तार से चर्चा की है। अमेरिकी शैक्षणिक परिसरों में बढ़ती हिंसा से निपटने के लिए पुलिस बुलाई गई है। लगभग सारे अमेरिका में यही हालात है। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने डेरा डाल दिया है। कई शैक्षणिक भवनों को अपने कब्जे में ले लिया है। वह यहां से हटने के लिए तैयार नहीं हैं। इन परिसरों में पुलिस दाखिल हो चुकी है। लॉस एंजिल्स का कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय हिंसक झड़पों का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 200 प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने उस भवन को निशाना बनाया जहां फिलिस्तीनी समर्थक जमे हुए हैं। इस समूह ने भवन को गिराने का प्रयास किया।

# भ्रष्टाचारियों का कुनबा है इंडी गठबंधन आधे बेल पर व आधे जेल में : जेपी नड्डा

**एजेंसी। पटना/अररिया**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को अररिया में कांग्रेस, राजद और इंडी गठबंधन पर करारा प्रहार किया। नड्डा ने राजद का मतलब रिश्वतखोर, जंगलराज व दलदल बताया। उन्होंने इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि यह गठबंधन भ्रष्टाचारियों का कुनबा है। इसमें आधे बेल पर और आधे जेल में हैं। ये लोग हर तरह का हथकंडा अपनाते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा यहां एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। जेपी नड्डा ने इंडी गठबंधन को राम विरोधी और देश विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि इन लोगों को राम मंदिर के परेशानी थी। मोदी के प्रयास से राम मंदिर बनवाया गया। नरेन्द्र मोदी देश की सेवा दस साल से कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य गरीब कल्याण और सुशासन है तो दूसरी आरे राजद और कांग्रेस है, यह परिवार कुशासन की ओर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि कोरोना के वक्त अमेरिका भी समझ नहीं



पाया कि लॉकडाउन लगाए या हटाएं, लेकिन मोदी ने कड़ाई से लॉकडाउन का पालन कराया। जेपी नड्डा ने कहा कि लालू यादव कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मटन बनाना सिखा रहे हैं। ये कैसी जुगलबंदी है। लालू यादव ने कभी भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ हुए जेपी आंदोलन में हिस्सा लिया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस-राजद वाले कोरोना वैक्सीन को लेकर सवाल उठा रहे थे। ये लोग लोगों को गुमराह करते रहे और खुद चुपचाप जाकर वैक्सीन लगवा रहे थे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने देश के आम जनों की सेवा की है। अररिया में गजब का उत्साह और ऊर्जा देखने को मिल रही है। ये मुझे आश्वस्त कर रहा है कि आपने प्रदीप सिंह को तीसरी बार सांसद बनाने का फैसला कर लिया है।इस मौके पर भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सिंह ने कहा कि वह दो बार से सांसद हूं। अररिया में 400 पुल, 1000 किमी रोड बनवाया है। आज भी किराए के गर में रहता हूं। अररिया में ढाई लाख प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनवाए हैं। उन्होंने लोगों से एक बार फिर भाजपा को जिताने की अपील की।

## हम कश्मीर के लिए नैतिक, राजनीतिक समर्थन जारी रखेंगे : पाक सेना प्रमुख

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर ने गुरुवार को कहा कि भारत पाकिस्तान का कट्टर प्रतिद्वंद्वी है और उनका मुल्क कश्मीर के लिए नैतिक, राजनीतिक, राजनयिक समर्थन देना जारी रखेगा।

खैबर पख्तूनख्वा के रिसालपुर में असगर खान अकादमी में पाकिस्तान वायुसेना की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने 2019 की भारत-पाक स्थिति को याद करते हुए कहा, भारत हमारा कट्टर प्रतिद्वंद्वी है, पाकिस्तान कश्मीर के लिए मुल्क के लोगों और सैनिकों को नैतिक, राजनीतिक, राजनयिक समर्थन देना जारी रखेगा।

मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान की सेना अपने मुल्क की जमीन और सरहदों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सेना अपने मुल्क में आतंकवाद के खिलाफ अपनी मुहिम जारी रखेगा। बेकसूर बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की बेवजह नृशंस हत्या कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हिंसापूर्ण घटनाओं पर काबू पाने



में अपनी भूमिका पुरजोर तरीके से निभाती रहेगी।

उन्होंने कहा कि भारत ने कश्मीर पर अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है और इसके उलट पाकिस्तान के बारे में सोशल मीडिया के जरिए प्रोपगेंडा फैला रहा है। मुल्क के लोगों से अपील है कि वे इस तरह की चीजों पर यकीन न करें, अफवाहों से पर्दा हटेगा और सच्चाई एक दिन जरूर दुनिया के सामने आएगी।

मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान की वायुसेना मुल्क के लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेगी। वायुसेना संकट की हर घड़ी में मुल्क के लोगों की मदद करती रही है और करती रहेगी।

## महाराष्ट्र में पांच चरण में मतदान में चुनाव आयोग की भूमिका संदेहास्पद : शरद पवार

**एजेंसी। मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि देश में सात चरणों और महाराष्ट्र में पांच चरणों में चुनाव करवाने में चुनाव आयोग की भूमिका संदेहास्पद है। इसके साथ ही चुनाव में मतदान का प्रतिशत घटना और भी चिंताजनक है। एनसीपी नेता शरद पवार ने कहा कि देश की जनता मोदी सरकार से नाराज है, इसी वजह से उनकी भीड़ हमारी सभाओं में दिखती है। मोदी को महाराष्ट्र में पिछले साल की तुलना में कम सीटें मिलेंगी। गर्म मौसम का असर मतदान पर पड़ रहा है। चुनाव आयोग को इस दिशा में उपाय योजना करने की जरुरत है।शरद पवार ने सवाल उठाया कि चुनाव आयोग ने देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव क्यों कराये? इसका समाधानकारक उत्तर चुनाव आयोग नहीं दे सका है। महाराष्ट्र में भी इससे पहले कभी पांच चरण का मतदान नहीं हुआ था। पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में अलग-अलग चरणों में चुनाव क्यों? एक चरण में भी चुनाव कराए जा सकते थे। मोदी बार-बार महाराष्ट्र आ रहे हैं ताकि उन्हें ज्यादा जगहों पर जाने का मौका मिल सके, जानबूझ कर पांच चरणों में चुनाव कराए गए।शरद पवार ने दावा किया कि मतदान प्रतिशत कम होना भी चिंताजनक है। गर्म मौसम का असर है। शहरी मतदान में महाराष्ट्र के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। लोग मोदी सरकार से नाराज हैं।

## भाजपा ने ओबीसी आरक्षण पर कांग्रेस को बनाया निशाना

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने गुरुवार को एससी-एसटी और ओबीसी के आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस शासित कर्नाटक में मुस्लिमों को ओबीसी के आरक्षण के संदर्भ में मौर्य ने कहा कि कांग्रेस धर्म, जाति आधारित वोटबैंक और तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है।बेबी रानी मौर्य ने भाजपा के केंद्रीय मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस देश की जनता को यह लिखित में यह बताये कि आईएनडीआईए धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जामिया मिलिया विश्वविद्यालय में एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण क्यों खत्म किया? इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण को लेकर धर्म आधारित वोटबैंक और तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है।मौर्य ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रावधान नहीं किया है लेकिन विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए के नेता एसी, एसटी, ओबीसी के हक का आरक्षण छीनकर धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डॉ. अंबेडकर के सपनों को आज पूरा कर रहे हैं।

# प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का मस्तक ऊंचा किया : राजनाथ सिंह

**एजेंसी। पटना/सारण**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि भाजपा सरकार में देश का प्रभाव बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का मस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऊंचा किया है। आज दुनिया के लोग भारत की बातों को बड़े गौर से सुनते हैं।राजनाथ सिंह ने सारण से भाजपा उम्मीदवार राजीव प्रताप रूड़ी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि पहले कांग्रेस की सरकारों को आपने देखा है। केवल जम्मू-कश्मीर ही नहीं बल्कि देश के किसी ना किसी राज्य में आतंकी घटनाएं होती रहती थीं, लेकिन आज भाजपा सरकार में आतंकी घटनाएं बंद हैं, जम्मू-कश्मीर में कभी छिटपुट ऐसी घटना भले सामने आ जाए।उन्होंने मोदी सरकार के कदम की सराहना की और कहा कि आपको रक्षा मंत्री होने के नाते आश्वस्त करता हूं कि



देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आज देश के पास वो ताकत है कि भारत सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी तो सीमा के उस पार जाकर भी मार सकता है। ये हमारी ताकत है।राजनाथ सिंह ने कहा कि राजीव प्रताप रूड़ी ने अपने क्षेत्र में जमकर सेवा की है। रूड़ी अपने क्षेत्र में ज्यादा काम करते हैं। रूड़ी को सबका भरपूर समर्थन मिलना चाहिए। रूड़ी बहुत कुशल पायलट हैं, अपने प्रतिद्वंदी को हवा में ही उड़ा देंगे। यही नहीं जहां भी एनडीए के उम्मीदवार हैं वहां उनको समर्थ दीजिए। उन्होंने कहा कि रूड़ी सिर्फ सांसद नहीं एक बड़ी हस्ती भी हैं। इसलिए क्षेत्र के विकास के लिए अब तक आपने जिताया है तो फिर मौका दीजिए। इससे पहले सारण के सांसद और इस सीट से भाजपा उम्मीदवार रूड़ी ने अपना नामांकन दाखिल किया। पत्नी और दोनों बेटियों के साथ वो समाहरणालय पहुंचे।

## कोलंबिया विवि और सिटी कॉलेज में विरोध प्रदर्शन करने पर 300 लोग गिरफ्तार

**एजेंसी। लॉस एंजिलिस**

कोलंबिया विश्वविद्यालय और सिटी कॉलेज में फलस्तीन समर्थकों के प्रदर्शन करने पर पुलिस कार्रवाई में लगभग 300 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने यह जानकारी दी। लॉस एंजिलिस स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूसीएलए) में बुधवार को फलस्तीन समर्थक और इजराइल समर्थक समूहों के बीच झड़प हो गई। फलस्तीन समर्थक और इजरायल समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच रात भर यूसीएलए परिसर में हिंसक झड़प हुई और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दंगा रोधी साजो-सामान के साथ पुलिस पहुंची। लोगों ने एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकी। लाठियों से लैस कुछ लोग दूसरों को पीटते नजर आए। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने लोग घायल हुए हैं।

पुलिस ने पिछले दो हफ्तों में पूरे अमेरिका में अन्य परिसरों में फलस्तीन-इजराइल संघर्ष को लेकर किए जा रहे प्रदर्शनों पर भी कार्रवाई की है और करीब 1,000 से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है।

## दिल्ली में असिस्टेंट प्रोफेसर से लूटपाट करने वाला शख्स गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बैटरी रिक्शा में यात्रा करते समय एक असिस्टेंट प्रोफेसर पर हमला कर उनके साथ लूटपाट करने के आरोप में 32 वर्षीय एक शख्स को गिरफ्तार किया है। घटना 29 अप्रैल को हुई, जब बागपत (उत्तर प्रदेश) के दिगंबर जैन कॉलेज की प्रोफेसर नमिता जैन ने जीटी रोड पर अप्सरा बॉर्डर से मानसरोवर की ओर जाने वाला एक बैटरी रिक्शा किराए पर लिया था।

## आज का राशिफल

**मेष** — जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी।

**वृषभ** — कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**मिथुन** — बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**कर्क** — शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खान-पान में सावधानी रखें।

**सिंह** — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या** — शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेंगे। शुभांक-2-5-7

**तुला** — सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** — समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**धनु** — प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**मकर** — कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**कुम्भ** — दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेगी। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यो का मलाल, अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**मीन** — व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

# अमित शाह फेक वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस तेलंगाना कांग्रेस के दफ्तर पहुंची

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छेड़छाड़ किए गए वीडियो मामले की जांच तेजी से चल रही है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की एक टीम ने गुरुवार को हैदराबाद में तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दफ्तर 'गांधी भवन' का दौरा किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने यह भी कहा कि टीम ने तेलंगाना में स्थानीय पुलिस से मुलाकात की और कुछ नेताओं के बारे में विवरण मांगा, जिन्हें नोटिस दिया गया है।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण



की समाप्ति के बाद अमित शाह का एक छेड़छाड़ किया गया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जहां राज्य में मजहब के आधार पर आरक्षण कोटा खत्म करने के उनके बयान को बदल दिया गया और यह डाल दिया गया कि वो सभी आरक्षण खत्म करने की वकालत कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री योगी का डीप फेक वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का एक डीप फेक वीडियो वायरल हुआ है। इसे नोएडा के एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर वायरल किया है। इस मामले में सेक्टर-36 स्थित साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 1 मई को एक एक्स हैंडल 'श्याम गुप्ता आरपीएसयू' से सीएम योगी का डीप फेक वीडियो अपलोड किया गया। इस वीडियो में भ्रामक तथ्य दिए गए थे और देशविरोधी तत्वों को बल मिलने की आशंका थी। जांच के बाद साइबर क्राइम थाना प्रभारी ने बरौला निवासी श्याम गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी रेहड़ी-पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन के उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष भी है।

## न्यूज | बॉक्स

### नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर दो सगे भाईयों की हत्या कर दी

**बीजापुर।** जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छूटवही के जंगलो में नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर दो ग्रामीणों माड़वी जोगा एवं माड़वी हुंगा की हत्या कर दी हैं, दोनों ग्रामीण सगे भाई थे। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से बौखलाये नक्सली अब निर्दोष ग्रामीणों की हत्या कर अपने कमजोर पड़ चुके नक्सली संगठन के मनोबल को बनाये रखने एवं इलाके में अपना खौफ के साम्राज्य को बचने का प्रयास कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस व सुरक्षा बल के जवान इन दिनों नक्सलियों पर पूरी तरह से हावी नजर आ रहे हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार हो रहे सर्चिंग, गश्ती और मुठभेड़ में बड़े पैमाने पर नक्सली मारे जा रहे हैं, अप्रेल माह मे ही 50 से अधिक नक्सली मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं, वहीं वर्ष 2024 में अब तक चार माह में कुल 91 नक्सली मारे गये हैं जिसमें अधिकतर बड़े कैडर के 25 लाख तक के ईनामी नक्सली शामिल हैं।

### दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मचारी हटाए गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के आदेश के बाद दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) से 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। आरोप है कि डीसीडब्ल्यू की तत्कालीन अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर इनकी नियुक्ति की थी। डीसीडब्ल्यू के आदेश की कापी गुरुवार को एक्स पर साझा की गई। आदेश में डीसीडब्ल्यू एक्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि आयोग केवल 40 कर्मचारियों को ही रख सकता है, लेकिन उप राज्यपाल की मंजूरी के बिना 223 नए पद बना दि गए हैं। आयोग के पास संविदा पर कर्मचारियों को नियुक्त करने का अधिकार नहीं है। उधर, इस फैसले की मालीवाल ने कड़ी आलोचना की है। मालीवाल ने कहा कि उप राज्यपाल ने दिल्ली महिला आयोग में ठेके पर रखे गए सभी कर्मियों को हटा दिया है। आयोग में कुल 90 स्टाफ है जिसमें सिर्फ 8 लोग सरकार द्वारा दिए गए हैं, शेष कर्मचारी 3-3 माह के ठेके पर हैं। ठेके पर रखे सभी कर्मचारियों को हटा दिया जाएगा, तो महिला आयोग में ताला लग जाएगा।

### चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल आयोजित



**देहरादून।** उत्तराखंड में 10 मई से चारधाम यात्रा की शुरूआत होने वाली है, जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप देने में सभी सरकारी विभाग लगे हुए हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को बदलते मौसम में होने वाली आपदा की चुनौतियों से निपटने के लिए एनडीएमए और यूएसडीएमए ने संयुक्त रूप से सचिवालय परिसर में मॉक ड्रिल किया। मॉक ड्रिल का निरीक्षण करने के बाद मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि यात्रा को लेकर आपदा प्रबंधन को देखते हुए एनडीएमए और यूएसडीएमए की ओर से आयोजित टेबल टॉप एक्सरसाइज और मॉक ड्रिल का आयोजन सराहनीय प्रयास है। उन्होंने बताया कि इस ड्रिल का उद्देश्य चारधाम यात्रा की तैयारियों को पुख्ता करना है ताकि यात्रा में किसी तरह का व्यवधान नहीं आए और हादसों में जान-माल के नुकसान को कम से कम किया जा सके।

### एचडी रेवन्ना ने अग्रिम जमानत याचिका दायर की

**बेंगलुरु ।** पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के बेटे और जेडी(एस) विधायक एच.डी. रेवन्ना ने उनके घर पर काम करने वाली नौकरानी द्वारा दायर यौन उत्पीड़न के मामले में गुरुवार को सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की। एच.डी. रेवन्ना के बेटे और जेडी(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना का अश्लील वीडियो सामने आया है। इसमें महिला के यौन उत्पीड़न और उसके साथ मारपीट की बात से कर्नाटक के राजनीतिक हलके में तूफान आ गया है। एच.डी. रेवन्ना ने बेंगलुरु के सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। सूत्रों ने बताया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा गिरफ्तारी की आशंका के मद्देनजर यह याचिका दायर की गई है, हालांकि एफआईआर में लगाई गई धाराएं जमानती हैं। इस बीच, एसआईटी के अधिकारियों ने जज के समक्ष सीआरपीसी की धारा 164 के तहत पीड़िता का बयान दर्ज कराया है। होलेनरसीपुरा पुलिस ने 47 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर जेडीएस विधायक रेवन्ना और उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ आईपीसी की धारा 354(ए), (डी), 506 और 509 के तहत मामला दर्ज किया है। मामला एसआईटी को स्थानांतरित कर दिया गया है। इसमें प्रज्वल को आरोपी नंबर 2 बनाया गया है।

### इजरायल ने गाजा से गिरफ्तार 64 फिलिस्तीनियों को किया रिहा

**गाजा।** इजरायल ने गाजा पट्टी में सैन्य अभियानों के दौरान गिरफ्तार किए गए 64 फिलिस्तीनियों को गुरुवार को रिहा कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, प्राधिकरण ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली अधिकारियों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में केरेम शालोम क्रॉसिंग से 64 फिलिस्तीनियों को रिहा कर दिया, जिनमें एक मृत और एक गंभीर रूप से घायल था। फिलिस्तीनी मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, गाजा पट्टी में चल रहे इजरायली जमीनी ऑपरेशन के दौरान, इजरायली सेना ने सैकड़ों फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया था। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार रिहा किए गए कैदियों को उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जांच के लिए एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल ने गाजा में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला किया, जिसके दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए और 200 से अधिक को बंधक बना लिया गया। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, "गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों के परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर हताहत और क्षति हुई है और संघर्ष शुरू होने के बाद से फिलिस्तीनियों में मरने वालों की संख्या 34,000 से अधिक हो गई है।"

### रक्षा सचिव और इंडोनेशिया के रक्षा महासचिव करेंगे जेडीसीसी की सह-अध्यक्षता

**नई दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया के बीच सातवीं संयुक्त रक्षा सहयोग समिति (जेडीसीसी) की बैठक 3 मई को नई दिल्ली में होगी। इस बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव गिरिधर अरमने और इंडोनेशिया के रक्षा महासचिव एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डोनी एमार्वान टौफेंटो, एमडीएस करेंगे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, दोनों पक्ष साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने-अपने विचार रखेंगे। रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में बताया कि भारत-इंडोनेशिया मित्रता को 2018 में व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया था। इस मित्रता ने रक्षा उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि के क्षेत्र में नए सहयोग की अनुमति देने के लिए द्विपक्षीय संबंधों का दायरा बढ़ाया है। दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध इस बढ़ती साझेदारी के लिए एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। दोनों देशों के बीच रक्षा गतिविधियों में विविधता आई है। इनमें रक्षा सेवाओं के बीच व्यापक संपर्क, सैन्य आदान-प्रदान, उच्च-स्तरीय दौरे, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सहयोग, जहाज यात्राएं और द्विपक्षीय अभ्यास शामिल हैं।

## 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की हुई घोषणा

# सिमडेगा की सलीमा बनी कप्तान



**एजेंसी। नई दिल्ली**
हॉकी इंडिया ने गुरुवार को 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की जो एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में भाग लेगी। बेल्जियम चरण 22 मई से शुरू होकर 26 मई को समाप्त होगा, जबकि इंग्लैंड चरण 1 जून से शुरू होकर 9 जून को समाप्त होगा।

भारत दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, स्पेन, ग्रेट ब्रिटेन और जर्मनी के खिलाफ दो-दो बार खेलेगा, 22 मई को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा। भारत वर्तमान में आठ मैचों में आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है।

टीम की कमान कैप्टन सलीमा टेटे संभालेंगी, जिन्हें हाल ही में छठे हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 2023 में महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस बीच, मिडफील्डर नवनीत कौर को उनका डिप्टी बनाया गया है। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी सविता और बिचू देवी खारीबाम पर रहेगी, जबकि डिफेंसिव लाइन-अप में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री और महिमा चौधरी शामिल हैं। मिडफील्ड सेक्शन में सलीमा टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान और लालरेमसियामी जैसी गतिशील खिलाड़ी होंगी। फॉरवर्ड लाइन में मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनीलिता टोप्पो और दीपिका सोरेंग शामिल हैं। टीम के चयन और कप्तान के रूप में नियुक्त किए जाने पर बोलते हुए, गतिशील मिडफील्डर सलीमा टेटे ने कहा, मुझे खुशी है कि मुझे टीम का नेतृत्व करने के लिए नियुक्त किया गया है। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इस नई भूमिका के लिए उत्सुक हूं। हमारे पास एक मजबूत टीम है और इसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-2024 के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड लेग में, हम अपना मजबूत पैर आगे रखना चाहते हैं। हम शिविर में कठोर प्रशिक्षण ले रहे हैं। हमने उन क्षेत्रों पर काम किया है जहां हमें सुधार की जरूरत थी। मुझे यकीन है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अपने इच्छित परिणाम प्राप्त करेंगे। इस बीच, उप-कप्तान नवनीत कौर ने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम की उप-कप्तान के रूप में नामित होना अवास्तविक लगता है। मैं एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में इस टीम के साथ जुड़ने के लिए काफी उत्साहित हूं, जहां हम गुणवत्ता वाली टीमों से खेलेंगे। हमारे पास एक अच्छी टीम है और हमें विश्वास है कि हम प्रो लीग के यूरोप लेग में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मैं अपने खेल पर काम करने और सुधार करने के लिए भी उत्सुक हूं।

### भारतीय महिला टीम

- **गोलकीपर : सविता, बिछू देवी खारीबाम**
- **डिफेंडर : निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी**
- **मिडफील्डर : सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी**
- **फॉरवर्ड : मुमताज खान, संगीता कुमारी, पिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग**

# मुंबई के खिलाफ अपनी कमजोरियों से पार पाने उतरेगी केकेआर

मुंबई : खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी कमजोरियों से पार पाने के इरादे से उतरेगी। नौ मैचों में छह जीत के बाद 12 अंक लेकर केकेआर तालिका में दूसरे स्थान पर है और प्लेऑफ में उसकी जगह लगभग पक्की लग रही है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को हालांकि हर विभाग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके किसी तरह की कोताही से बचना होगा। केकेआर ने पिछले छह में से तीन मैच गंवाए हैं और पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके उसे हराया लेकिन फिर केकेआर ने वापसी करके दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से मात दी। बल्लेबाजी में अति आक्रामक रवैये का केकेआर को फायदा मिला है लेकिन गेंदबाजी में सुधार की गुंजाइश है।

**मुंबई इंडियंस :** रोहित शर्मा, इशान किशन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), नेहल वढेरा, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, गेराल्ड कोएत्जी, श्रेयस गोपाल, जसप्रित बुमरा एमआई इम्पैक्ट प्लेयरः नुवान तुषारा

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** फिल साल्ट (विकेटकीपर), सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, श्रेयस अय्यर (कप्तान), रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, मिशेल स्टार्क, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, वरुण चक्रवर्ती

# गुकेश ने विश्व रैंकिंग और रेटिंग में लंबी छलांग लगाई

**नई दिल्ली। चेन्नई**
युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने 2,763 की ईएलओ रेटिंग के साथ विश्व के टॉप-10 शतरंज खिलाड़ियों के क्लब में प्रवेश किया है। गुकेश, जो अब ओपन वर्ग में छठे स्थान पर हैं। 2,762 की रेटिंग के साथ सातवें स्थान पर मौजूद विश्व शतरंज चैंपियन चीनी जीएम डिंग लिरेन से आगे हैं। इससे भी दिलचस्प बात यह है कि एक अन्य भारतीय शतरंज सनसनी जीएम अर्जुन एरिगैसी 2,761 की रेटिंग के साथ दुनिया में आठवें स्थान पर हैं। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के अनुसार, हाल ही में कनाडा में संपन्न फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के बाद गुकेश को 20 अंक मिले। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के आधार पर,



गुकेश अब लिरेन के पास मौजूद विश्व खिताब के लिए चुनौती बन गए हैं। गुकेश के लिए अब छठे स्थान पर आना एक बड़ी छलांग थी क्योंकि कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से पहले वह 16वें स्थान पर थे। जीएम सुसान पोल्गर पूर्व महिला विश्व चैंपियन (1996-99) से जब गुकेश के विश्व चैंपियन बनने की संभावनाओं के बारे में पूछा तो उन्होंने आईएएनएस को बताया, मेरा मानना है कि गुकेश डिंग लिरेन के खिलाफ थोड़ा पसंदीदा होगा।

# दीपक चाहर की चोट अच्छी नहीं दिख रही : फ्लेमिंग



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के प्रमुख कोच स्टीवन फ़्लेमिंग ने कहा है कि तेज गेंदबाजों की कमी ने टीम का संतुलन बगाड़ दिया है। इस सीजन की शुरूआत में हल्की चोट की वजह से दो मैच नहीं खेलने वाले दीपक चाहर पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार को केवल दो गेंद करने के बाद फिर चोटिल हो गए और उनको मैदान से बाहर जाना पड़ा। शार्दुल ठाकुर ने उनका ओवर पूरा किया। चेन्नई पहले ही निगल की वजह से मथीशा पथिराना और बुखार के कारण तुषार देशपांडे के बिना खेल रही थी। फ़्लेमिंग ने उनकी चोट की प्रकृति के बारे में नहीं बताया लेकिन कहा कि शुरूआती संकेत अच्छे नहीं थे। पंजाब से सात विकेट से हारने के बाद फ़्लेमिंग ने कहा, हां यह यात्रा मुश्किल रही है। कई खिलाड़ी अंदर-बाहर हुए हैं। शुरूआती अहसास अच्छा नहीं था। जब फीजियो और डॉक्टर देखेंगे तो मैं और पॉजिटिव रिपोर्ट की उम्मीद कर रहा हूं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने के लिए पथिराना और महीश थीक्षणा भी वीजा के काम निपटाने की वजह से कोलंबो लौट गए हैं।

## जादुमणि, अजय चमके, चार भारतीय एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी के सेमीफाइनल में

**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** भारतीय मुक्केबाज मंडेंगबाम जादुमणि सिंह, निखिल, अजय कुमार और अंकुश ने यहां एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों के अंडर-22 सेमीफाइनल में प्रवेश करने के लिए गुरुवार को प्रभावशाली जीत दर्ज की। जादुमणि ने 51 किग्रा क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भूटान के फुंटशो किनले को 5-0 से हराकर भारत की बढ़त बना ली। निखिल (57 किग्रा) ने प्रभुत्व का समान प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान के बख्तियोरोव अयूबखोन पर 4-0 से जीत हासिल की और भारत की जीत की गति जारी रखी। अजय (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) ने रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट (आरएससी) के फैसले से अपने-अपने मुकाबले जीते। अजय ने पहले राउंड में ही मंगोलिया के डेमडिंडोर्ज पी के खिलाफ मुकाबला जीत लिया, जबकि अंकुश ने कोरिया के ली जू सांग के खिलाफ तीसरे राउंड में अपना मुकाबला समाप्त किया। इस बीच, आशीष पुरुषों के 54 ग्राम क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया के ओयुन एर्डीन ई के खिलाफ 2-3 से हार गए।

# पीसीबी ने ड्रॉफ्ट शेड्यूल में भारत के सभी मैच लाहौर में रखे

**एजेंसी। लाहौर**
2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) जो शेड्यूल तैयार कर रही है उसमें भारत को पूरे टूर्नामेंट के लिए एक ही शहर में रोका जा सकता है। पीसीबी वह हरसंभव प्रयास कर रही है, जिससे 17 साल में पहली बार भारतीय टीम का पाकिस्तान दौरा संभव हो सके। दो सप्ताह के टूर्नामेंट का आयोजन करने के लिए पीसीबी कराची, लाहौर और रावलपिंडी पर विचार कर रही है। ईएसपीएनक्रिकइंफो समझता है कि भारत के सभी मैच लाहौर में सकते हैं क्योंकि यहीं पर फाइनल भी खेला जाना है।

भारत को एक ही शहर में रोकने से सुरक्षा संबंधी चिंता को कम किया जा सकता है। लाहौर में होने से वाघा बॉर्डर भी पास पड़ेगा, जिससे कि भारतीय फैंस के लिए भी वहां जाना आसान होगा। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने इस सप्ताह की शुरूआत में कहा था कि उन्होंने एक ड्राफ़्ट बनाकर आईसीसी को भेज दिया है। ड्राफ़्ट पर पर चर्चा होनी बाकी है और सबसे अहम मुद्दा यही होगा कि क्या भारतीय टीम पाकिस्तान दौरे पर जाएगी या नहीं।



2008 में हुए एशिया कप के बाद से भारतीय टीम ने पाकिस्तान में नहीं खेला है। उसी साल हुए मुंबई हमले के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध लगातार खराब ही होते रहे हैं।

पिछले साल जब पाकिस्तान ने एशिया कप की मेजबानी की थी, तो उन्हें मजबूरी में हाइब्रिड मॉडल अपनाना पड़ा था। भारत ने अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे और इसमें पाकिस्तान के खिलाफ हुआ मैच भी शामिल था।

पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में अपने लिए पाकिस्तान ने भी हाइब्रिड मॉडल की मांग की थी, लेकिन इस पर कभी गंभीर चर्चा हुई ही नहीं।

# इंग्लैंड दौरे के लिए पाक टी20 टीम में हारिस राऊफ की हुई वापसी

**एजेंसी। लाहौर**
पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गुरुवार को आयरलैंड (10-14 मई तक) और इंग्लैंड (22-30 मई तक) के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए अपनी 18 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की, जिसमें तेज गेंदबाज हारिस राऊफ भी शामिल है। पीसीबी ने एक बयान में कहा, "आईसीसी की 24 मई की समय सीमा को पूरा करने के लिए 22 मई को लीड्स में पहले टी20 मैच के बाद अगले महीने होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए टीम को 15 खिलाड़ी तक कर दिया जाएगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच मैचों की टी20 सीरीज से पहले सफेद गेंद के कप्तान के रूप में बहाल होने के बाद बाबर आजम टीम का नेतृत्व करेंगे, जो पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद 2-2 के गतिरोध पर समाप्त हुआ। 18-खिलाड़ियों की टीम में ऑलराउंडर हसन अली और सलमान अली आगा के साथ सेट-अप में वापस बुलाया गया है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## जोमैटो को दो करोड़ रुपये का जीएसटी ब्याज और जुमार्ने के साथ भरने का आदेश



**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो को दिल्ली के बिक्री कर अधिकारी ने दो करोड़ रुपये से ज्यादा का वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), दो करोड़ से ज्यादा का ब्याज और जुमार्ना भरने का नया आदेश दिया है। आदेश में 2,22,91,376 रुपये के जीएसटी; 2,08,98,164 रुपये के ब्याज और 22,29,136 रुपये के जुमार्ने की मांग की गई है। यह वित्त वर्ष 2018-19 की अवधि के लिए है। जोमैटो ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया, जोमैटो को अप्रैल 2018 से मार्च 2019 की अवधि के लिए दिल्ली के वार्ड 300 के बिक्री कर अधिकारी से 2,08,98,164 रुपये के ब्याज और 22,29,136 रुपये के जुमार्ने के साथ 2,22,91,376 रुपये के जीएसटी की मांग प्राप्त हुई है। कंपनी ने बताया कि वह सक्षम अधिकारी के समक्ष इसके खिलाफ अपील करेगी। उसने कहा, हमें लगता है कि तथ्यों के आधार पर हमारे पास मजबूत मामला है और हम सक्षम अधिकारी के समक्ष इस आदेश के खिलाफ अपील दायर करेंगे। पिछले महीने भी जोमैटो को 11.81 करोड़ रुपये के जीएसटी और जुमार्ने का आदेश प्राप्त हुआ था। इसमें 5.9 करोड़ रुपये का जीएसटी और करीब इतना ही जुमार्ना शामिल है। यह जुलाई 2017 से मार्च 2021 की अवधि के लिए था।

## गिरीश मातृभूतम ने फ्रेशवर्क्स के सीईओ पद से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** गिरीश मातृभूतम ने फ्रेशवर्क्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी के प्रेसिडेंट डेनिस वुडसाइड फ्रेशवर्क्स के नए सीईओ होंगे। गिरीश मातृभूतम ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट में कहा, वह अपने करियर में एक नए अध्याय की घोषणा कर रहे हैं। उन्होंने कहा,मैंने फ्रेशवर्क्स के सीईओ के रूप में पद छोड़ने और कार्यकारी अध्यक्ष की भूमिका में परिवर्तन करने का फैसला लिया है। यह फैसला बिना सोचे विचारे नहीं लिया गया है। यह हमारी सामूहिक दृष्टि और हमारी कंपनी के भविष्य में गहरे विश्वास के साथ आया है। फ्रेशवर्क्स की स्थापना 14 साल पहले चेन्नई में एक छोटे स्टार्टअप के रूप में की गई थी। अब यह एक ग्लोबल सॉफ्टवेयर-एस-ए-सर्विस (सास) प्लेयर है और नैस्डैक पर सूचीबद्ध होने वाली पहली भारतीय सास कंपनी है। गिरीश मातृभूतम ने एक अलग मैसेज में कहा, हम दुनिया भर में 67 हजार से ज्यादा ग्राहकों के सच्चे दोस्त हैं। हमारे ग्लोबल 'कुदुम्बा' में अब 4 हजार 900 से अधिक प्रतिभाशाली सदस्य हैं। उन्होंने कहा,फ्रेशवर्क्स मेरे बच्चे की तरह है और समय के साथ मैंने इसे बढ़ते देखा है। गिरीश मातृभूतम के इस्तीफे की घोषणा के बाद, फ्रेशवर्क्स के शेयरों में लगभग 25 प्रतिशत की गिरावट आई। रिपोर्ट के अनुसार, मातृभूतम अब भारत में टीमों के साथ अधिक समय बिताने और वुडसाइड के विश्वसनीय सलाहकार बनने के लिए दीर्घकालिक उत्पाद दृष्टि और एआई पर फोकस करेगा। उन्होंने कहा, हमारा मिशन वही है, जो पहले था। हमारा भविष्य उज्ज्वल है। आगे का रास्ता असीमित संभावनाओं से भरा है और मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि वुडसाइड का नेतृत्व हमें कहां ले जाता है।

# सरकारी ऐप से करें यूपीआई पेमेंट, फ्री में ट्रांसफर होंगे पैसे

**एजेंसी। नई दिल्ली**
यूपीआई पेमेंट करते समय आपको कई चीजों का ध्यान रखना होता है। आज हम आपको ऐसी ऐप की जानकारी देने वाले हैं, जिसकी मदद से आप चुटकियों में पेमेंट कर सकते हैं। खास बात है कि ऐसा करने के लिए आपको कुछ स्पेशल करने की जरूरत नहीं होती है। आप घर बैठे मोबाइल में इसे इंस्टॉल कर सकते हैं और पैसे चुटकियों में ट्रांसफर भी हो जाएंगे। कई लोगों को ये ऐप काफी पसंद भी आ रही है।

**भीम यूपीआई**

मदद से आप आसानी से यूपीआई पेमेंट कर सकते हैं। इसके लिए आपको कुछ अलग से करने की जरूरत नहीं होती है। अगर आप भी इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं पले स्टोर से डाउनलोड करना होगा। एक बार डाउनलोड करने के बाद आप इसे आसानी से यूज कर सकते हैं। यहीं पर आपको स्कैन का भी ऑप्शन दिया जाता है।




QR Code पर आप पेमेंट करना चाहते हैं तो आपको ऐप में जाना होगा। इसका इस्तेमाल करने के बाद आप आसानी से पेमेंट कर पाएंगे। यानी एक प्रकार से आप इसे भी उसी प्रकार से इस्तेमाल कर सकते हैं, जैसे आप किसी अन्य ऐप को पेमेंट करने के लिए इस्तेमाल करते थे। इसके अलावा ये आपको बैंक ट्रांसफर का भी ऑप्शन देती है।

BHIM से ही आप बैंक में पैसे ट्रांसफर कर सकते हो। इसके लिए आपको बैंक अकाउंट ऐड करना होगा।

एक बार बैंक ऐड होने के बाद आपके लिए पैसे ट्रांसफर करने आसान हो जाते हैं। समय-समय पर ऐप में काफी बदलाव भी किए गए हैं। शुरूआत में इसमें कोई फीचर्स नहीं दिए जाते थे, लेकिन अब इसमें बदलाव करके कुछ फीचर्स को ऐड भी किया गया है। एक प्रकार से ये भी अन्य ऐप की तरह फुल यूपीआई पेमेंट ऐप ही बन चुकी है।

## रूसी तेल खरीदने से भारत के आयात बिल में 8 अरब डॉलर की हुई बचत

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दबाव के बावजूद रूस से सस्ता तेल खरीदना जारी रखने की भारत की रणनीति के परिणामस्वरूप वित्तवर्ष 2022-23 के पहले 11 महीनों के दौरान देश के तेल आयात बिल में लगभग 7.9 अरब डॉलर की बचत हुई है। इससे देश को चालू खाता घाटा कम करने में भी मदद मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मॉस्को के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद रूस के साथ अपने संबंध बनाए रखने के लिए दृढ़ है। व्यापार ट्रैकिंग एजेंसियों केप्लर और एलएसईजी द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, इस साल अप्रैल के दौरान भारत ने एक महीने पहले की तुलना में अधिक रूसी तेल का आयात किया, लेकिन इराक और सऊदी अरब से कम आयात किया। आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल के दौरान आयात 13-17 प्रतिशत बढ़ गया। अप्रैल में रूस भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता रहा, उसके बाद इराक और सऊदी अरब रहे।

# फर्राटो डिसरप्टर इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल भारत में लॉन्च




**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय बाजार में एक नई इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल फराटी डिसरप्टर की एंट्री हो गई है। ओकाया ईवी के प्रीमियम ब्रैंड फराटी की इस पहली पेशकश को युवाओं की जरूरत का ध्यान रखते हुए लॉन्च किया गया है, जिसमें स्पोर्ट्स बाइक जैसा लुक, अच्छे-अच्छे फीचर्स और एलएफपी बैटरी के साथ ही 129 किलोमीटर की सिंगल चार्ज रेंज मिलती है। कंपनी का दावा है कि यह महज 25 पैसे में एक किलोमीटर चलने में सक्षम है और इसकी बैटरी की लाइफ साइकल 2000 चार्ज तक है। चलिए, आपको ओकाया ईवी की पहली प्रीमियम इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल फराटी डिसरप्टर के बारे में विस्तार से बताते हैं।

ओकाया ईवी के प्रीमियम ईवी ब्रैंड फराटी की पहली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल डिसरप्टर को 1,59,999 रुपये की एक्स शोरूम प्राइस में लॉन्च किया गया है। चूंकि, दिल्ली, चंडीगढ़, महाराष्ट्र और ओडिशा जैसे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स पर सब्सिडी मिल रही है, ऐसे में इन प्रदेशों में डिसरप्टर की कीमत कम है। दिल्ली में फराटी डिसरप्टर को महज 1.40 लाख रुपये में खरीद सकते हैं।

फराटी डिसरप्टर देखने में काफी जबरदस्त है। स्लिक डिजाइन और मॉडर्न एलिमेंट्स से यह बाइक काफी स्पोर्टी लगती है और इसमें पावर और स्टाइल का कॉम्बिनेशन मिलता है। इसमें एलईडी और हेलोजन लाइट्स सेटअप, फ्यूल टैंक डमी में एक्स्ट्रा स्टोरेज, अच्छी सीट, स्प्लिट सीट सेटअप जैसी बाही खूबियां दिख जाती हैं।

फीचर्स की बात करें तो फराटी डिसरप्टर इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल में अडवांस्ड ब्रेकिंग सिस्टम, टेलिस्कोपिक फ्रंट सस्पेंशन और रियर में मोनोशॉक सस्पेंशन, स्मार्ट कनेक्टिविटी, जियो फेंसिंग, अलॉय व्हील, 17 इंज के टायर्स, ईको-सिटी-स्पोर्ट्स जैसे 3 राइडिंग मोड्स, फाइंड माई स्कूटर, साउंड बॉक्स समेत और भी खूबियां हैं। फराटी डिसरप्टर इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल में 3.97 किलोवॉट पावर वाली एलएफपी बैटरी दी गई है। इसका इलेक्ट्रिक मोटर 6.37 'ह की पावर और 228 एनएम का पिक टॉर्क जेनरेट कर सकता है। डिसरप्टर की सिंगल चार्ज रेंज 129 किलोमीटर तक की है और टॉप स्पीड 95 किलोमीटर प्रति घंटा है। आप इसकी बैटरी को 5 घंटे में फुल चार्ज कर सकते हैं।

फराटी डिसरप्टर की बुकिंग शुरू है और पहले 1000 कस्टमर इसे महज 500 रुपये में बुक करा सकते हैं। डिलीवरी जल्द ही शुरू होगी और बड़े शहरों में सड़कों पर इसकी मौजूदगी आने वाले समय में दिखने लगेगी। ओकाया ईवी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर अंशुल गुप्ता ने फराटी डिसरप्टर लॉन्च कर इसे रिवॉल्यूशनरी प्रोडक्ट बताया, जो शहरों में स्पोर्टी लुक और अच्छे फीचर्स वाली इलेक्ट्रिक बाइकलवर्स की जरूरतें पूरी करने में सक्षम है।


# जबरदस्त फीचर से लैस है वनप्लस नॉर्ड सीई 4

**एजेंसी। नई दिल्ली**
बता दें कि पिछले साल ही वनप्लस नॉर्ड सीई4 लांच किया गया था, और इस फोन को इसका अपग्रेडेड वर्जन बताया जा रहा है। यह फोन दो वेरिएंट में लॉन्च किया गया है जिसमें 8GB रैम और 128GB स्टोरेज है, तो वहीं इसकी कीमत को 24,999 रखा गया है।

जबकि इसका दूसरा जो वेरिएंट है वह 8GB रैम और 256 जीबी स्टोरेज के साथ आ रहा है और इसकी कीमत आपको 26,999 रुपए चुकानी पड़ेगी। हालांकि इस फोन की बिक्री 4 अप्रैल 2024 से ही शुरू हो चुकी है और अभी भी यह मार्केट में फोन लगातार बना हुआ है।

इस फोन को अगर कलर के हिसाब से देखा जाए तो वनप्लस नॉर्ड सीई 4 को दो कलर वेरिएंट में मार्केट में उतारा गया जिसमें डार्क क्रोम और सेलडोन मार्बल कलर शामिल है। इस फोन का जो डिस्प्ले है वह पूरी तरीके से फुल एचडी प्लस और अमोलेड डिस्प्ले इसमें दिया गया है।

वहीं स्क्रीन की लंबाई की बात करें तो यह 6.7 इंच का इसका डिस्प्ले है जिसमें आपको 120 रिफ्रेश रेट सपोर्ट मिलता है। चिपसेट की बात करें तो इसमें क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 7 जेन 3 चिपसेट लगाया गया है।



वहीं अगर इस फोन के सबसे जरूरी और इसी क्यों हर फोन के सबसे महत्वपूर्ण पार्ट आजकल के समय में देखा जाए तो वह कैमरा है और इस फोन के कैमरे की बात करें तो इसमें डुअल रियर कैमरा का सेटअप दिया गया और इसका जो में कैमरा है वह 50 मेगापिक्सल का है।

इसके साथ ही इसमें आपको 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा वाइड कैमरा सेटअप भी दिया जा रहा है। यह फोन डक्र को सपोर्ट करता है। वहीं अगर सेल्फी कैमरा की बात करें तो इसमें आपको 16 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा मिल रहा है। इसके अलावा अगर फोन की बैटरी बैकअप की बात करें तो 5500एमएच की बैटरी इस फोन में दी गई है और इसके साथ ही फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करने के लिए 100W SuperVOOC फास्ट चार्जर भी आपको दिया जा रहा है। कंपनी का दावा है कि सिर्फ 15 मिनट में यह चार्जर आपके फोन को चार्ज कर देगा और यह पूरे दिन यानी की 24 घंटे आपको बैकअप देने में सक्षम है। इस फोन में 4 साल की बैट्री हेल्थ कंपनी दावा कर रही है।

वहीं 2 साल सॉफ्टवेयर अपडेट और 3 साल सिक्योरिटी अपडेट के साथ कंपनी फोन को लेकर आई है। इसके अलावा 100W SuperVOOC स्मार्टफोन में ड्यूल स्टीरियो स्पीकर भी दिया गया है और इसमें हाई रेजोल्यूशन ऑडियो सर्टिफिकेशन भी दिया जा रहा है। इस फोन में भी आपको यूएसबी टाइप सी चार्जिंग पोर्ट दिया गया है जो आजकल आमतौर पर सभी फोन में दिया जा रहा है।

## एक नजर

### बाइक से गिरकर युवक घायल अस्पताल में भर्ती

**हुसैनाबाद।** जपला पथरा मुख्य सड़क के लंगरकोट गांव के समीप बुधवार की रात्रि बाइक से गिर कर संजय चौधरी नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल अवस्था में उक्त युवक को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्रारंभिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता हैं कि पुलिस के डर से वह बाइक तेज गति से लेकर भागने के कारण बाइक से गिर गया।

### आपसी विवाद में मारपीट, दोनों पक्षों के चार लोग घायल

**हुसैनाबाद ।** थाना क्षेत्र के एकौनी गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में चार लोग घायल हो गये। घायलों में प्रथम पक्ष के भोला यादव 50 और संतोष कुमार यादव उम्र 21, को चोट लगी है,वहीं घायलों में दूसरे पक्ष के गंगा यादव 35 वर्ष, लवकुश यादव 19 वर्ष का नाम शामिल है। चारों घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। इस घटना की जानकारी दोनों पक्षों के द्वारा थाना को दे दी गई हैं।पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही हैं।

### बिहार ले जाई जा रही 384 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

**इटखोरी (चतरा)।** पुलिस ने इटखोरी थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर 16 पेटी अवैध शराब जब्त किया। पुलिस टीम ने छापेमारी कर बंगाल नम्बर एक स्काई ब्लू रंग की हुंडई सेंट्रो कार से 384 बोतल अवैध शराब बरामद किया। बरामद शराब में मैकडॉवेल, स्टर्लिंग रिजर्व और रॉयल स्टैग की बंद बोतलें शामिल हैं। साथ एंड्रॉइड मोबाइल और सेंट्रो कार को जब्त किया गया है। छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक रोहित कुमार रजवार आदि शामिल थे।

# स्वास्थ्य विभाग ने तैयार की लोस चुनाव के लिए मेडिकल प्लान की रूपरेखा








**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के स्वास्थ्य विभाग ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपनी मेडिकल प्लान के रूपरेखा तैयार कर ली है ।यह मेडिकल प्लान पूरी तरह से चिकित्सीय सुविधा को बिना किसी देर के पहुंचाई जाने की है। यह मेडिकल सुविधा मतदान कर्मी, मतदाता, सुरक्षा कर्मी, मजिस्ट्रेट, गाड़ियों के चालक इत्यादि सबों के लिए एक समान है। पलामू के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि प्रत्येक 9 बूथ पर हमारे जिले में एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर है। यानी हर 9वे बूथ पर यह एक बड़ी स्वास्थ्य केंद्र है। जिसे पहले हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर से जाना जाता था, पर अब यही हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर आयुष्मान आरोग्य केंद्र है। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि हर 9 बूथ पर हमारा यह आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य सुविधा उत्तम कोटि की है। यानी यहां मांसपेशी में सुई देने, नस में सुई देने, पानी के चढ़ाने और यदि गंभीर अवस्था है तो ऑक्सीजन देने तक की सुविधा उपलब्ध है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में निश्चित रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और एएनएम मौजूद रहेगी। श्री अनिल कुमार ने बताया कि यह व्यवस्था हर 9वे बूथ पर है। लेकिन हर एक बूथ पर एक स्वास्थ्य कर्मी हर हाल में मौजूद रहेंगे जिनके पास 12 तरह की दवाइयां की अच्छी खासी मात्रा होगी। जिसे वह मतदान कर्मी, मतदाता ,सुरक्षाकर्मी, इत्यादि सबों के लिए एक सामान उपलब्ध रहेगी। यदि उनकी कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होगी। सिविल सर्जन ने पुनः यह बात को जोर दे कर कहा कि हमारे हर एक बूथ पर स्वास्थ्य कर्मी होंगे जिनके पास 12 दवाइयां की ढेर सारी मात्रा होगी लेकिन हर 9वे बूथ के पास मेरा आयुष्मान आरोग्य मंदिर होगा हम बूथ पर दवाइयां को पानी से खिलाने की व्यवस्था किए हुए हैं। सिविल सर्जन ने ये भी जानकारी दी कि पलामू जिले में 35 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जहां पर उन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी आवश्यक रूप से रहेंगे ,स्वास्थ्य कर्मी भी रहेंगे और इनके पास एंबुलेंस की भी उपलब्धता रहेगी।

## पीएम नरेंद्र मोदी की चुनावी जनसभा होगी ऐतिहासिक : अमित तिवारी

### चार मई को चियांकी हवाई अड्डे पर होगी चुनावी जनसभा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार मई को पलामू चुनावी दौरे पर आ रहें है। इसकी तैयारी पूरी जोश के साथ किया जा रहा है। उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी ने शहर के रिद्धि सिद्धि होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। उन्होंने कहा की श्री नरेन्द्र मोदी चार मई को चियांकी हवाई अड्डे पर एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिये भाजपा परिवार पलामू लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांवों में जाकर लोगों को आमंत्रित करने का काम कर रही है। हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी अविनाश बर्मा ने कहा की देश की जनता विकास के नाम पर तीसरी बार श्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनते देखना चाहती है। हुसैनाबाद विधान सभा से भाजपा प्रत्याशी वीडी राम भारी मतों से आगे रहेंगे। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमीति सदस्य बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि विधानसभा के भाजपा कार्यकर्त्ता पूरी ताकत के साथ लगे हुये है। इस बार हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से रिकार्ड मत मिलेगा। और पिछली बार से अधिक मतों से पलामू लोकसभा सीट से वीडी राम चुनाव जीतेंगे।

## प्रशासन व्यवसायियों को दे सुरक्षा की गारंटी : आनंद शंकर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने आज एक बैठक कर जिले में बढ़ते अपराधिक घटना, व्यवसाईयों की हत्या एवं बढ़ रहे गोली चालन कर व्यवसाईयों को भयभीत करते हुए पैसा भयदोहन करने की घटना की निंदा की है ' श्री शंकर ने कल की घटना संतोष गुप्ता, छतरपुर पर गोली चालन की विशेष निंदा करते हुए कहा इन दिनों हरिहरगंज एवं छतरपुर में व्यवसाईयों पर हत्या और गोली चालन की घटना आम होते जा रही फिर भी प्रशासन मौन है ,ना उद्वेदन कर पा रही नाही क्राइम को कंट्रोल ' चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा अगर यही स्थिति बनी रही और क्रिमिनल पकड़े नहीं जाएंगे, अपराध नहीं रुका तो मैं 15 तारीख के बाद स्वयं एवं फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर की टीम को लेकर हरिहरगंज एवं छतरपुर जाऊंगा और सभी व्यवसाईयों से मिलकर वहां के व्यवसाईयों से कहूंगा अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बंद करते हुए प्रतिष्ठानों की चाबी उपयुक्त पलामू को सौंप दें जब लॉ एंड ऑर्डर सुधर जाएगा तब हम व्यवसाइ अपनी प्रतिष्ठानों को खोलेंगे ' श्री शंकर ने आरक्षी अधीक्षक पलामू से मांग की है क्रिमिनल्स को 15 तारीख तक अवश्य पड़कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें ' व्यवसाईयों पर अपराध चेंबर बर्दाश्त नहीं करेगा अगर हम व्यवसाइ टैक्स देते हैं तो सरकार एवं प्रशासन को व्यवसाईयों की सुरक्षा की गारंटी देनी होगी ' श्री शंकर ने कहा रघुवर राज में यही प्रशासनिक पदाधिकारी थे।

## चलंत लोक अदालत जिले में मील का पत्थर साबित होगी : एलएडीसी चीफ

### अब न्याय आपके द्वार पहुंचा है : डिप्टी चीफ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सतबरवा चलंत लोक अदालत जिले में मिल का पथर साबित होगा। समाज के अंतिम ब्यक्ति तक पहुचकर उनकी समस्याओं से रूबरू होना व समस्या का निदान करना ही चलंत लोक अदालत का मुख्य उदेश्य है। उक बाते लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह ने कही। वे बुधवार को सतबरवा बाजार टाँड़ में चलंत लोक अदालत में बोल रहे थे। उन्होंने कहा न्याय सबके लिए जरूरी है। अब कोई भी ब्यक्ति न्याय से बंचित नही रहेगा। इस मौके पर एल ए डी सी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि न्याय लोगो के द्वार पर मिल रहा है। कोई भी ब्यक्ति चलंत लोक अदालत में अपनी समस्या रख सकता हैं। उन्होंने कहा कि न्याय पाने में अब गरीबी बाधक नही बनेगा। आपको केस लड़ने के लिए मुफ्त वकील का ब्यवस्था है।

## वास्तव में देश का संचालन मजदूर और किसान करते हैं : केडी सिंह

### इप्टा ने नुक्कड़ सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** देश को संचालित करने वाला ना तो प्रधानमंत्री होता है ना ही कोई अफसर। वास्तव में देश का संचालन मजदूर और किसान करते हैं। पहले कहा जाता था दिल्ली बहुत दूर है, लेकिन कोविड के वक्त जब सरकार ने लॉकडाउन कर दिया था तो मजदूरों ने पैदल चलकर यह साबित कर दिया कि दिल्ली दूर नहीं है। उस लॉकडाउन में किसान अपने खेत में काम करते रहे और लोगों तक दूध, सब्जी, और अनाज पहुंचाते रहे। परंतु सरकार उनके हक में जो भी कानून थे उसे कमजोर करती रही। उनके अधिकारों को कम कर दिया गया।

## अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन

**सिमरिया (चतरा)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश शंभू लाल साव के आदेश अनुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तारकेश्वर दास के निर्देशन में कानूनी सहायता केंद्र सिमरिया के सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के बगरा मेला टाड में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद एवं रंजन कुमार मिश्रा के द्वारा लोगों को इस वर्ष के मजदूर दिवस की थीम जलवायु परिवर्तन के बीच काम की जगह पर श्रमिकों के स्वास्थय और सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। बताया गया इसके अलावा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को मिलने वाली सुविधाऔं के बारे में भी जानकारी दी गई।

## सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों को जागरूक करना चलंत लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य : पीडीजे



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगो को कानून के प्रति जागरूकता लाना ही चलंत लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है ।उक्त बातें पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने बुधवार को झालसा के निदेर्शानुसार जस्टिस ऑन ह्वील न्याय रथ कार्यक्रम का उदघाटन हरी झंडी दिखाकर किया। बिदित हो कि न्याय रथ चलन्त लोक अदालत का आयोजन पलामू जिले में एक मई से 31 मई 2024 तक निर्धारित की गई हैं। न्याय रथ को बुधवार को विधिवत हरा झंडा दिखाकर पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव, जिला न्यायाधीश प्रथम विनोद कुमार सिंह, आदि ने सतबरवा प्रखंड के लिए रवाना किया। पीडीजे ने कहा कि आमलोग न्याय रथ के माध्यम से भी आवेदन देकर अपनी समस्या जिला बिधिक सेवा प्राधिकार तक पहुंचा सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि न्याय रथ के माध्यम से पलामू में एक मई से 31 मई तक विभिन्न प्रखंडो में घूम घूम कर जनता के छोटे मोटे कानूनी समस्या का निवारण की जाएगी। जरूरत मन्द का आवेदन लेकर उचित माध्यम से समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चलंत वाहन के माध्यम से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र के गांवों व कस्बो में पहुचकर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम चलाने व विभिन्न मामलो के निष्पादन के दिशा में कार्य किया जाएगा। लोगो से उनकी समस्याओं से सम्बंधित आवेदन लिया जाएगा ।इस बीच जागरूकता सम्बंधित पम्पलेट का भी बितरण किया जाएगा। चलंत वाहन के माध्यम से सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों से जुड़ाव बढेगा। उन्होंने बताया कि न्याय रथ के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार से चलाए जा रहे कार्यक्रम, के अलावे मिलने वाली सुबिधा की भी जानकारी दिया जाएगा ।उन्होंने कहा कि चलंत वाहन में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता, पीएलभी के अलावे एनजीओ से जुड़े लोग रहेंगे ।इस मौके पर डीजे अभिमन्यु कुमार,प्रेम नाथ पाण्डे, शंकर महाराज, स्वेता ढींगरा, ऐसा खान, सीजेएम आनंद सिंह, सन्दीप निशित बारा, शिखा अग्रवाल, अमित गुप्ता, निशिकांत, परमानंद उपाध्याय, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, महासचिव अजय कुमार पांडेय कोषाध्यक्ष जय किशोर पाठक, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, पीएलभी मुनेश्वर राम, सुचिता एक्का, नई दिशाएं के सचिव इंदु लेखा भगत, अधिवक्ता संजय कुमार पांडेय, प्रकाश रंजन, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पहुंचे पत्थलगड़ा, कहा

## विकसित भारत बनाने के लिए लोस प्रत्याशी कालीचरण को विजयी बनाएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में गुरुवार को जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित लालू खेल मैदान में आयोजित जनसभा में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल हुवे। जन सभा में उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए चतरा लोकसभा क्षेत्र के स्थानीय लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से विजयी बनाकर विकसित भारत संकल्प में अपना अहम योगदान दें। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने जो 60 साल में नहीं किया, वह मोदी ने 10 वर्षों में कर दिखाया है। इतना ही नहीं भ्रष्टाचार मुक्त भारत ही नहीं, झारखंड में भी डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील की। साथ ही कहा कि विपक्ष कहता है कि लोकतंत्र खतरे में है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। सिर्फ विपक्ष का नींद हराम हो गया है उनकी पार्टी खतरे में है, जिससे उसका मनोबल गिरता चला जा रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### रामघाट सूर्य मंदिर के परिसर में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति की हुई बैठक



**सतबरवा ।** रामघाट सूर्य मंदिर के प्रांगण में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार की व संचालन श्रवण प्रसाद ने किया। बैठक में सर्वसम्मिति से रामघाट में होने वाले श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ जो होना था। अब वह कड़ी धूप एवं लहर को देखते हुए निर्णय लिया गया की यज्ञ का कार्यक्रम में पहले 4 मई 2024 से 8 मई 2024 तक होना था। जिसे समय को परिवर्तन कर गंगा दशहरा के समय में 16 जून से 20 जून 2024 तक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संतोष प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, ददन प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, वीरेंद्र प्रजापति, संतोष प्रजापति, महेंद्र सिंह के साथ समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### राष्ट्र निर्माण में मजदूरों का योगदान अतुलनीय : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज बुधवार को संत मरियम स्कूल के कजरी प्रांगण में मजदूर दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने बस के चालक और सह चालक, भवन निर्माण सहित स्कूल के विभिन्न कार्यों में संलग्न सभी श्रमिकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया साथ ही सबसे पुराने और स्कूल के दमदार सिपाही को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।अविनाश देव ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र की उन्नति में श्रमिकों का योगदान अतुल्यनीय है। दैनिक दिनचर्या से लेकर सभी वस्तुओं के निर्माण में संलग्न सभी श्रमिक राष्ट्र निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका निभा रहे हैं।

### सर्वांगीण विकास का केंद्र समृद्धि की पाठशाला



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित निःशुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला जहाँ टीम का जज्बा और परिश्रम ही पूंजी है। निःशुल्क सिर्फ बच्चे ही नहीं पढ़ते हैं बच्चों को शिक्षा देने वाले भी निःस्वार्थ रूप से समाज के प्रति समर्पित हैं। बच्चों को नैतिक शिक्षा के साथ-साथ योग, खेलकूद , कला और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी आगे बढ़ाने की कोशिश में लगे रहते हैं। प्रारम्भिक दिनों में सबकुछ नहीं हो पाता था लेकिन मेदिनीनगर के नागरिकों का सराहनीय योगदान से बच्चों के लिए काफी सहायता मिल जाती है। प्रेम भसीन आलोक वर्मा मनोहर लाल स्वर्ण लता नवल तुल्स्यान जी जैसे अनेकानेक आदरणीय नागरिकों का सहयोग हमेशा मिलता है।

### इंटर साइंस में बेहतर प्रदर्शन करने वाले परीक्षार्थी सम्मानित



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज नदी रोड़ स्थित इनोवेटिव एंड स्मार्ट क्लासेस कोचिंग सेंटर में गुरुवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर जैक इंटर साइंस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया. संचालक इंजीनियर वाल्टर के द्वारा सफल परीक्षार्थियों को मोमेंटो व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. बता दें कि इंटर साइंस में मुस्कान ने 88.8 प्रतिशत (444) अंक लाकर प्रखंड में दूसरा स्थान लाकर संस्थान व क्षेत्र का नाम रोशन किया. जबकि सिम्पी कुमारी 87.2, पवन 87, सुहानी 86.8, विशाल 86.8, श्वेता 86.4, प्रीति 85.4, प्रिय रंजन 83.2, मुकुल 82.4 प्रतिशत लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया. मौके पर इंजीनियर संजीत कुमार, इंजीनियर अंकित पाठक, शिक्षिका प्रिया कुमारी, शबाना परवीन, पायल कुमारी, निधि कुमारी आदि मौजूद थें।

## पेज एक के शेष

### सनातन धर्म के सम्मान के...

लक्ष्य पर काम कर रही है, दूसरी तरफ घोटालेबाज और भ्रष्टाचारियों की फौज है। वहीं बुधवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हजारीबाग में कहा कि चुनाव आने पर कांग्रेस के लोग आते हैं, झूठ और लूट की कहानी कहते हैं। अफवाह फैलाने का काम करते हैं। इन लोगों ने सबसे ज्यादा समय तक देश और प्रदेश में राज किया है। उन्होंने कभी गरीब की परवाह नहीं की। कभी किसानों की परवाह नहीं की। कभी गांव की परवाह नहीं की। एक बार चुनाव जीत जाते हैं, दोबारा क्षेत्र में नहीं जाते हैं। वे झूठ का सहारा ले रहे हैं। कह रहे हैं कि एनडीए सरकार बनने पर संविधान बदल देंगे। जबकि ये खुद संविधान का अनादार करते रहे हैं।

### केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी...

वहीं रांची में सांसद संजय सेठ ने भी अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सीपी सिंह आदि मौजूद थे। वहीं गांडेय विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने भी गुरुवार को पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ अन्नपूर्णा देवी, यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत भाजपा के तमाम बड़े नेता मौजूद थे। इसके पूर्व एक मई हजारीबाग से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में नामांकन पर्चा दाखिल किया। माले के विनोद सिंह ने भी कोडरमा लोस सीट से सोमवार को नामांकन दाखिल किया।

### सीबीआई पर केंद्र का...

सरकार ने मामला दर्ज नहीं किया था बल्कि सीबीआई ने किया था और सीबीआई पर भारत सरकार का किसी भी तरह का कोई भी नियंत्रण नहीं है। बता दें कि 16 नवंबर 2018 को बंगाल सरकार ने सीबीआई को राज्य में जांच करने की मंजूरी वापस ले ली थी, जिसके तहत सीबीआई बंगाल में छापेमारी या जांच नहीं कर सकती।

## तृणमूल ने स्टार प्रचारकों की सूची से कुणाल घोष का नाम हटाया



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को पार्टी के राज्य महासचिव पद से हटाने के बाद गुरुवार को कुणाल घोष का नाम मौजूदा लोस चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची से हटा दिया। तृणमूल ने गुरुवार को भारत निर्वाचन आयोग को लोस चुनाव के आगामी चरणों के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची सौंपी, जिसमें घोष का नाम नहीं था। हालांकि, घोष का नाम लोस चुनाव के शुरूआती चरणों के लिए पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल था।

### राजनीतिक दलों के लिए चुनाव आयोग की एडवाइजरी जारी

# सर्वे की आड़ में वोटर्स की जानकारी लेना बंद करें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव लड़ रहे राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग ने एक एडवाइजरी जारी की है। आयोग ने जारी अपनी एडवाइजरी में सख्त हिदायत दी है कि वो सर्वे के नाम पर मतदाताओं से चुनाव के बाद फायदे वाले स्कीम से जुड़ा पंजीकरण कराना बंद करें। आयोग का मानना है कि ऐसे सर्वे से वोटिंग प्रभावित होती है।

चुनाव आयोग ने कहा है कि इस तरह की गतिविधियों को गंभीरता से लिया गया है। पार्टियां और उम्मीदवार सर्वे की आड़ में मतदाताओं का विवरण मांग रहे हैं। इसे तुरंत बंद कर देना चाहिए। आयोग ने कहा कि इसके जरिए मतदाताओं को पंजीकरण के लिए आमंत्रित किया जाता है जो एक तरह से प्रलोभन है। ऐसे मामले में चुनाव आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

**जिन गतिविधियों को तुरंत बंद करने का निर्देश दिया गया है वो इस प्रकार हैं**




- समाचार पत्रों में विज्ञापन के जरिए वोटर्स को मोबाइल पर मिस्ड कॉल देकर या टेलीफोन नंबर पर कॉल कर लाभ के लिए खुद को पंजीकृत करने के लिए कहना।
- गारंटी कार्डों के लिए पैम्फलेट द्वारा व्यक्तिगत लाभ चाहने वालों से उनका विवरण जैसे नाम, उम्र, पता, मोबाइल नंबर, बूथ संख्या, निर्वाचन क्षेत्र का नाम और संख्या आदि मांगना।
- मतदाताओं की जानकारी जैसे नाम, राशन कार्ड नंबर, पता, फोन नंबर, बूथ नंबर, बैंक खाता नंबर, मांगने वाले फॉर्म का वितरण कराना।
- वेब प्लेटफॉर्म या वेब/मोबाइल एप्लिकेशन का प्रचार या प्रसार का इस्तेमाल राजनीतिक दलों/उम्मीदवारों द्वारा करना और इसके जरिए मतदाताओं का विवरण जैसे नाम, पता, फोन नंबर, बूथ नंबर, निर्वाचन क्षेत्र का नाम और नंबर आदि मांगा जाना।
- लोगों से उन्हें मिल रही लाभकारी योजनाओं के साथ-साथ नाम, पति/पिता का नाम, संपर्क नंबर, पता आदि के बारे में जानकारी जुटाना।

## अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट भारतीय चुनाव में हस्तक्षेप : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी। नई दिल्ली**



विदेश मंत्रालय ने अमेरिका की ओर से जारी धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा कि यह भारत की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप है जो कभी सफल नहीं होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की वर्ष 2024 की रिपोर्ट पर यह कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह आयोग पक्षपातीसंगठन है जिसका अपना राजनीतिक एजेंडा है। यह वार्षिक रिपोर्ट के बहाने भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करता रहा है। हमें इस इस आयोग से यह उम्मीद नहीं है कि वह भारत के विविधतापूर्ण बहुलतावादी लोकतांत्रिक व्यवस्था को कभी समझने का प्रयास भी करेगा। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट दुनिया के सबसे बड़े चुनावी आयोजन में हस्तक्षेप की कोशिश है जो कभी सफल नहीं होगी। प्रवक्ता से जब यह पूछा गया कि क्या वह अमेरिका पर चुनाव में हस्ताक्षर करने का आरोप लगा रहे हैं तो उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट के हर पेज पर नजर डालने से स्थिति स्वयं स्पष्ट हो जाती है।

## भाजपा नेता लोगों की समस्या पर नहीं पाक-चीन की बातें करते हैं : प्रियंका गांधी

**एजेंसी। चिरमिरी**



छत्तीसगढ़ के कोरबा संसदीय क्षेत्र के चिरमिरी में कांग्रेस उम्मीदवार ज्योत्सना महंत के समर्थन में आयोजित जनसभा में पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता की समस्याओं की बजाय पाकिस्तान और चीन की बातें करते हैं। छत्तीसगढ़ की अस्मिता और सम्मान को बढ़ाने के लिए कांग्रेस की ओर से की गई कोशिश को भाजपा ने पसंद नहीं किया। वर्तमान दौर में किस तरह की राजनीति हो रही है और किस तरह के नेताओं को बढ़ाया जा रहा है, यह हमारे सामने है।

उन्होंने आगे कहा कि चिरमिरी सहित अन्य क्षेत्रों में खुशहाली आए इसीलिए कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण किया था। जिसकी वजह से हजारों लोगों को रोजगार मिला। वर्तमान में मजदूर विरोधी, किसान विरोधी राजनीति चल रही है। भाजपा नेता जाति की राजनीति करते हैं और बताते है कि देश में खुशहाली और अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। दुनिया के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के भारत आने की बात करते हैं। जनता की सबसे बड़ी समस्याओं की बात मंचों पर नहीं हो रही है। इन मंचों पर जो बात होती है, वह बड़े-बड़े इवेंट की होती है, कोई जी-20 बोलता है, कोई पाकिस्तान की बात करता है, कोई चीन की बात करता है। आप जिन संघर्षों से गुजर रहे हैं, उनकी बात नहीं होती।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा में दो तरह के नेता हैं। एक जो सबसे भ्रष्ट्र नेता हैं। उन सबको इकट्ठा करके अपनी पार्टी में ले लिया। जो दूसरी पार्टियो में भ्रष्ट थे, पहले उनके खिलाफ आरोप लगे और उन पर छापे मारे गए। उन पर दबाव डाला गया और अपनी पार्टी में ले लिया गया। जब उनकी पार्टी में आ गए तो वह पाक साफ हो गए। उनके खिलाफ कोई कार्रवाई और केस नहीं हुआ। सब चुपचाप से बंद किया गया। दूसरी तरफ वे नेता हैं, जो सिर्फ हवा-हवाई बातें करते हैं। जो आपकी बात नहीं करते। वो महंगाई की बात नहीं करेंगे, जो आपकी समस्याएं हैं।

# 'अब वोट जिहाद के लिए उकसा रहे कांग्रेसी'

### वोट जिहाद की बात कर लोकतंत्र और संविधान का अपमान किया

### तुष्टिकरण की नीति के तहत किसी कांग्रेसी ने इसका विरोध नहीं किया

**एजेंसी। वल्लभविद्यानगर**



भाजपा के शीर्ष नेता व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विपक्षी गठबंधन पर बाज की नजर बनाए हुए हैं। उनकी हर रणनीतिक गलती पर न सिर्फ जमकर प्रहार कर रहे हैं बल्कि इसे जनता के बीच लाकर जनबहस का मुद्दा भी बना रहे हैं। गुरुवार को गुजरात के आणंद में उन्होंने एक बार फिर कांग्रेस व इंडी गठबंधन के तुष्टीकरण की राजनीति और मानसिकता पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि ये लोग अब वोट जिहाद के लिए मुसलमानों को उकसा रहे हैं। इसके पहले तो आपने लव जिहाद और लैंड जिहाद सुना होगा लेकिन गठबंधन ने किसी भी तरह सत्ता पाने की छटपटाहट में नया शब्द गढ़ा है। इंडी गठबंधन मुसलमानों को एकजुट होकर वोट देने को कह रही है। यह जिहाद किसके खिलाफ होता है, आप सभी अच्छी तरह जानते हैं। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन ने लोकतंत्र के उत्सव में वोट जिहाद की बात कर लोकतंत्र और संविधान का अपमान किया है। कांग्रेस के एक भी नेता ने इसका विरोध नहीं किया है, उन्होंने इसकी मूक सहमति दी है। यह वोट जिहाद कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति को आगे बढ़ाती है।

### 1990 से पहले कांग्रेस ने ओबीसी के सभी प्रस्ताव ठुकराए

मोदी ने कहा कि 1990 से पहले कांग्रेस ने ओबीसी के लिए आए सभी प्रस्तावों को ठुकरा दिया। ओबीसी समाज अपने लिए ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने की मांग की लेकिन यह काम वर्ष 2014 के बाद ही हो पाया। इसी तरह कांग्रेस ने आदिवासी समाज की भी अवहेलना की है। अब जब उन्हें देश का काम सौंपा गया है तब उनका एक ही सपना है कि 2047 में जब भारत की आजादी का 100 वर्ष पूरा हो तो यह विकसित भारत होना चाहिए और अपना गुजरात भी विकसित होना चाहिए।

### कांग्रेस को दी तीन चुनौती

**पहली :** कांग्रेस देश को यह लिखित गारंटी दे कि वे संविधान बदल कर धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं देंगे। देश को बांटने का काम नहीं करेगी।

**दूसरी :** कांग्रेस देश को लिखित दे कि वह एससी, एसटी और ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण में सेंधमारी नहीं करेगी। उनका अधिकार नहीं छिनेगी, डाका नहीं डालेगी।

**तीसरी :** जिन जिन राज्यों में कांग्रेस और उनके साथियों की राजनीति है वे वोटबैंक की राजनीति नहीं करेंगे। वे ओबीसी का कोटा काटकर मुस्लिमों को आरक्षण नहीं देंगें।

### संविधान माथे पर रख नाचने वाले शहजादा दें जवाब

- क्या इस देश में 75 साल तक हिंदुस्तान के सभी हिस्सों पर यह संविधान लागू होता था?
- क्या मोदी के आने के पहले इस देश में दो संविधान, दो झंडे और दो पीएम नहीं थे?
- क्या कांग्रेस राज में जम्मू-कश्मीर में हिन्दुस्तान का संविधान लागू होता था?
- अनुच्छेद 370 की दीवार किसने बनाई थी?
- हमने 370 जमींदोज कर सरदार पटेल को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि दी है।
- 60 साल का कांग्रेस राज बनाम 10 साल भाजपा का सेवाकाल
- कांग्रेस के समय गरीब 60 प्रतिशत ग्रामीण आबादी के पास टॉयलेट नहीं था।
- 10 साल में भाजपा सरकार ने इस देश में शत-प्रतिशत टॉयलेट बना दिए।
- 60 साल में कांग्रेस 3 करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल यानी 20 प्रतिशत से कम घरों में पहुंचाई पाई।
- 10 साल में यह संख्या 14 करोड़ घर हो चुकी है। यानी 75 फीसदी घरों में नल से जल पहुंचा है।
- 60 साल में कांग्रेस ने गरीबों के नाम पर बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, लेकिन 60 साल में करोड़ों गरीब लोगों के बैंक खाते नहीं खोल पाई।
- मोदी ने 10 साल में 50 करोड़ से अधिक जनधन जीरो बैंलेंस से खाते खोले।
- कांग्रेस के पीएम अर्थशास्त्री थे, लेकिन गुजराती, चाय वाले ने देश की अर्थव्यवस्था 11वें से 5वें नंबर पर पहुंचा दिया।

## पीएम के 400 पार के आह्वान को सफल बनाएं : अनुप्रिया पटेल

### एनडीए के अगले कार्यकाल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनामी बनेगा भारत

**एजेंसी। मीरजापुर**



कछवा क्षेत्र के बाड़ापुर, चिड़िया, नारायनपुर तथा सबेसर गांव में भाजपा और अपना दल कार्यकर्ताओं की समन्वय बैठक में गुरुवार को केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 400 पार का आह्वान आप कार्यकर्ताओं के बल पर ही किया है। लक्ष्य जरूर बड़ा है परंतु इस लक्ष्य पर काम आप कार्यकर्ताओं को करना है। समन्वय बैठक में उन्होंने कहा कि 400 पार में उत्तर प्रदेश की बड़ी भूमिका है।

इसमें एक सीट मीरजापुर की भी है। अपना दल और भाजपा के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बनती है कि वोट प्रतिशत बढ़ाएं। आप सभी कार्यकर्ताओं के पास विकास के नाम पर बताने के लिए बहुत सी सामग्री है जैसे मीरजापुर में छह लेन के पुल का शिलान्यास, बरैनी-भटौली तथा चुनार गंगा पुल, मीरजापुर में कई पांटून पुल, मेडिकल कॉलेज, उज्वला योजना आदि।

एनडीए के अगले कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि लोगों के बीच में जाएं और सभी लोगों को बूथ तक पहुंचाकर अधिक से अधिक मतदान कराएं।

## दो चरण के चुनाव के बाद दूरबीन से भी नजर नहीं आ रही कांग्रेस : अमित शाह

**एजेंसी। बरेली**



गृह मंत्री अमित शाह ने बरेली से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि दो चरण के चुनाव के बाद कांग्रेस पार्टी दूरबीन से भी नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि हमारे सामने इंडी गठबंधन चुनाव लड़ रहा है। इनके शहजादे राहुल गांधी ने चुनाव की शुरूआत 'भारत जोड़ो यात्रा' से की थी, मगर, 4 जून के बाद 'कांग्रेस ढूंढ़ो यात्रा' से इनका समापन होने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि दस साल तक केंद्र में सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह की सरकार थी, जिन्होंने दस साल में यूपी को मात्र चार लाख करोड़ रुपए दिए थे। मोदी सरकार ने 10 साल में यूपी को 18 लाख करोड़ रुपए दिए हैं। सपा के शासन में पूरे उत्तर प्रदेश में देशी कट्टे बनाने के कारखाने थे। आज कट्टों की जगह, उत्तर प्रदेश में तोप और मिसाइल बनाने का कारखाना लगा, जो पाकिस्तान पर गोले बरसाएगा। उन्होंने कहा कि यहां पर वाहन चोरी का कुटीर उद्योग चलता था, आज भाजपा के शासन में वाहन बनाने का फैक्ट्रियां लग रही हैं। यहां के बेरोजगार युवा चेन स्नेचिंग कर रहे थे, आज यूपी में मेडिकल डिवाइस बन रही है। 2010 और 2012 में बरेली में भीषण दंगे हुए, लेकिन, कांग्रेस और सपा वाले बरेली वालों के साथ नहीं थे। 2017 में आपने भाजपा की सरकार बनाई और भाजपा ने योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाया। इतने कम समय के अंदर सीएम योगी ने यूपी को दंगामुक्त कर दिया। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को राम मंदिर के लिए निमंत्रण भेजा गया, लेकिन, इनमें से कोई नहीं गया। इनको डर था कि वहां जाएंगे तो वोट बैंक खिसक जाएगा। ये लोग हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं। मोदी सरकार ने बीते दस सालों में देश के गरीबों को आगे बढ़ाने का काम किया। 80 करोड़ गरीबों को प्रति व्यक्ति, प्रति माह मुफ्त राशन दिया जा रहा है। 12 करोड़ गरीब माताओं के लिए शौचालय बनाकर उनके सम्मान की रक्षा की जा रही हैं।

### भाजपा ने रायबरेली से दिनेश प्रताप, कैसरगंज से बृज भूषण की जगह बेटे करण भूषण को दिया टिकट



**नई दिल्ली।** भाजपा ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली और कैसरगंज लोकसभा क्षेत्रों से गुरुवार को अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। पार्टी ने रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह और कैसरगंज से सांसद बृज भूषण शरण सिंह की जगह उनके बेटे करण भूषण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। इन सीटों पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। दोनों सीटों पर नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 03 मई है। पांचवें चरण में रायबरेली, कैसरगंज, अमेठी समेत देशभर की 49 सीटों पर मतदान होगा।

### चिराग पासवान ने हाजीपुर और राजीव प्रताप रूडी ने सारण से भरा नामांकन पत्र



**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सारण से भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी तथा हाजीपुर से लोजपा (रामविलास) के प्रत्याशी चिराग पासवान ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन पत्र भरने के पहले दोनों नेताओं ने पूजा-अर्चना की। सारण लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी के नामांकन पत्र दाखिल करने के समय उनके साथ उनकी पत्नी और दोनों बेटी मौजूद थी। रूडी नामांकन पत्र भरने के पहले शिवालय गए और भगवान महादेव का आशीर्वाद लिया। इसके बाद एक रोड शो में शामिल हुए। पत्रकारों से चर्चा के दौरान रूडी ने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग संविधान बदलने की अफवाह फैलाकर वोट पाना चाह रहे हैं, जो सरासर गलत है। जनता सब जानती है। नामांकन के बाद राजेंद्र स्टेडियम में जनसभा हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई बड़े नेता शामिल हुए। सारण लोकसभा सीट पर पांचवें चरण के तहत 20 मई को मतदान होने वाला है। राजद ने इस सीट से रोहिणी आचार्य को मैदान में उतारा है। रोहिणी आचार्य अपना नामांकन पहले ही दाखिल कर चुकी हैं। रोहिणी आचार्य पहली बार चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रही हैं।

### कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से नवीन जिंदल ने पर्चा भरा, सीएम नायब सिंह सैनी रहे मौजूद



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल ने गुरुवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। नवीन जिंदल ने पर्चा दाखिल करने से पहले परिवार के सदस्यों के साथ पूजा, हवन व यज्ञ का आयोजन किया। इसके बाद वह नामांकन पत्र दाखिल करने रवाना हो गए। इस दौरान उनके साथ हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी भी थे।

### उमर ने बारामूला लोस सीट से पर्चा भरा



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को बारामूला लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उमर ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और समर्थकों के साथ बारामूला के जिला विकास आयुक्त के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

# देरी से मतदान के आंकड़े जारी करने पर तेजस्वी ने उठाए सवाल

**एजेंसी। पटना**



राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने देरी से मतदान के आंकड़े जारी किए जाने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पहले मतदान के आंकड़े रात 9 बजे तक आ जाया करते थे, लेकिन अब इसमें देरी हो रही है। यही नहीं, आंकड़ों में भी बार-बार फेरबदल किया जा रहा है, जिससे यह प्रतीत होता है कि दाल में जरूर कुछ काला है। उन्होंने आगे कहा, चुनाव अधिकारियों को इसे लेकर पूरी पारदर्शिता रखनी चाहिए कि कहां कितनी वोटिंग हुई है। पहले आंकड़े समय पर जारी कर दिए जाते थे, मगर अभी जिस तरह से देरी हो रही है, उससे कहीं ना कहीं गंभीर सवाल पैदा होते हैं। इसके अलावा, तेजस्वी ने पीएम मोदी पर महंगाई और बेरोजगारी को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, 2014 के चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री मोदी महंगाई और बेरोजगारी पर कितना बोलते थे, लेकिन अब वह बेरोजगारी का 'ब' तक नहीं बोल पा रहे हैं। पहले गैस सिलेंडर की क्या कीमत थी? और अब इसकी कीमत क्या है। पीएम मोदी नौकरी पर कुछ नहीं बोल रहे हैं। वो अब मुद्दाविहीन राजनीति करने पर उतारू हो चुके हैं।

### झूठ बोलना बंद करें तेजस्वी, नहीं तो करूंगा कानूनी कार्रवाई : चिराग पासवान

**हाजीपुर।** लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने राजद नेता तेजस्वी यादव को कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। चिराग पासवान ने गुरुवार को कहा कि तेजस्वी मेरे बारे में झूठा भ्रम फैलाना बंद कर दें। तेजस्वी यादव अपनी सभाओं में कहते हैं कि चिराग पासवान ने संपन्न दलितों का आरक्षण समाप्त करने की बात की है। उन्होंने तेजस्वी यादव को चुनौती देते हुए कहा कि मेरा यह बयान ऑन रिकॉर्ड मुझे दिखा दें और नहीं दिखा सकते हैं तो झूठ बोलना बंद कर दें, नहीं तो मुझे कोई न कोई कार्रवाई करनी पड़ेगी।

### उमेश कुशवाहा का तेजस्वी पर पलटवार, इन लोगों के पास कोई मुद्दा नहीं

**पटना।** जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने तेजस्वी यादव पर पलटवार किया है। उन्होंने गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जोड़ी को करिश्माई बताया। बीते दिनों तेजस्वी ने आरोप लगाया था कि आखिर नीतीश कुमार आरक्षण पर क्यों कुछ नहीं बोल रहे हैं? उमेश कुशवाहा ने तेजस्वी के इस आरोप पर कहा, नीतीश कुमार ही हैं, जिन्होंने जातिगत जनगणना कराने के अपने विचार को मूर्त रूप दिया और आरक्षण की सीमा बढ़ाया। कहा, इन लोगों के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए ये मुद्दाविहीन राजनीति कर रहे हैं।


KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com